# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 24 सितंबर 2025


### सोने-चांदी की कीमतों में उछाल जारी

## सोना नए शिखर पर पहुंचा



नई दिल्ली। फेड की ओर से ब्याज दरों में कटौती और वैश्विक संकेतों के चलते सोने-चांदी की कीमतों में उछाल का सिलसिला जारी है। राजधानी दिल्ली में मंगलावर को सोने की कीमत 2,700 रुपए की तेजी के साथ 1,18,900 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया।

### सुप्रीम कोर्ट का मध्य प्रदेश में 2022 की सिविल जज भर्ती को लेकर बड़ा फैसला

# मप्र सिविल जज भर्ती में अब नहीं चाहिए तीन साल का अनुभव, न एलएलबी में 70% अंक

**मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम, 1994 में 23 जून, 2023 को संशोधन किया गया था, ताकि राज्य में सिविल जज प्रवेश-स्तर की परीक्षा में बैठने के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य हो सके**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश में 2022 की सिविल जज भर्ती को लेकर बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को रद्द कर दिया जिसमें सिविल जज बनने के लिए तीन साल की वकालत का अनुभव या एलएलबी में 70% अंक होना जरूरी बताया गया था। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने इस फैसले को चुनौती देने वाली अपील को स्वीकार कर भर्ती को इन शर्तों के बिना आगे बढ़ाने की अनुमति दे दी है। मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम, 1994 में 23 जून, 2023 को संशोधन किया गया था, ताकि राज्य में सिविल जज प्रवेश-स्तर की परीक्षा में बैठने के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य हो सके। उच्च न्यायालय ने संशोधित नियमों को बरकरार रखा, लेकिन दो अचयनित उम्मीदवारों द्वारा संशोधित नियमों के लागू होने के बाद पात्र होने का दावा करने और कट-ऑफ की समीक्षा की मांग करने के बाद मुकदमेबाजी का एक और दौर शुरू हो गया।उच्च न्यायालय की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने तर्क दिया कि पुनर्परीक्षा असंवैधानिक और अव्यावहारिक है और इससे मुकदमेबाजी की बाढ़ आ जाएगी।

### मप्र में सार्वजनिक निजी भागीदारी से हेलिकॉप्टर सेवा संचालन को मिली कैबिनेट से मंजूरी

# 55 शहरों को तीन सेक्टरों में बांटकर शुरू होगी किफायती हेलिकॉप्टर सेवा



सीएम ने कहा कि इस सेवा का उद्देश्य प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों, राष्ट्रीय उद्यानों और पर्यटक स्थलों के मध्य निजी ऑपरेटर के सहयोग से किफायती एवं स्थायी हेलिकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने सार्वजनिक निजी भागीदारी के तहत निजी ऑपरेटर के सहयोग से राज्य के भीतर हेलिकॉप्टर सेवा संचालन की मंजूरी प्रदान की है। इसके तहत प्रदेश के जिलों को तीन सेक्टरों को विभाजित कर संचालन शुरू किया जाएगा।

पर्यटन विभाग ने साफ किया है कि संपूर्ण प्रदेश के हवाई अड्डों, हेलीपेड एवं हवाई पट्टियों के बीच निजी ऑपरेटर की ओर से चयनित स्थानों पर हेलिकॉप्टर सेवा प्रदाय की जाएगी। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन से लेकर सभी तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की योजना पर काम शुरू हुआ है।

यात्रियों, पर्यटकों व्यवसायियों निवेशकों एवं प्रदेश के रहवासियों का आवागमन सुगम होगा

इससे रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन होगा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय



आयुर्वेद दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी तीन सौगातें

### आयुष वेलनेस टूरिज्म के तहत पचमढ़ी में आयुष अस्पताल खुलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आयुर्वेद दिवस पर आयुष डॉक्टरों, प्रदेश के लोगों के साथ ही युवाओं के लिए तीन सौगातें दी। उन्होंने प्रदेशवासियों को 12 नए आयुष अस्पतालों की सौगात दी। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में न केवल देशभर से बल्कि पूरे विश्व से लोग आयुष वेलनेस टूरिज्म के लिए आएंगे। इनमें उज्जैन और खजुराहो में 50-50 बिस्तरों के दो अस्पताल और 10 जिलों में 10-10 बिस्तरों के अस्पताल खोले जाएंगे। इनमें पचमढ़ी, मंदसौर, अगर-मालवा समेत अन्य स्थान भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने दूसरी सौगात के तौर पर घोषणा की कि सभी चिकित्सा अधिकारियों को वरिष्ठ पदनाम देकर प्रथम श्रेणी का दर्जा दिया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की तरह आयुष विभाग में भी विशेषज्ञों और चिकित्सा अधिकारियों के लिए चयन वेतनमान (डीएसीपी) लागू होगा।

### आजम खान को जेल लेने पहुंचा काफिला

# 73 गाड़ियों का काटा चालान 1 लाख 49 हजार का जुर्माना

एजेंसी ⏭ सीतापुर

- करीब 23 महीने बाद मिली जेल से रिहाई

करीब 23 महीने जेल में बिताने के बाद सपा नेता आजम खान को रिहाई मिल गई। जैसे ही वह बाहर आए, तो उन्हें लेने के लिए 80 गाड़ियों में भारी-भरकम काफिले के साथ समर्थक पहुंचे। लेकिन इतनी ज्यादा गाड़ियों का एक साथ सड़क पर निकलना ट्रैफिक नियमों की नजर में सही नहीं था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 73 गाड़ियों का चालान कर दिया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर फरीद अहमद ने बताया कि इन गाड़ियों पर कुल 1 लाख 49 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं लखीमपुर खीरी से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जहां आजम खान के काफिले में सड़क सुरक्षा नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया गया। तेज रफ्तार कारों में सवार समर्थकों ने सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट किया। यह मामला लखीमपुर खीरी के मैगलगंज शाहजहांपुर मार्ग का बताया जा रहा है।

### लड़की का अपहरण ग्रामीणों ने बचाया

**धार।** मध्य प्रदेश के धार जिले से एक फिल्मी सीन जैसी घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। दिनदहाड़े गंधवानी बस स्टैंड इलाके से 12वीं कक्षा की छात्रा का अपहरण कर लिया गया। आरोपी बोलेरो से छात्रा को उठाकर ले गए, ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए 20 किमी तक पीछा किया। इस दौरान बोलेरो पलट गई, जिसके बाद छात्रा को छोड़कर भाग गए।

### नए फीचर से फालतू नोटिफिकेशन्स नहीं

**नई दिल्ली।** वॉट्सएप के यूजर के लिए कंपनी नए-नए फीचर्स पेश कर रही है। कंपनी जल्द ही एक फीचर लेकर आ रही है। कंपनी जल्द ही यूजर्स को ग्रुप बातचीत में 'एवरीवन' के मेंशन को भी म्यूट करने की सुविधा देने जा रही है। इस फीचर के आने से आपको बार-बार ग्रुप नोटिफिकेशन से परेशानी नहीं होगी। हालांकि यह फीचर अभी टेस्टिंग फेज में है।

### श्योपुर में खाद संकट किसानों ने लगाया जाम

**श्योपुर।** विजयपुर क्षेत्र के किसानों ने डीएपी खाद नहीं मिलने से नाराज होकर मंगलवार को क्वारी नदी पुल पर जाम लगा दिया। दरअसल आसपास के गांवों के किसान मंगलवार को डीएपी खाद लेने के लिए विजयपुर पहुंचे थे।







### गृहमंत्री शाह ने गुजरात में स्टार्टअप कॉन्क्लेव का किया उद्घाटन

# युवा 'नौकरी खोजने वाले से नौकरी देने वाला' बनें, निवेशक स्टार्टअप्स योजना को सहयोग दें

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में दो दिवसीय स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में देशभर से स्टार्टअप संस्थापकों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में अमित शाह के साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उच्च शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल भी मौजूद रहे। शाह ने युवाओं को 'नौकरी खोजने वाले से नौकरी देने वाला' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ते हुए बताया और निवेशकों से शुरुआती चरण के स्टार्टअप्स को सहयोग देने की अपील की। इस दौरान शाह ने कहा कि इसे बेरोजगारी में कमी आई है।

**170स्टार्टअप्स ने दिखाई नवाचार की ताकत**

**संस्थापक, निवेशक और नीति-निर्माता रहे मौजूद**

## अब तक 7.9 लाख लोगों को रोजगार दिया



गृहमंत्री शाह ने कहा कि देश के स्टार्टअप्स ने अब तक लगभग 17.9 लाख लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि 48 प्रतिशत नए स्टार्टअप्स महिलाओं द्वारा स्थापित किए गए हैं, जो इस क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक मजबूती को दर्शाता है। शाह ने कहा कि स्टार्टअप कॉन्क्लेव भारत के ज्ञान और नवाचार को रोजगार और कारोबार में बदलने का मंच है। निवेशक अगर स्टार्टअप्स को सहयोग देंगे तो आने वाले समय में यही स्टार्टअप्स निवेशकों को बड़ा बनाएंगे।

### 7 विषयगत सत्र आयोजित किए

2दिन चलने वाले इस कार्यक्रम में 170 से अधिक स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट्स और सेवाओं का प्रदर्शन किया है। इसमें तकनीक, स्वास्थ्य, एग्रीटेक, फिनटेक और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। कॉन्क्लेव में प्रोटोटाइप और डेमो प्रदर्शनी, उद्योग विशेषज्ञों और संस्थापकों की राउंड-टेबल चर्चा और सात विषयगत सत्र आयोजित किए गए हैं, जिनका फोकस नवाचार को बढ़ाना, वित्तीय मॉडल और विश्वविद्यालय-उद्योग साझेदारी को मजबूत करना है।

**आयोजकों ने**

### ठोस नीतिगत सुझाव बनाएंगे, प्लेटफॉर्म लॉन्च

आयोजकों ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकार के लिए ठोस नीतिगत सुझाव तैयार करना और एक मैचमेकिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च करना है, जिससे स्टार्टअप्स को निवेशकों और प्रोक्योरमेंट अवसरों से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम का वास्तविक असर तभी दिखेगा जब यह सिर्फ विचार-विमर्श तक सीमित न रहकर ठोस निवेश प्रतिबद्धताओं, सरकारी साझेदारों के साथ पायलट प्रोजेक्ट्स और आसान नीतिगत बदलावों का मार्ग प्रशस्त करेगा। कई संस्थापकों की उम्मीद है कि यह मंच उन्हें फंडिंग, ग्राहक और अनुबंध उपलब्ध कराकर उनके विचारों को कॉन्सेप्ट से वास्तविक कारोबार में बदलने में मदद करेगा।

### विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं को नौकरी में छूट दें

**नई दिल्ली।** विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के लिए ग्रुप सी और डी की नौकरियों में छूट की मांग की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार किया है। केंद्र की नौकरियों की भर्ती के लिए छूट की थी। सुनवाई से इनकार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिककर्ता से पूछा कि हमें इसमें हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए?

### जुबीन गर्ग का अंतिम संस्कार, सीएम भी पहुंचे

**गुवाहाटी।** बॉलीवुड के फेमस सिंगर और सांस्कृतिक धरोहर जुबीन गर्ग के निधन ने पूरे प्रदेश को शोक में डुबो दिया है। लाखों की भीड़ सिंगर सुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ी थी। असम के सीएम हेमंत बिस्वा शर्मा भी अंतिम संस्कार में पहुंचे थे।

आवास पर मिली थीं करोड़ों की जली नोटों की गड्डियां

# नकदी के मामले में समिति की मदद करेंगे 2 वकील, सलाहकार नियुक्त

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज



**सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति को हटाने की सिफारिश की थी**

इससे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को कहा था कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने की सिफारिश करने वाली आंतरिक जांच प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। जस्टिस वर्मा के आवासीय परिसर में आग लगने के बाद जले हुए नोट मिले थे। उस समय वे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच तेज हो गई है। नकदी मामले की जांच कर रही समिति की मदद के लिए 2 वकीलों को नामित किया गया है। समिति की सहायता के लिए रोहन सिंह और समीक्षा दुआ को सलाहकार नियुक्त किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए राजनीतिक दलों का नोटिस स्वीकार किया था। 14 मार्च को वर्मा के सरकारी आवास पर नोटों की जली हुई गड्डियां पाई गई थीं। बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बीवी आचार्य की एक समिति गठित की थी। अब समिति की मदद के लिए दो वकीलों की नियुक्ति की गई है।

**पीएम का आपत्तिजनक फोटो शेयर किया**

## भड़के भाजपाइयों ने सरे बाजार कांग्रेस नेता को पहनाई साड़ी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फर्जी फोटो शेयर करने को लेकर जमकर बवाल हुआ। खबर है कि फोटो शेयर करने वाले कांग्रेस नेता को भाजपा के नेताओं ने साड़ी पहना दी। इसके सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस के आरोप हैं कि अगर पोस्ट से आपत्ति थी, तो इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज कराई जानी चाहिए थी। 73 साल के कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश 'मामा' पगारे ने सोशल मीडिया पर पीएम की एक मॉर्फ्ड फोटो शेयर कर दी थी, जिसमें वे साड़ी में नजर आ रहे थे। भाजपा नेताओं का कहना है कि पोस्ट में एक अपमानजनक गाना भी डाला गया था। इस पोस्ट के सामने आते ही भाजपा नेताओं का गुस्सा भड़क उठा। पगारे को कथित तौर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुलाया और साड़ी पहनाई। कुछ लोग एक शख्स के हाथ पकड़कर खड़े हुए हैं और उसे साड़ी पहना रहे हैं। खबर है कि प्रदर्शन की अगुवाई नंदू परब कर रहे थे।

**सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी**

## कोर्ट वसूली के लिए रिकवरी एजेंट नहीं, 'इन्हें' आपराधिक न बनाएं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को रिकवरी एजेंट की तरह काम करने से सख्त मना किया है। कोर्ट का कहना है कि दीवानी मामलों को आपराधिक केस में बदलने की प्रक्रिया कम होनी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह ने कहा कि पैसे वसूलने के लिए किसी को गिरफ्तार करने का ट्रेंड आजकल आम हो गया है। पैसे की रिकवरी के लिए कई लोग आपराधिक मामले दर्ज करवा देते हैं । यह सुनवाई उत्तर प्रदेश में बढ़ते आपराधिक मामलों के संदर्भ में की थी। एक मामले में पैसे की वसूली के लिए व्यक्ति के खिलाफ किडनैपिंग का मामला दर्ज कर दिया गया था।

**यूपी सरकार ने बताई पुलिस की दुविधा**

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने उत्तर प्रदेश सरकार का पक्ष रखा। उनका कहना है कि ऐसे मामलों में पुलिस बीच में फंस जाती है। अगर दीवानी मामलों में पुलिस केस दर्ज नहीं करती है, तो अदालत से फटकार सुनने को मिलती है।

# मराठवाड़ा में गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसे हालात बने, यहां बांध हो गए लबालब

### महाराष्ट्र और बंगाल में बारिश से हाहाकार

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड़ जिलों में मंगलवार को भारी बारिश और बांधों से पानी छोड़ने के कारण गोदावरी नदी के किनारे बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। धाराशिव जिला पहले से ही बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहा है और मराठवाड़ा के 129 राजस्व इलाकों में पिछले चौबीस घंटों में बहुत ज्यादा बारिश हुई है। कुछ इलाकों में ऐसा लगा जैसे बादल फट गए हों। उन्होंने बताया कि दोनों बांध लगभग पूरी तरह भरे हुए थे और वहां से पानी छोड़ा जा रहा था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष मंत्री शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार को उन किसानों की जल्द से जल्द मदद करनी चाहिए।





**कोलकाता में मूसलाधार बारिश से सड़कों पर तीन फीट तक भरा पानी**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता और इसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार देर रात से जारी मूसलाधार बारिश की वजह से मंगलवार को आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

### चौधरी ने पीके को 100 करोड़ का नोटिस भेजा

**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को 100 करोड़ के मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री ने पीके पर गलत बयानी करने और उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अपने आरोपों के लिए क्षमा मांगें, नहीं तो वह उनके उनके खिलाफ कोर्ट जाएंगे।



### 2 की फांसी को उम्रकैद में बदला,1 को किया बरी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के बहुचर्चित 4 साल के युग हत्या मामले में बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने मामले में तीन दोषियों को मृत्यु दंड दिए जाने के जिला अदालत के फैसले को पलटते हुए 2 को उम्रकैद में बदलने का फैसला सुनाया है। एक को बरी कर दिया है। पहले फैसला सुरक्षित रख लिया था।



**राहुल का सरकार पर फिर हमला**

## वोट चोरी, बेरोजगारी एक-दूसरे से जुड़े, अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे युवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक देश में चुनाव ईमानदारी से नहीं होंगे और वोट चोरी होती रहेगी, तब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ेगा। राहुल ने एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए लिखा कि आज के समय में भारत के युवाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और यह सीधे-सीधे वोट चोरी से जुड़ी हुई है।



जबलपुर
बुधवार, 24 सितंबर 2025
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-3
वर्ष : 20, अंक : 148
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 32
न्यून. 22

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड दिए

# मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार, शाहरुख और विक्रांत सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, रानी मुखर्जी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में 71वें नेशनल फ़िल्म अवॉर्ड दिए। दक्षिण के सुपरस्टार मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से नवाजा गया।

वहीं, फिल्म 'जवान' के लिए शाहरुख खान व 'बारहवीं फेल' फिल्म के लिए विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। रानी मुखर्जी को 'मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे' फिल्म में दमदार भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। सुपरस्टार मोहनलाल को भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के अवॉर्ड भारतीय फिल्म जगत में आजीवन योगदान के लिए दिया गया है। मोहनलाल मलयालम सिनेमा के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। उन्होंने चार दशकों से अधिक समय में 400 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।

### इनको भी पुरस्कार

बेस्ट हिंदी फिल्म
▶ कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री

सर्वश्रेष्ठ निर्देशन
▶ द केरला स्टोरी (सुदीप्तो सेन)

सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म
▶ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी





### तेलुगू फिल्म 'बेबी' और तमिल फिल्म 'पार्किंग' की भी धूम

बेस्ट स्क्रीनप्ले कैटेगरी में तेलुगू फिल्म 'बेबी' और तमिल फिल्म 'पार्किंग', दोनों ने जीत हासिल की थी। वहीं गुजराती फिल्म 'वश' के लिए जानकी बोदीवाला और उल्लोझुक्कू के लिए एक्ट्रेस उर्वशी, दोनों को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा फिल्म 'गांधी तथा चेट्टू' के लिए सुकृति वेणु बंदरेड्डी, फिल्म 'जिप्सी' के लिए कबीर खंडारे और 'नाल 2' के लिए त्रिषा थोसार, श्रीवानस और भार्गव, सभी को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड मिला है।


## खबर संक्षेप

### गलत वजह बताकर पीएफ निकाला तो होगा एक्शन




नई दिल्ली। त्योहारी सीजन में अगर आप सोच रहे हैं कि पीएफ से पैसा निकालकर लग्जरी शॉपिंग कर लें या फिर विदेशी ट्रिप पर खर्च कर दें तो सावधान हो जाएं। ईपीएफओ ने चेतावनी दी है कि पीएफ का गलत इस्तेमाल भारी पड़ सकता है। कर्मचारी भविष्य निधि सिर्फ आपकी सुरक्षा और जरूरी जरूरतों के लिए है। गलत वजह से निकासी करने पर ईपीएफओ उस राशि को वापस लेने के साथ पेनल्टी भी लगा सकता है।

### युवराज ईडी के सामने हुए पेश, सट्टेबाजी में पूछताछ



नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और वर्ल्ड कप विजेता क्रिकेटर युवराज सिंह से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की। यह मामला ऑनलाइन बेटिंग ऐप वनएक्सबेट से जुड़ा हुआ है। युवराज मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली स्थित ईडी के दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे पूछताछ की गई और उनका बयान दर्ज किया गया। ईडी ने कार्रवाई पीएमएलए के तहत की है।

### एमपीपीएससी की परीक्षाओं का शेड्यूल नामंजूर



जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा 2025 के मामले पर सुनवाई हुई। मप्र लोक सेवा आयोग की ओर से मुख्य परीक्षा का शेड्यूल हाइकोर्ट में पेश कर इसे मंजूर करने का आग्रह किया गया। लेकिन, फिलहाल चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मंजूरी नहीं दी। कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को भी सुनना जरूरी है। अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।

खुलेगी नई राह : यह मामला 23 सितंबर 2025 से 'टॉप ऑफ द बोर्ड' श्रेणी में सूचीबद्ध

# आज से 27% ओबीसी रिजर्वेशन केस में सुप्रीम कोर्ट की लगातार सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में ओबीसी आरक्षण को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ की ओर पहुंचने वाला है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में रोजाना सुनवाई करने का फैसला लिया है। अदालत ने फैसला किया था कि यह मामला 23 सितंबर 2025 से 'टॉप ऑफ द बोर्ड' श्रेणी में सूचीबद्ध रहेगा। इसका मतलब है कि रोजाना सुनवाई होगी और तब तक जारी रहेगी, जब तक कि अंतिम निर्णय नहीं हो जाता। सुप्रीम कोर्ट 23 की बजाए 24 सितंबर यानी बुधवार से नियमित सुनवाई करेगा। राज्य सरकार का मानना है कि ओबीसी वर्ग को उनके हक का पूरा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए और इसी दिशा में यह कानूनी लड़ाई लड़ी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से उम्मीद जताई जा रही है कि लंबे समय से अटके इस मसले पर जल्द ही अंतिम फैसला आ जाएगा। मध्य प्रदेश में पहले ओबीसी आरक्षण 14 फीसदी था, जिसे 2019 में अध्यादेश के जरिए बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया गया था।

राज्य सरकार का मानना है कि ओबीसी वर्ग को उनके हक का पूरा प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए




▶▶ रोजाना सुनवाई तब तक जारी रहेगी जब तक कोई अंतिम फैसला नहीं आ जाता

▶▶ प्रदेश में पहले ओबीसी आरक्षण 14 फीसदी था, जिसे 2019 में अध्यादेश के जरिए बढ़ाकर 27 फीसदी कर दिया गया

### सामाजिक न्याय बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा

मध्यप्रदेश में ओबीसी समुदाय की आबादी लगभग 48% है। ऐसे में 27% आरक्षण का यह मुद्दा न केवल सामाजिक न्याय बल्कि राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सीएम डॉ. यादव ने 28 अगस्त को सर्वदलीय बैठक कर इस विषय पर सर्वसम्मति बनाई थी। अब जबकि सरकार और याचिकाकर्ता दोनों एकजुट दिख रहे हैं, तो सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई ओबीसी आरक्षण पर निर्णायक साबित हो सकती है।

### सॉलिसिटर जनरल से सीएम की मुलाकात

वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से मुलाकात के बाद कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्यवाही कर रही है। उन्होंने इस विषय पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से विस्तार से चर्चा की।

### ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर सभी दल सहमत

सर्वदलीय बैठक में सभी दलों ने अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने पर सहमति जताई थी। इसके साथ ही एक संकल्प भी पारित किया गया था। सभी दलों के विधायक विधानसभा में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की बात उठाते रहे हैं। इस मामले में अलग-अलग वकील केस लड़ रहे हैं, जिस पर न्यायालय ने एक निर्णय लिया है।

### क्या है मामला?

सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले की वजह से 13 प्रतिशत आरक्षण पेंडिंग चल रहा है। अगर इस पर न्यायालय जल्दी से न्याय करेगी, तो जो विद्यार्थी 13 प्रतिशत में आते हैं और जो आयु सीमा पार कर गए हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। दरअसल, कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव पारित किया था। उसके बाद मामला न्यायालय में लंबित है।

जेके सीमेंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा

## पैर फिसलने से गिरा मजदूर, मशीन से टकराया सिर धड़ से हुआ अलग

प्रबंधन का बेतुका तर्क मधुमक्खी के कारण हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

पन्ना जिला स्थित जेके सीमेंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ। कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर का सिर धड़ से अलग हो गया। इसके बाद से पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। मजदूरों के समूह में आक्रोश देखा गया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि कंपनी प्रबंधन इस हादसे पर अपना बेतुका तर्क प्रस्तुत कर रहा है। उनका कहना है कि यह हादसा मधुमक्खी के कारण घटित हुआ है। गौरतलब है कि सिमरिया थाना अंतर्गत आने वाले पुरैना में जेके सीमेंट प्लांट स्थित है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाये रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।




कृषि भूमि में बालिग दर्शाने मांगे थे रुपए

## महिला पटवारी तीन हजार रु. की रिश्वत लेते पकड़ाई

एजेंसी ▶▶ नेपानगर



पटवारी के सहयोगी को सह आरोपी बनाया

लोकायुक्त टीम ने तहसील कार्यालय में पटवारी प्रियंका ठाकुर को तीन हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। उसने डवाली खुर्द निवासी ओंकार राठौर से पुश्तैनी कृषि भूमि में बालिग हुए पुत्र का नाम दर्शाने के लिए चार हजार रुपये मांगे थे। ओंकार एक हजार रुपए पहले ही प्रियंका को दे चुका था। सोमवार को जैसे ही उसने पटवारी कक्ष में उसे शेष बचे तीन हजार रुपए दिए लोकायुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लोकायुक्त टीम ने पटवारी के सहयोगी नंदू कोली को भी सह आरोपी बनाया है। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। तहसील कार्यालय में मौजूद कई पटवारी वहां से चुपचाप निकल गए। लोकायुक्त के कार्यवाहक निरीक्षक आशुतोष मिठास ने बताया कि महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश पर भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाई कि जा रही है। उन्होंने बताया कि आवेदक ओंकार का नाम ऋण पुस्तिका में नाबालिग और पिता का नाम अंकित है। उसमें बालिग दर्ज कराने के लिए, तहसील कार्यालय नेपानगर में आवेदन दिया था।

राज्यपाल का हेलिकॉप्टर हुआ खराब

## टीकमगढ़ में उड़ान टेस्टिंग से पहले सिग्नल हुआ डाउन

▶▶ आधे घंटे हेलिपैड पर ही कार में बैठे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



राज्यपाल मंगुभाई पटेल मंगलवार को हेलिकॉप्टर से टीकमगढ़ आए। भोपाल वापस जाने के लिए हेलिकॉप्टर में सवार हुए तो वो उड़ान नहीं भर सका। इसके बाद राज्यपाल वापस आकर अपनी कार में बैठ गए। आधे घंटे के इंतजार के बाद तकनीकी खराबी ठीक होने के बाद हेलिकॉप्टर उड़ान भर सका। टीकमगढ़ से करीब 20 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कमांसन हटा में राज्यपाल का कार्यक्रम था। गांव से करीब दो किलोमीटर दूर हेलीपेड बनाया गया था। वीडियो में राज्यपाल की कार नजर आ रही है। कार के पास सुरक्षाकर्मियों सहित प्रशासनिक अमला मौजूद है। दूसरे वीडियो में क्रू मेंबर हेलिकॉप्टर के रोटर के पास कुछ ठोंकता नजर आ रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल दो इंजन वाले हेलिकॉप्टर से आए थे। वापसी के समय तय कार्यक्रम के अनुसार हेलिकॉप्टर में वे सवार हो गए थे।

कल बंगाल की खाड़ी में बनेगा नया सिस्टम, 26 सितंबर के बाद बारिश-बौछारों का हल्का दौर

# प्रदेश में सामान्य से 20 फीसदी 'अधिक' बारिश अगले महीने के पहले हफ्ते में मानसून की विदाई

मंगलवार को सर्वाधिक अधिकतम पारा खजुराहो में 36.4 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को सुबह से शाम तक बादलों का आना-जाना रहा, लेकिन बारिश की एक बूंद भी नहीं गिरी। धूप खिलने और हवाओं की रफ्तार कम रहने से दिन में गर्मी और उमस का असर बढ़ गया। अगले दो से तीन दिन गर्मी और उमस का मौसम रहेगा, इसके बाद बारिश का एक हल्का दौर फिर शुरू होगा। इससे तापमान में कमी आएगी। मंगलवार तक प्रदेश में मानसून सीजन में सामान्य से 20 फीसदी अधिक बारिश हो गई है। आईएमडी भोपाल के आंकड़ों के अनुसार पूर्वी मध्य प्रदेश में औसत से 16 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 24 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है।

### तेज गर्मी-उमस महसूस की गई



प्रदेश में बढ़ती गर्मी के क्रम में मंगलवार को सर्वाधिक अधिकतम पारा खजुराहो में 36.4 डिग्री रहा। उज्जैन, श्योपुर, दतिया, दमोह, ग्वालियर, गुना, टीकमगढ़, सतना, दमोह सहित ड़ेड दर्जन जिलों में पारा 35 डिग्री तक पहुंचने से गर्मी और उमस तेज रही। भोपाल में लगातार दूसरे दिन एक डिग्री अधिक की बढ़ोतरी के साथ पारा 34 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 1.7 डिग्री अधिक है। इससे तेज गर्मी-उमस महसूस की गई।

### आज यहां मध्यम बारिश

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 25 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बनेगा, जिससे प्रदेश में बारिश फिर से शुरू होगी। बुधवार तक बड़वानी, धार जिलों में कुछ जगह मध्यम बारिश होगी। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सीधी, रीवा, उमरिया, जबलपुर, नरिसंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पांढुर्णा जिलों में कुछ जगह बादल, गरज-चमक के साथ बौछारों की उम्मीद है।



## खबर संक्षेप

### सुधीर सोनी रत्न हाउस कार्यकारी अध्यक्ष बने



**भोपाल।** मप्र स्वर्णकार समाज कल्याण समिति ने अपनी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर इन्दौर स्थित रत्न हाउस के प्रोपाटर सुधीर सोनी को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक किया है। इस बैठक में महाराजा अजमीढ़ देव की जयन्ती मनाने के लिए समिति का गठन कर जिम्मेदारी दी गई। 7 अक्टूबर को धूमधाम से कमला पार्क स्थित मूर्त स्थल पर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में योगेश सोनी, राजेश सोनी, आशीष सोनी, अखिलेश सोनी, प्रेम नारायण स्वर्णकार, अमित सोनी, मुकेश सोनी आदि मौजूद थे।

### दिव्यांग विद्यार्थियों को 3.90 करोड़ जारी

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित समग्र शिक्षा अभियान में समाजसेवी योजना के तहत 3 करोड़ 90 लाख रुपए की भत्ता राशि जारी की गई है। भत्ते राशि में दिव्यांग विद्यार्थियों को परिवहन, मार्ग, वाचक और ब्रैल स्टेशनरी भत्ता उनके बैंक खातों में जारी किये गये है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इसके अलावा दिव्यांग बालिकाओं को प्रोत्साहन स्वरूप 2000 रुपए की राशि गर्ल्स स्टायपेंड के रूप में दी गई है। दिव्यांग विद्यार्थियों को सुविधा भत्ता दिए जाने का मकसद उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत प्रदान करना है। दिव्यांग विद्यार्थियों को परिवहन और मार्ग रक्षण भत्ता 3-3 हजार रुपए, दृष्टिवाधित विद्यार्थियों के लिये वाचक भत्ता 2500, ब्रैल स्टेशनरी मटेरियल 2000 और दिव्यांग बालिकाओं के लिए गर्ल्स स्टायपेंड 2000 रुपए प्रतिवर्ष दर से जारी किए जाने का प्रावधान है।

# मप्र में 10 गुना किराया देकर भी बंगले खाली नहीं कर रहे आईएएस-आईपीएस

▸ राजधानी के बाहर पोस्टिंग के बाद भी डेढ़ दर्जन अफसर सरकारी बंगलों में काबिज

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के तीन कलेक्टरों सहित एक दर्जन से अधिक मौजूदा आईएएस, आईपीएस और अन्य अफसर भोपाल के सरकारी बंगले का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। बार-बार तबादले और पारिवारिक स्थितियों, बच्चों की पढ़ाई, बुजुर्ग माता-पिता, बड़े भाई-बहनों के इलाज के लिए परिवार को राजधानी भोपाल या बड़े शहरों में रखना इनकी मजबूरी है। यही कारण है कि कई अफसर रिटायरमेंट के बाद भी बंगले में टिके हुए हैं। मप्र की राजधानी भोपाल में मनचाहा सरकारी बंगला मिलना टेढ़ी खीर है। इतना ही नहीं भोपाल से तबादला होने के बाद दोबारा यहां आने पर पसंद का सरकारी बंगला पाना मुश्किल होता है। यही कारण है कि नौकरशाह भोपाल से दूसरे जिलों में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत बनने के बाद भी राजधानी के सरकारी बंगलों को नहीं छोड़ रहे हैं। इसके लिए ऐसे अफसर दस गुना तक किराया देने के लिए तैयार हैं। दरअसल, तबादले के बाद बंगला रिक्त करने के लिए तीन व विशेष स्थिति में छह महीने तक का रीलिफ दिया जाता है। इसके बाद कुछ समय तक दोगुना फिर 10 गुना तक किराया वसूल किया जाता है।

### बंगले के लिए सीएस भी हुए परेशान, सरकारी बंगले के लिए इंतजार करना पड़ा



पद से सेवानिवृत हुए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुधीर सक्सेना ने अब तक चार इमली स्थित बी-18 खाली नहीं किया है। इसके चलते मुख्य सचिव अनुराग जैन को भी सरकारी बंगले के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। अंततः उन्हें पूर्व में अलॉट सरकारी बंगला छोड़ना पड़ा। अब उन्हें सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना को आवंटित चार इमली का बंगला बी-18 आवंटित किया गया। सूत्रों के मुताबिक इस माह उन्होंने बंगला खाली करने का आश्वासन दिया है।

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

अपर आयुक्त ग्वालियर निधि सिंह को ईएन / 7 चार इमली, पूर्व डीजीपी सुधीर सक्सेना को बी-18 चार इमली, स्पेशल डीजी रेलवे से रिटायर हुए आईपीएस सुधीर कुमार शाही को चार इमली में डी 9, सीईओ जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर को ईएन टाइप बंगला चार इमली में, आईएएस रत्नाकर झा को डी 4/9 चार इमली, पुलिस उपमहानिरीक्षक स्तर के अधिकारी अमित सांघी को डी 4/9 चार इमली, उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र जैन ई117/12 शिवाजी नगर, दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर डी 2/11 चार इमली, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग डी-12, उमाकांत चौधरी डीएसपी, रिटायर्ड एसपी एमएल चौरसिया सहित एक दर्जन आईएएस, आईपीएस, एसएएस, एसपीएस को गृह विभाग ने नोटिस जारी कर राजधानी भोपाल के शासकीय आवास खाली करने को कहा है।

## दिल्ली के सम्मेलन को सीएम हाउस से वर्चुअली किया संबोधित

# अगला अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन मध्यप्रदेश में होगा, सीएम डॉ. यादव ने किया आमंत्रित

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुझे गर्व है कि मुरैना सोलर प्लस स्टोरेज परियोजना के शुभारंभ के साथ ही नवकरणीय ऊर्जा में मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर नया मानक स्थापित किया है। यह देश की पहली परियोजना है, जो रिकार्ड न्यूनतम 2 रुपए 70 पैसे प्रति यूनिट टैरिफ पर स्थिर और डिस्पैचेबल नवकरणीय ऊर्जा प्रदान कर रही है। मप्र में वर्ष 2025 तक सौर क्षमता लगभग 5 हजार मेगावाट पर पहुंच चुकी है, जिसे वर्ष 2035 बढ़ाकर 33 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है।

डॉ. यादव सोमवार को नई दिल्ली के होटल ताज में आयोजित सीआईआई अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगला सम्मेलन मप्र में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी को आमंत्रित भी किया।

**मप्र ने नवकरणीय ऊर्जा में राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया नया मानक**

### औद्योगिक निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इंडस्ट्रियल प्रमोशन पॉलिसी, रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी 2025 और पम्प हाइड्रो पॉलिसी 2025 के अंतर्गत औद्योगिक निवेश के लिए कई आकर्षक प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा, टैक्सटाइल, आईटी, कृषि, फार्मा, रक्षा और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है एवं भारत को स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में स्थापित किया है। भारत ने 2070 तक नेट-जीरो और 2030 तक 500 गीगावाट नॉन-फॉसिल फ्यूल क्षमता का लक्ष्य रखा है। देश 251.5 गीगावाट नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता को पार कर चुका है और सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता में 100 गीगावाट की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

### मप्र ऊर्जा क्षेत्र में देश के प्रमुख राज्यों में से एक

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, पीएम-कुसुम योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और स्मार्ट ग्रिड जैसी पहलों के माध्यम से भारत ने ऊर्जा क्षेत्र को आत्मनिर्भर, स्वच्छ और सतत दिशा प्रदान की है। परिवारों को मुफ्त बिजली का लाभ मिला है। मध्यप्रदेश ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अनूठी उपस्थिति के साथ देश के प्रमुख राज्यों में से एक बन चुका है। यहां देश का सबसे बड़ा सौर पार्क रीवा में स्थापित है, जो दिल्ली मेट्रो जैसे महत्वपूर्ण उपक्रमों को ऊर्जा प्रदान करता हैं। साथ ही सांची शहर को देश का पहला सोलर सिटी बनाया गया है और ओमकारेश्वर में भारत का सबसे बड़ा फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट कार्यरत है। नीमच में भारत का सबसे बड़ा पंप हाइड्रो पॉवर स्टोरेज प्रोजेक्ट विकसित किया गया है, जो ऊर्जा संग्रहण क्षमता के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाता है।

## प्रधानमंत्री जन-मन योजना से सहरिया समुदाय को मिला नव जीवनः पटेल



▸ टीबी रोगियों से की मुलाकात, भेंट की फलों की टोकरीः राज्यपाल

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान कार्ड की सुविधाओं से जनजातीय समुदाय को नव जीवन मिला है।

उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान उन्होंने आवास हितग्राहियों से चर्चा की है। सभी का कहना है कि उनके मकान पक्के होंगे, सोचा भी नहीं था। लोक शक्ति रथ के यात्रियों ने आयुष्मान भारत योजना को सभी के लिए जीवन दायिनी बताया है। राज्यपाल पटेल सोमवार को मुरैना विकासखंड के ग्राम धनेला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने टीबी रोगियों से मुलाकात की और रोगियों को निक्षय मित्र के रूप में फलों की टोकरी भेंट की। राज्यपाल पटेल ने ग्राम धनेला में हितग्राही दिलीप, बंटी एवं पप्पू सहरिया को नए आवास में प्रवेश कराया। दिलीप सहरिया की पत्नी ने अपने घर की सुखद अनुभूतियां राज्यपाल के साथ साझा की। पटेल ने स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और आजीविका मिशन की प्रदर्शिनी का अवलोकन किया। आगनवाड़ी कार्यक्रर्ताओं द्वारा पोषण अभियान के तहत बाटे जाने वाले विभिन्न व्यंजनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने श्रीअन्न (मोटे अनाज) से बने हलवे का स्वाद भी चखा।

## 68,500 शमन शुल्क वसूला, तीन ट्रक को किया जब्त

# बिना फिटनेस, पीयूसी, परमिट के दौड़ रहे आठ वाहनों को आरटीओ अमले ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नियम विरोध व टैक्स चोरी कर बसों का संचालन करने वाले संचालकों की धरपकड़ के लिए परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार पर 22 अक्टूबर सोमवार से परिवहन विभाग की ओर से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को आरटीओ अमले चेकिंग की। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल द्वारा मोटर यान कर बकाया वसूली एवं यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के संबंध में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को भोपाल बाईपास, नर्मदापुरम रोड, इंदौर राजमार्ग, रायसेन, विदिशा रोड सहित अन्य जगहों पर यात्री वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटर यान अधिनियम की धाराओं के उल्लंघन की स्थिति में 8 वाहनों की जांच की गई। जोकि बिना फिटनेस, बिना पी यू सी, बिना परमिट के संचालित हो रहे थे। मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन के फलस्वरूप समन शुल्क के रूप में 68500 रुपए शमन शुल्क वसूला गया, साथ ही 3 ट्रक मोटर यान अधिनियम के उल्लंघन के कारण जब्त कर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल में खा गया है।

## पटवारी की मांगः आईटी रिफंड की तरह आम लोगों के लिए जीएसटी रिफंड करे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है कि जिस तरह आयकर (आईटी) रिफंड की व्यवस्था है, उसी तरह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में भी रिफंड की नीति आम जनता के लिए लागू की जाए। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में जिन उपभोक्ताओं ने 28 की दर से जीएसटी का भुगतान किया है, उन्हें जीएसटी दरों में कमी जैसे 18 प्रतिशत के बाद अतिरिक्त भुगतान की राशि का रिफंड मिलना चाहिए।

पटवारी ने कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बनाकर आम जनता की जेब पर डाका डाला है। पिछले कई वर्षों में जीएसटी के माध्यम से सरकार ने लगभग 55 लाख करोड़ रुपए एकत्र किए, जिसका बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ा, जबकि बड़े उद्योगपतियों जैसे अडानी और अंबानी को इसका लाभ मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि जीएसटी दरों में कमी अब केवल आगामी बिहार चुनाव जैसे राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही है, न कि जनता की भलाई के लिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शुरू से कहते रहे हैं कि जीएसटी को एक स्लैब में लाया जाए ताकि यह आम जनता की पहुंच में हो और उनकी जेब पर बोझ न पड़े। लेकिन मोदी सरकार ने न केवल जीएसटी को जटिल बनाए रखा, बल्कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच जनता की क्रय शक्ति को भी कमजोर किया। उन्होंने विशेष रूप से कृषि यंत्रों पर जीएसटी जैसे मुद्दों को रेखांकित किया।

## सक्ति मार्ग स्थित उरगा थाना क्षेत्र का मामला ड्राइवर फरार

# स्कूल बस की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कोरबा-सक्ति मार्ग पर उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलकेजा में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। सुबह लगभग 7 बजे स्कूली बच्चों से भरी स्वामी स्कूल बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद हड़कप मच गया।

बाइक सवार सड़क किनारे घायल हालत में खून से लतपथ पड़ा हुआ था। वहीं इस हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। सुबह मॉर्निंग वॉक करने निकले लोगों की नजर घायल युवक पर पड़ी, जहां किसी तरह एंबुलेंस के माध्यम से जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 14 बच्चे बैठे हुए थे। इस हादसे के बाद बच्चे डर-सहम गए और चीखपुकार मचाने लगे। बताया जा रहा है कि घायल युवक रेनखोल निवासी उत्तम यादव है जो नवरात्र में सुबह दर्शन करने मंदिर जा रहा था। तब ये हादसा सामने आया है। हादसे में उत्तम यादव बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटे आई है, वहीं इस घटना की जानकारी उसके परिजनों को भी फोन कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस तेज रफ्तार में थी और युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला। दुर्घटना होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना स्थल पर मौजूद समाजसेवी किशन साव ने बताया कि सड़क पर युवक खून से लतपथ बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था। जहां कई लोग देखकर उसे नजरअंदाज कर रहे थे समय रहते उसे अस्पताल भेजा गया नहीं तो उसकी जान भी जा सकती थी। स्थानीय ग्रामीण भीम कंवर ने बताया कि मुख्य मार्ग होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है लेकिन इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव ज्यादा है और तेज रफ्तार वाहनों के चलते अक्सर हादसे होते रहते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे उपचार के लिए विशेष निगरानी में रखा गया है। हादसे के बाद से क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। लोग इस बात को लेकर चर्चा कर रहे हैं कि स्कूली बसें अक्सर तेज रफ्तार से गुजरती हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं घटित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि स्कूली वाहनों की गति पर नियंत्रण और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**सीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ, समूह की महिलाओं से की चर्चा**

# छग के 51 महतारी सदन भवनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड के ग्राम करेली बड़ी के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने फीता काटकर छत्तीसगढ़ के 51 महतारी सदन भवनों का लोकार्पण किया।

जिसमें कुरूद विधानसभा क्षेत्र के 4 महतारी सदन भवन भी शामिल है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व, जिला प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि, प्रमुख सचिव ग्रामीण एवं पंचायत निहारिका बारिक साथ उपस्थित थे। सीएम का आस्था समूह की महिलाओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा कर आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस महतारी सदन को अपना घर जैसा साफ़-सुधरा भी रखने की ज़िम्मेदारी। सफ़ाई कर्मचारियों के साथ आपकी भी बनती है। मुख्यमंत्री ने आस्था महिला संकुल संगठन करेलीबड़ी को महतारी सदन का हस्तांतरण प्रणाम पत्र सौंपा। वहीं इस दौरान मुख्यमंत्री ने परिसर में मोलश्री का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ के 51 महतारी सदन का लोकार्पण किया गया, जिसमें कुरूद विधानसभा क्षेत्र के 4 महतारी सदन भवन शामिल है। इस कार्यकम में प्रदेश की 2.00 लाख समूह की महिलाए वर्चुअल शामिल हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा कुरूद विधानसभा क्षेत्र के 245.80 करोड़ से अधिक की राशि कुल 77 विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी किया गया।

# 48 जंगली हाथियों का दल कर रहा विचरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत छाल रेंज में इन दिनों 48 जंगली हाथियों का विशाल दल विचरण कर रहा है। मंगलवार शाम करीब 5:30 बजे यह दल तरेकेला मेन रोड को पार करते हुए कोठीडोंगरी की ओर बढ़ा। वन विभाग और हाथी मित्र दल की टीम लगातार इस दल पर नजर रखे हुए है और प्रभावित गांवों के लोगों को अलर्ट किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हाथियों के इस झुंड में 07 नर, 28 मादा और 13 शावक शामिल हैं। हाथियों की गतिविधियों को देखते हुए आसपास के आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों से सावधानी बरतने और सतर्क रहने की अपील की गई है।

## माता दंतेश्वरी के दर्शन करने निकले जत्थे को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंडागांव



जिले में सोमवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। दंतेवाड़ा माता दंतेश्वरी के दर्शन के लिए पैदल यात्रा पर निकले युवक-युवतियों के जत्थे को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से कुचल दिया। इस घटना में एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी के मुताबिक, कांटागांव से 14 युवक-युवतियों का जत्था यात्रा पर था।

दोपहर करीब 3:30 बजे जत्था राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर दहिकोंगा कोल्ड स्टोरेज के पास खिचड़ी प्रसाद ग्रहण कर आगे बढ़ रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने अचानक पीछे से आकर जत्थे की कुछ युवतियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में महादई नेताम (निवासी कांटागांव) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सदबती मंडावी और ललिता मरकाम गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार ललिता मरकाम की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर सहित मौके से फरार हो गया। कोंडागांव सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश कर रही है। यह जत्था नवरात्रि के अवसर पर मां दंतेश्वरी के दर्शन हेतु पैदल यात्रा कर रहा था। श्रद्धा से भरी यात्रा अचानक दर्दनाक हादसे में बदल गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैतूल में व्यापारियों और ग्राहकों से की चर्चा

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने हमें करना है स्वदेशी उत्पादों का उपयोगः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जीएसटी रिफॉर्म जन जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को बैतूल के गंज मार्केट में भ्रमण कर स्थानीय व्यापारियों और ग्राहकों का जीएसटी की दरों में किए गए बदलाव की जानकारी देकर मुंह मीठा कराया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने खरीदारी कर रहे ग्राहकों से चर्चा के दौरान उन्होंने जीएसटी की कम हुई दरों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना। उन्होंने अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पाद एवं वस्तुओं के क्रय-विक्रय व उपयोग का आग्रह भी किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके प्रदेश अध्यक्ष के साथ थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में बड़ा ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नागरिक देवो भवः की परिकल्पना साकार हो रही है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और अधिक से अधिक मात्रा में स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करें।

### जीएसटी की दरें घटाना भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प हैः हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आह्वान है कि अपने देश की मिट्टी से जुड़ा हर उत्पाद हमारी संस्कृति, मेहनत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इसलिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत निर्माण के लिए वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देते हुए स्थानीय कारीगरों और स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन दें। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जीएसटी सुधार को देश की दिशा और दशा बदलने वाला महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। युवा न केवल उपभोग करता है बल्कि उत्पादन और जीडीपी में बड़ा योगदान दे सकता है।

उपलब्धि

## नवाचारों से मध्यप्रदेश बनेगा माइनिंग कैपिटल

# देश में प्रथम मध्यप्रदेश: खनिज ब्लॉकों की सबसे अधिक नीलामी, मिला 10 हजार करोड़ से अधिक राजस्व



### वर्ष 23-24 के मुकाबले खनिज राजस्व संग्रह में 23%की वृद्धि

### खनिज से 10 हजार करोड़ से अधिक प्राप्त किया राजस्व

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नवाचारों से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार माइनिंग में नवाचार कर रही है। प्रदेश में सबसे पहले क्रिटिकल मिनरल के 2 ब्लॉक्स को नीलामी में रखा गया है। सबसे अधिक खनिज ब्लॉक्स की नीलामी कर मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर आ गया है। प्रदेश की समृद्ध खनिज सम्पदा और नई खनन नीतियों से राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है।

खनिज संसाधनों के उपयोग से न केवल राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि रोजगार के नये अवसर भी पैदा होंगे। प्रदेश में कोयला, चूना पत्थर, डोलोमाइट और बॉक्साइट जैसे खनिजों का विशाल भण्डार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश खनन के क्षेत्र में अधिक राजस्व प्राप्त कर नई ऊँचाईयाँ छू रहा है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले खनिज राजस्व संग्रह में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई, प्रदेश में पहली बार खनिज राजस्व संग्रह 5 अंकों में पहुंच गया। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस अवधि में 4 हजार 958 करोड़ 98 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। जबकि वर्ष 2024-25 में यह प्राप्ति 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त किया गया है।



## मध्यप्रदेश खनिज ब्लॉक्स की नीलामी में सर्वप्रथम

मध्यप्रदेश मुख्य खनिज ब्लॉकों की सर्वाधिक संख्या में नीलामी करने में देश में प्रथम स्थान पर है। भारत सरकार द्वारा वर्तमान में स्ट्रैटेजिक एवं क्रिटिकल मिनरल पर देश की आत्म-निर्भरता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे इन खनिजों की आयात पर निर्भरता कम हो सके। प्रदेश द्वारा इस खनिज समूह के अंतर्गत अभी तक ग्रेफाइट के 8 खनिज ब्लॉक, रॉक-फॉस्फेट खनिज के 6 ब्लॉक सफलतापूर्वक नीलाम किये गये हैं। मुख्य खनिज के 20 ब्लॉकों की नीलामी के लिये विभाग द्वारा 9 अगस्त, 2024 को निविदा आमंत्रण सूचना-पत्र (एनआईटी) जारी की गई है, जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण खनिज गोल्ड के 4 ब्लॉक, मैग्नीज खनिज के 16 ब्लॉक एवं कॉपर का एक ब्लॉक अभी तक सफलतापूर्वक नीलाम किये गये हैं। भारत सरकार द्वारा जनवरी-2024 में एक्सप्लोरेशन नीति प्रभावशील की गयी। इस नीति के तहत मध्यप्रदेश राज्य द्वारा क्रिटिकल मिनरल के 2 ब्लॉक नीलामी में रखे गये हैं। मध्यप्रदेश केंद्र सरकार की इस नीति का क्रियान्वयन करने वाला पहला राज्य बन गया है। खनिज अन्वेषण के क्षेत्र में भी प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में स्ट्रेटेजिक एवं क्रिटिकल मिनरल, मुख्यतः रॉक-फास्फेट, ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट, प्लेटिनम एवं दुर्लभ धातु (आरईई) के लिये कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 11 क्षेत्रों पर अन्वेषण कार्य किया गया। प्रदेश में जिला खनिज विभाग के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य, जिसमें पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, स्वच्छता, कौशल विकास और वृद्ध, विकलांग कल्याण के लिये 16 हजार 452 परियोजनाएँ स्वीकृत की गयी हैं, जिनकी लागत 4406 करोड़ रुपये है। इनमें से 7 हजार 583 परियोजना लागत 1810 करोड़ रुपये का कार्य पूर्ण हो गया है।

### एआई आधारित 41 ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे

# अवैध खनन रोकने में सफल हुआ प्रदेश, ई-चेकगेट बन रहे हथियार



भोपाल

मध्य प्रदेश में खनिज के अवैध परिवहन रोकने के लिये एआई आधारित 41 ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे हैं। ई-चेकगेट पर वेरीफोकल कैमरा, आरएफआईडी रीडर और ऑटोमेटिक नम्बर प्लेट रीडर की सहायता से खनिज परिवहन में संलग्न वाहन की जाँच की जा सकेगी। परियोजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में खनिज परिवहन के लिये महत्वपूर्ण 4 स्थानों पर ई-चेकगेट स्थापित कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। अवैध परिवहन की निगरानी के लिये राज्य स्तर पर भोपाल में कमाण्ड एवं कंट्रोल सेंटर तथा जिला भोपाल एवं रायसेन में जिला कमाण्ड सेंटर स्थापित किया गया है। इस वर्ष तक सभी 41 ई-चेकगेट की स्थापना किये जाने का लक्ष्य है।

अवैध खनन की रोकथाम के लिये उपग्रह और ड्रोन आधारित परियोजना प्रारंभ की गयी है। इस परियोजना के माध्यम से 7 हजार खदानों को जियो टैग देकर खदान क्षेत्र का सीमांकन किया गया है। यह परियोजना पूर्ण रूप से लागू होने पर अवैध खनन को चिन्हित कर प्रभावी कार्यवाही हो सकेगी। परियोजना के लागू होने पर स्वीकृत खदान के अंदर 3-डी इमेजिंग तथा वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस कर उत्खनित खनिज की मात्रा का सटीक आँकलन किया जा सकेगा। माइनिंग में नवाचारों से प्रदेश की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित होगी, साथ ही इससे मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर खनिज उत्पादक राज्य के रूप में नई पहचान मिलेगी।




### निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन


मध्यप्रदेश सरकार निजी क्षेत्र को प्रदेश के प्रचुर खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिये प्रोत्साहित कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में हाल ही मे भोपाल मे आयोजित माइनिंग कॉन्क्लेव में कई बड़ी कम्पनियों ने माइनिंग सेक्टर मे निवेश की इच्छा जताई है। कॉन्क्लेव में 20 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार ने खनिज क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये कई सुधार किये है। इनमे पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया, पर्यावरण-अनुकूल खनन और स्थानीय समुदायों को मुनाफे मे भागीदारी देने जैसे कदम शामिल है।

### प्रदेश में है देश का एकमात्र हीरा भण्डार

प्रदेश के पन्ना जिले मे देश का एकमात्र हीरे का भण्डार है। हीरा खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरे का उत्पादन होता है। मलाजखण्ड कॉपर खदान भारत की सबसे बड़ी ताम्बा खदान है। इस खदान से प्रतिदिन 5 से 10 हजार ताम्बा निकाला जाता है। भारत के कुल ताम्बा भण्डार का 70 प्रतिशत ताम्बा मध्यप्रदेश मे है। राज्य मे स्थित सासन कोयला खदान भी अपने विशाल खनन उपकरणों के लिये प्रसिद्ध है। मध्यप्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है। प्रदेश मे लाइम-स्टोन, डायमण्ड और पाइरोफलाइट जैसे खनिज संसाधन है। मध्यप्रदेश के जिलो मे खनिज के भण्डार है, जिसमे सतना, रीवा और सीधी मे लाइम-स्टोन, बॉक्साइट, ग्रेफाइट, गोल्ड और बेनाइट, सिंगरौली मे कोयला, गोल्ड और आयरन, शहडोल, अनूपपुर और उमरिया मे कोयला, कोल बेड, मिथेन और बॉक्साइट, छतरपुर, सागर और पन्ना मे डायमण्ड, रॉक फास्फेट, आयरन, बेनाइट, लाइम, डायस्पोर और पाइरोफलाइट, जबलपुर और कटनी मे बॉक्साइट, डोलोमाइट, आयरन, लाइम-स्टोन, मैग्नीज, गोल्ड और मार्बल, नीमच और धार मे लाइम-स्टोन, बैतूल मे कोयला, ग्रेफाइट, बेनाइट, लीड और जिंक, छिंदवाड़ा मे कोयला, मैग्नीज और डोलोमाइट, बालाघाट मे कॉपर, मैग्नीज, डोलोमाइट, लाइम-स्टोन और बॉक्साइट, मण्डला और डिण्डोरी मे डोलोमाइट और बॉक्साइट, ग्वालियर और शिवपुरी मे आयरन, फ्लेग-स्टोन और क्वार्टज, झाबुआ और अलीराजपुर मे रॉक फास्फेट, डोलोमाइट, लाइम-स्टोन, मैग्नीज और ग्रेफाइट के भण्डार है।

## क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल्स में अग्रणी मप्र

भोपाल। खनिज विभाग ने ग्रेफाइट, रॉक फॉस्फेट, गोल्ड, मैगनीज और कॉपर सहित कई खनिज ब्लॉकों की नीलामी की है। हाल ही मे जबलपुर और कटनी जिलो मे सोने की खोज की गई है, वही पन्ना और छतरपुर मे हीरे के विशाल भंडार प्रमाणित हुए है। बालाघाट की मलाजखण्ड तांबा खदान देश की सबसे बड़ी तांबा खदान है, जबकि पन्ना की मझगवां हीरा खदान देश की एकमात्र सक्रिय हीरा खदान है।



### अवैध खनन पर नवाचार से नियंत्रण

अवैध खनन और परिवहन रोकने के लिए प्रदेश मे 41 एआई आधारित ई-चेकगेट स्थापित किए जा रहे है। इसके अलावा ड्रोन और उपग्रह आधारित निगरानी प्रणाली से खदानों की जियो-टैगिंग और 3-डी इमेजिंग कर खनिज उत्खनन की सटीक निगरानी की जा रही है।

### विकास कार्यों में खनिज निधि का उपयोग

जिला खनिज विभाग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, महिला-बाल कल्याण, स्वच्छता और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों मे 16,452 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई है। इनमे से 7,583 परियोजनाएँ पूरी हो चुकी है।

### बहुमूल्य खनिजों में नित नई उपलब्धियाँ

हीरा (डायमंड): मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जहाँ पन्ना जिले की मझगवां हीरा खदान से प्रतिवर्ष एक लाख कैरेट हीरा उत्पादन होता है। इसके अलावा छतरपुर स्थित बंदर हीरा ब्लॉक मे 34.2 मिलियन कैरेट हीरे का अनुमानित भंडार मिला है। कटनी मे 23 अगस्त 2025 को होने वाले खनन सम्मेलन मे औद्योगिक विकास पर विशेष रूप से विचार किया जायेगा। सोना (गोल्ड): प्रदेश के सिंगरौली और कटनी जिलों मे कुल पांच स्वर्ण ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है, जिनमें 7.87 मिलियन टन अयस्क भंडार उपलब्ध है। जबलपुर के सिहोरा और कटनी के स्लीमनाबाद क्षेत्रों मे बड़े पैमाने पर सोने की उपलब्धता के संकेत मिले है। जबलपुर जिले मे 100 हेक्टेयर क्षेत्र मे लाखों टन स्वर्ण अयस्क मिलने का अनुमान है।

कामयाबी

## कटनी माइनिंग कॉन्क्लेव में मिले 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

# उद्योगपति निवेश का बड़े से बड़ा सपना देखें, मध्यप्रदेश सरकार है उनके साथ

भोपाल

खनिज संसाधनों के मामले में मध्यप्रदेश कभी किसी से पीछे नहीं रहा है। अब नई परिस्थितियों और संभावनाओं के अनुरूप हम मध्यप्रदेश को देश के माइनिंग स्टेट के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश का यही सही समय है।

आप मध्यप्रदेश में अपना उद्योग लगाइए, बड़े सपने देखिए, इन्हें पूरा करने में हम आपकी हर संभव मदद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों से अपील की कि दिल खोलकर मध्यप्रदेश में बेहिचक निवेश कीजिए, हम आपको निराश नहीं होने देंगे। पिछले महीने कटनी में आयोजित मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 में आए तमाम उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की नीतियों पर केवल भरोसा किया बल्कि 56,414 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी आ गए।

### प्रदेश में हैं उद्योग हितैषी नीतियां, उद्योग अनुरूप वातावरण

### कॉन्क्लेव में हुए 3 एमओयू प्रदेश के लिये महत्वपूर्ण

### विकास में किसान और जवान की तरह उद्योगपति का भी है योगदान

### मप्र की संस्कृति शोषण की नहीं दोहन की है, जिओ और जीने दो

### खुशहाली का जरिया बनेंगे एमओयू

मध्यप्रदेश मे खनिजो की खोज और खनन क्षेत्र मे नई संभावनाओं को एक्सप्लोर करने की दिशा मे यह आयोजन बहुत सफल रहा है। कटनी कॉन्क्लेव से सरकार को आठ माइनिंग कम्पनियों द्वारा 56 हजार 414 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले है। ये निवेश प्रस्ताव हमे और बेहतर करने की नई ऊर्जा देकर उत्साहित भी करते हैं। राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड के साथ एमओयू किया। शासन ने खनन क्षेत्र मे आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विजनरी लीडर: डॉ.यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि हमारे धर्म मे तांबे का महत्व सोने-चांदी से अधिक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विजनरी लीडर है। उन्होंने हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करते हुए गुजरात मे विकास का जो मॉडल खड़ा किया, आज हम सभी उससे परिचित है। मुख्यमंत्री का कहना है कि गौ माता हमे दूध उपलब्ध कराती है और बच्चे को भी पिलाती है। भारतीय संस्कृति की धारा दोहन की है, शोषण की नहीं। दुनिया के बड़े-बड़े देश अपना माल खपाने के लिए चालाकी का रास्ता अपना रहे है। आज हमारे उद्योगपति आगे बढ़ रहे है। उद्योगपति अपने साथ दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते है। आइए मध्यप्रदेश से जुड़िए, यहां पर्याप्त लैंड बैंक, बिजली, पानी है। प्रदेश मे शीघ्र ही एयर कार्गो की सुविधा भी मिलेगी और दो मेट्रोपोलिटन सिटी भी बनने जा रहे है। कटनी मे खनिज का भंडार है। अब तो क्रिटिकल मिनरल्स भी मिल रहे है। पन्ना मे हीरे मिलते है तो कटनी मे भी सोना मिल सकता है। राज्य सरकार ने सभी सेक्टर्स के विकास के लिए पारदर्शी नीतियां लागू की है। पहले इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की, अब सेक्टर आधारित कॉन्क्लेव कर रहे है।

### अब केवल 10 तरह की अनुमतियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश मे ईज ऑफ डूइंग के लिए 29 तरह की अनुमतियों को कम करके मात्र 10 कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने श्रम कानून मे बदलाव करते हुए महिलाओं को नाइट शिफ्ट मे काम करने की अनुमति दी है। प्रदेश सरकार की नीतियों से आज दूसरे राज्य भी सीख ले रहे है। मध्यप्रदेश देश का नंबर-1 राज्य बने, इसके लिए तेज गति से कार्य हो रहे है।

D-13010/25

### अब साढ़े 3 लाख रुपए में घर ले जाएं मारुति की एस-प्रेसो कार

# 80 हजार से 5 लाख रुपए तक सस्ती हुई कारें, 10 फीसदी कम हुए दुपहिया के दाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी 2.0 लागू हो गया है, जिसका सबसे अधिक असर ऑटोमोबाइल सेक्टर में देखने को मिल रहा है। नए जीएसटी रिफॉर्म के तहत एंट्री लेवल कारों से लेकर प्रीमियम कारों तक की कीमतों में लाखों रुपए तक की कटौती हुई है। मध्य प्रदेश में कारों में कीमतें 80 हजार रुपए से लेकर 15 लाख रुपए तक कम हुई हैं। छोटी कारों पर टैक्स घटाकर 28 फीसदी से 18 फीसदी जबकि बड़ी प्रीमियम कारों पर टैक्स बढ़ाकर 40 फीसदी कर दिया गया है। शारदीय नवरात्र के साथ ही लागू जीएसटी 2.0 का बड़ा असर आटोमोबाइल सेगमेंट में दिखा। जीएसटी में नए बदलाव के साथ ही सभी कारें 80 हजार से 5 लाख रुपए सस्ती हो गई। तो दुपहिया वाहनों की दाम में 10 फीसदी की कटौती हुई है। जिससे आम आदमी और मध्यम वर्ग के लिए कार, टीवी, बाइक और अन्य घरेलू सामान सस्ते हो गए हैं।

आरएमजे मोटर्स के सीएमडी सुनील जैन 501 ने बताया कि मारूति कंपनी 1 हजार सीसी की कारों में 80 हजार से 1 लाख रुपए तक दाम कम हुए हैं। इतना ही कंपनी मारूति एस-प्रेसो मॉडल की कार साढ़े 3 लाख रुपए में उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल, एलपीजी या सीएनजी वाली छोटी कारों (इंजन 1200 सीसी) पर अब 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। डीजल कारों के लिए इंजन 1500 सीसी पर 18 फीसदी जीएसटी लागू होगा। लग्जरी और बड़ी गाड़ियों पर 40 फीसदी जीएसटी लगेगा, लेकिन कोई सेस नहीं। पहले इन गाड़ियों पर 28 फीसदी का जीएसटी और कंपनशेसन सेस लगता था। नई नीति के बाद टाटा, हुंडई, होंडा, स्कोडा, महिंद्रा और टोयोटा जैसी बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनियों ने अपनी गाड़ियों की कीमतें कम करने का ऐलान किया है।



## मारुति सुजुकी में कटौती

▶▶ एस-प्रेसो: पहले 4,26,500 रु, अब 3,49,900 रु – कट ऑफ 76,600 रु
▶▶ स्विफ्ट: पहले 6,49,000 रु, अब 5,78,900 रु - कट ऑफ 70,100 रु
▶▶ बलेनो: पहले 6,74,000 रु., अब 5,98,900 रु. - कट ऑफ 75,100 रु.
▶▶ ग्रैंड विटारा: पहले 11,42,000 रु, अब 10,76,500 रु - कट ऑफ 66,500 रु

**टाटा में कटौती**
▶▶ नेक्सन: पहले 8,89,990 रु., अब 8,14,190 रु. - कट ऑफ 75,800 रु.
▶▶ सफारी: पहले 27,34,000 रु., अब 25,86,290 रु. - कट ऑफ 1,47,710 रु.
▶▶ हैरियर: पहले 26,69,000 रु., अब 25,84,890 रु. - कट

**टोयोटा में कटौती**
▶▶ फॉर्च्यूनर: पहले 50,09,000 रु, अब 46,75,000 रु – कट ऑफ 3,34,000 रु
▶▶ इनोवा: पहले 27,08,000 रु., अब 25,70,400 रु. - कट ऑफ 1,37,600 रु.
▶▶ लैंड क्रूजर: पहले 2,31,00,000 रु, अब 2,15,60,000 रु - कट ऑफ 15,40,000 रु

**टाटा मोटर्स**
▶▶ नेक्सॉन: 1.55 लाख रुपए तक कम
▶▶ सफारी: 1.45 लाख रुपए कम
▶▶ हैरियर: 1.40 लाख रुपए कम
▶▶ पंच: 85,000 रुपए कम
▶▶ टियागो: 75,000 रुपए कम
▶▶ अल्ट्रोज़: 1.10 लाख रुपए कम

**महिंद्रा एंड महिंद्रा**
▶▶ बोलेरो/नियो: 1.27 लाख रुपए कम
▶▶ एसयूवी3एक्सओ पेट्रोल: 1.40 लाख रुपए, डीजल: 1.56 लाख रुपए कम
▶▶ थार 2डब्ल्यूडी: 1.35 लाख रुपए, थार 4डब्ल्यूडी: 1.01 लाख रुपए
▶▶ वृश्चिक-एन: 1.45 लाख रुपए, एक्सयूवी 700: 1.43 लाख रुपए

### जीएसटी कटौती के बाद शोरूम्स खचाखच भरे कारों की बंपर बुकिंग

*नवरात्रि की शुरूआत के साथ जीएसटी कटौती के बाद आटोमोबाइल सेगमेंट में फोर व्हीलर्स और टू व्हीलर्स खरीदारों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। सभी शोरूम्स में नवरात्रि पर टाटा मोटर्स की 125 कारों की बुकिंग हुई तो, 100 से अधिक हीरो मोटरसाइल की बुकिंग और सेल हुई। जबकि आरएमजे मोटर्स के सुनील जैन 501 ने बताया कि शोरूम्स में पिछले तीन-चार दिनों से चहल पहल बढ़ी और अभी तक 500 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है।*

### नवरात्रि की रौनक बढ़ी बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी

*नवरात्रि शुरू होने के साथ ही छोटे-बड़े बाजारों में रौनक लौट आई है और लोग उत्साह के साथ खरीदारी कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार इस बार नवरात्रि पर बाजारों में अच्छी चहल-पहल है। कारोबारियों ने दुकानों में नवरात्र के लिए बाजार में कपड़ा, आभूषण, बर्तन, मोटर-कार, इलेक्ट्रिक, साज-सज्जा और पूजा सामग्री का सामान भंडारण कर रखा है।*

### मप्र और देश के रीढ़ कही जाने वाली छोटी-मझोली दवा निर्माता इकाइयों पर संकट

# कठोर नीतियों और सीडीएससीओ की सख्त कार्रवाई से पांच हजार इकाइयां बंद होने की कगार पर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश और देश की दवा निर्माण व्यवस्था की रीढ़ कही जाने वाली छोटी और मझोली दवा निर्माता इकाइयां (फार्मा एमएसएमई) आज अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट का सामना कर रही हैं। केंद्र सरकार की कठोर नीतियों और केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की हालिया सख्त कार्रवाइयों ने इन इकाइयों को बंदी की स्थिति तक पहुंचा दिया है। इसी को लेकर ज्वॉइंट फोरम ऑफ फार्मास्यूटिकल एमएसएमई ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं रसायन-उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा को विस्तृत ज्ञापन भेजकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग




की है। उक्त जानकारी फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यालय में हुई फार्मास्यूटिकल कंपनियों की समस्याओं एवं चुनौती मुद्दें की बैठक में दी गई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने की। इस बैठक में हिन्द फार्मा से डॉ. आरएस गोस्वामी, इंदौर से फेडरेशन ऑफ फार्मा इंटरप्रेन्योर्स से अमित चावला, एमएल जैन, प्रशांत सिंह एवं अभिजीत मोतीवाला के अलावा हिमांशु शाह चेयरमैन फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मध्यप्रदेश चैप्टर, एमएल जैन वाईस चेयरमैन फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मध्यप्रदेश, सुधीर वोरा, डॉ सुभाष रिजवानी सचिव फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्रेन्योर्स मौजूद रहे हैं। फोरम ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने राहत नहीं दी तो आने वाले महीनों में लगभग चार से पांच हजार इकाइयां बंद होने की नौबत में पहुंच जाएंगी, जिससे न केवल किफ़ायती दवाओं का उत्पादन ठप होगा बल्कि भारत का दुनिया की फार्मेसी के रूप में मिला गौरव भी संकट में पड़ सकता है।

### नीतियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़े उद्योगों के हित में और छोटे निर्माताओं के खिलाफ में

प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने बीते वर्षों में जीएसटी सुधार और अन्य योजनाओं से उद्योग को आत्मविश्वास दिया और छोटे निर्माताओं ने गुणवत्ता सुधार में निवेश भी किया, लेकिन अब सीडीएससीओ की नीतियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों और बड़े उद्योगों के हित में और छोटे निर्माताओं के खिलाफ काम कर रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि रोज़ाना जारी हो रहे नए सर्कुलरों ने व्यापार सुगमता की अवधारणा को ध्वस्त कर दिया है और उद्योग का भविष्य अधर में लटका दिया है।

### छोटे उद्योगों के लिए मौत का फरमान

एक और बड़ा संकट बायो-इक्विवेलेंस अध्ययन को लेकर है, जिसे दशकों से प्रमाणित दवाओं पर भी अनिवार्य कर दिया गया है और जिसकी लागत प्रति दवा 25 से 50 लाख रुपए है, जो छोटे उद्योगों के लिए मौत का फरमान है। इससे जन औषधि केंद्रों और सरकारी आपूर्ति व्यवस्थाओं में दवा संकट खड़ा हो जाएगा। इसी तरह एनडीसीटी नियम 2019 के अंतर्गत पहले से स्वीकृत दवाओं को न्यू ड्रग मानकर लाइसेंस वापस लेने की प्रक्रिया भी उद्योग के लिए घातक है। अमित चावला ने बताया कि ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि निर्यात एनओसी को केवल नशीली और लत पैदा करने वाली दवाओं तक सीमित किया जाए।

### 50 करोड़ से कम टर्नओवर वाली इकाइयों को 1 अप्रैल 2027 तक मोहलत दी जाए

डॉ.गोस्वामी ने बताया कि सबसे गंभीर समस्या 1 जनवरी 2026 से लागू होने वाले रीवाइज्ड शेड्यूल-एम मानकों को लेकर है, जिनका पालन भारी निवेश किए बिना संभव नहीं है और मौजूदा कर्ज बोझ में डूबी इकाइयां इसे वहन नहीं कर सकतीं, इसलिए मांग की गई है कि 50 करोड़ रुपए से कम वार्षिक टर्नओवर वाली इकाइयों को कम से कम 1 अप्रैल 2027 तक मोहलत दी जाए। फोरम ने यह भी आरोप लगाया है कि रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जहां छोटे उद्योगों को सिलेक्टिव तरीके से निशाना बनाया जाता है जबकि बड़ी कंपनियों की ओर से अमेरिका और अन्य देशों में हर महीने दवाओं की रिकॉल रिपोर्ट आने के बावजूद उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होती।

### बेंगलुरु से वाराणसी उड़ान

# टॉयलेट की जगह कॉकपिट में घुसने की कोशिश, हड़कंप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एअर इंडिया एक्सप्रेस की 22 सितंबर को बेंगलुरु से वाराणसी जाने वाली उड़ान के दौरान एक यात्री टॉयलेट की तलाश में कॉकपिट प्रवेश क्षेत्र में पहुंच गया। विमानन कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई और घटना की जांच जारी है। यात्री ने पुलिस को बताया है कि वह पहली बारहवाई जहाज में चढ़ा था और कॉकपिट को टॉयलेट समझ कर गेट खोलने की कोशिश कर रहा था। उसने बताया कि जब क्रू मेंबर ने उसे जानकारी दी कि वह कॉकपिट खोलने की कोशिश कर रहा है, तो वह अपनी जगह पर बैठ गया।

### पैनल कोड में यात्री ने डाला पासवर्ड

वाराणसी में विमान की लैंडिंग के बाद एक यात्री ने कॉकपिट के बगल में बने पैनल कोड में पासवर्ड डाला। इसके बाद पायलटों को अलर्ट गया कि कोई कॉकपिट में अंदर आना चाहता है। पायलट ने सीसीटीवी कैमरे में यात्री को देखा और उसके बाद रिक्वेस्ट को रिजेक्ट कर दिया। हालांकि यात्री बार-बार पासवर्ड डाल रहा था। जिस यात्री ने यह हरकत की थी, उसके साथ आठ और यात्री सफर कर रहे थे। बाद में सभी यात्रियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया और डीसीपी रैंक के ऑफिसर ने उनसे पूछताछ की।

### अपील स्वदेशी अपनाओ भारत बनाओ

# स्वदेशी खरीदेंगे और स्वदेशी बेचेंगे, तो ही भारत आत्मनिर्भर और मजबूत बनेगा : कैट

व्यापार प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपील की है कि स्वदेशी अपनाओ ,भारत बनाओ। इसके लिए संगठन द्वारा राजधानी भोपाल सहित देशभर में कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद आलोक शर्मा के इस अपील को मूर्तरूप देने में जुटे कैट के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की अपील का असर बाजार में दिखने लगाया है। लोगों में स्वदेशी अपनाओं अभियान के प्रति जबरदस्त उत्साह और सहभागिता देखने को मिल रही। जो हम सभी के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है कि समाज स्वदेशी की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य अपना देश, अपना सामान ,यही है सबसे बड़ा सम्मान के अलावा स्वदेशी अपनाओ, किसान का जीवन सजाओ है। संगठन सभी जनमानस से अनुरोध कर रहा है कि अधिक -अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करें। क्योंकि जब हम स्वदेशी खरीदेंगे और स्वदेशी बेचेंगे, तभी हमारा भारत आत्मनिर्भर और मजबूत बनेगा।



स्वदेशी अपनाओ- भारत बनाओ, विश्व में अपने तिरंगे का मान बढ़ाओ के इस अभियान में कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.सी भरतिया, राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, श्रमश्री अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष तेजपाल सिंह पाली, राजेश भूरानी,दीपक वाधवानी ,अपूर्व पवैया, अनिल राजदेव , विवेक साहू ,अभिषेक साहू, अशोक जैन रवि तलरेजा, प्रेम नारायण यादव सहित समस्त कैट परिवार ने संगठन के इस अभियान का पुरजोर समर्थन करते हुए मूर्तरूप में देने में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाने में जुटे हुए हैं।

# स्पेस वॉर में दुश्मन की हर चाल पर अब रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत लगातार अपनी सैन्य क्षमताओं में इजाफा कर रहा है। इसी कड़ी में देश अब अंतरिक्ष को लेकर अपनी सुरक्षा रणनीति को और मजबूत करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक भारत सरकार ने खास योजना बनाई है, जिसके तहत बॉडीगार्ड सैटेलाइट्स तैयार किए जाएंगे। इनका काम होगा भारतीय उपग्रहों को दुश्मन देशों की संभावित चालों और हमलों से बचाना। जैसे एस 400 डिफेंस सिस्टम जमीन पर दागी जाने वाली मिसाइलों से रक्षा करता है, वैसे ही ये सैटेलाइट अंतरिक्ष में भारतीय उपग्रहों को दुश्मन देशों के हर खतरे से बचाएगी।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें :- 8335914373 (रायपुर /11/ अक्टूबर/25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# कॉस्ट्यूम और डिज़ाइन के ज़रिए दुनिया रचती रही मंजरी साहू

**जबलपुर।** वेस्ट एंड के रंगमंच से लेकर स्वतंत्र फिल्मों के अंतरंग सेट तक, मंजिरी साहू ने परफॉर्मेंस डिज़ाइन में एक गतिशील करियर बनाया है, जिसमें कला और तकनीकी दक्षता का सुंदर मेल देखने को मिलता है। रॉयल वेल्श कॉलेज ऑफ म्यूज़िक एंड ड्रामा से परफॉर्मेंस डिज़ाइन में मास्टर्स और महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फाइन आर्ट्स की पढ़ाई के साथ, उनका काम कॉस्ट्यूम डिज़ाइन, सेट निर्माण, प्रॉप मेकिंग और बैकस्टेज सपोर्ट तक फैला हुआ है।मंजरी के बारे में जानकारी देते हुए प्रो. डिम्पी मिश्रा डीन, स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशनबीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ, ने बताया कि स्टेज और स्क्रीन को सजाना मंजरी की खासियत है,वेवर्तमान में डिज़्नी की हरक्यूलिस में ड्रेसर के रूप में कार्यरत है।कई कलाकारों को तैयार करती हैं, क्विक चेंजेस संभालती हैं, कॉस्ट्यूम प्लॉट्स बनाती हैं, रिपेयर और मेंटेनेंस करती हैं, और लॉन्ड्री का ध्यान रखती हैं।यह सब सुनिश्चित करता है कि हर दृश्य में कलाकार पूरी तरह तैयार हों।डिम्पी मिश्रा प्रख्यात अभिनेता–निर्देशक एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी (एस.एन.ए.) पुरस्कार से सम्मानित है।इनका मंजरी के बारे में सटीक विश्लेषण बताता है किइमैजिनरी पार्टी लिमिटेड और कैबरे, द किट कैट क्लब में वार्डरोब असिस्टेंट के रूप में उनके पिछले अनुभवों में कॉस्ट्यूम अल्टरशन, फिटिंग्स, ऑर्गनाइजिंग और परफॉर्मर्स को



तैयार करना शामिल था। हाई-प्रेशर माहौल में उनकी बैकस्टेज विशेषज्ञता समय और विवरण की सटीकता में झलकती है।

### मंजरी कहानी कहने की डिज़ाइन

वॉइसलेस नामक शॉर्ट फिल्म में प्रोडक्शन डिज़ाइनर के रूप में सेट और कॉस्ट्यूम डिज़ाइन, प्रॉप निर्माण और मेकअप की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने कहानी को दृश्य रूप में बदलने की कला से फिल्म की दुनिया को जीवंत और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बना दिया।द सुइंग ग्रुप ,और हाउ टू होल्ड योर ब्रीथ में रिचर्ड बर्टन कंपनी के साथ उनके काम ने कॉस्ट्यूम सोर्सिंग, बजटिंग, फिटिंग्स और स्पेशल इफेक्ट्स मेकअप में उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाया। उन्होंने रचनात्मक दृष्टिकोण और प्रोडक्शन मैनेजमेंट के बीच संतुलन बनाए रखा।मंजिरी की तकनीकी क्षमताएं उनकी कलात्मक प्रतिभा जितनी ही विविध हैं। सीनिक पेंटिंग और वेल्डिंग से लेकर मोल्ड मेकिंग और 3डी प्रिंटिंग तक, वह हर प्रोजेक्ट में हाथ से काम करने का दृष्टिकोण अपनाती हैं। ओपेनहाइमर में स्पेशलाइज़्ड प्रॉप मेकर के रूप में उनकी भूमिका ने उनके हस्तशिल्प कौशल को उजागर किया, जिससे प्रोडक्शन की प्रामाणिकता और बढ़ गई।

### फाइन आर्ट्स कैरियर की रखी नींव

उनकी शिक्षा ने एक ऐसे करियर की नींव रखी जो सौंदर्यशास्त्र और कार्यक्षमता को जोड़ता है। चाहे वह फैब्रिक डाई करना हो, पैटर्न ड्राफ्ट करना हो या सेट बनाना—मंजिरी का काम विजुअल स्टोरीटेलिंग और मटेरियल हैंडलिंग की गहरी समझ से प्रेरित है। मंजिरी साहू सिर्फ एक डिज़ाइनर नहीं हैं। वह एक कहानीकार, तकनीशियन और सहयोगी हैं। उनका काम पात्रों और उन की दुनिया को जीवंत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।हर सिलाई, हर प्रॉप, हर दृश्य के साथ।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 5998



**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली- 5997 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | ■ | टा | ■ | द | वा | खा | ना |
| ■ | क्षय | ■ | व | ■ | ल | क | वा | ■ | र | ज |
| ज | ■ | ■ | कु | सु | म | ■ | त | ■ | ■ | नी |
| ब | द | मा | श | ■ | टो | ना | ■ | सौ | त | न |
| र | ■ | हि | ■ | फा | ल | ■ | प्रा | ■ | न | ■ |
| न | ग | र | वा | सी | ■ | ग | ण | ना | य | क |
| ■ | र | ■ | द | ■ | मा | ली | ■ | पा | ■ | ल |
| अ | ल | ग | ■ | म | न | ■ | चौ | की | दा | र |
| प | ■ | ■ | चि | ■ | सि | स | की | ■ | ■ | व |
| रा | ज | ■ | क | न | क | ■ | दा | ■ | मे | ■ |
| ध | इ | क | न | ■ | ता | ■ | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल - 6008

* * * * * कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6007 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## खबर संक्षेप



### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच खेलेगी मैच

**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेस्सी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेस्सी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है। अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आयेगी।

### हैंपशर के खिलाफ मैच के लिए राहुल चाहर सर्रे टीम में



**लंदन।** भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर को हैंपशर के खिलाफ इंग्लिश काउंटी सत्र के आखिरी मैच के लिये सर्रे टीम में शामिल किया गया है। यह मैच 24 से 27 सितंबर तक यूटिलिटा बाउल में खेला जायेगा । सफेद गेंद के क्रिकेट में सात बार भारत के लिये खेल चुके 26 वर्ष के चाहर ने सितंबर की शुरूआत में काउंटी चैम्पियनशिप सत्र के लिये रजिस्टर कराया था लेकिन वार्विकशर और नॉटिंघमशर के खिलाफ उनकी जरूरत नहीं पड़ी। सर्रे काउंटी ने एक्स पर लिखा ,'' लेग स्पिनर राहुल चाहर काउंटी चैम्पियनशिप के आखिरी मैच के लिये टीम में हैं । वह रणजी ट्रॉफी में राजस्थान के लिये खेलते हैं और भारत के लिये सीमित ओवरों के क्रिकेट में सात मैच खेल चुके हैं ।' चाहर ने सर्रे की वेबसाइट पर कहा ,'' इस सप्ताह के मैच के लिये सर्रे से जुड़कर खुश हूं । मैं टीम की जीत में योगदान देना और अपना प्रभाव छोड़ना चाहता हूं ।

### मेघना ने किया कोरिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश

**सुवोन।** भारतीय खिलाड़ी मेघना रेड्डी ने मंगलवार को क्वालीफायर में सीधे गेम में जीत दर्ज कर कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।



इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दौर में चीनी ताइपे की पेई चू चेन को 21-6, 21-18 से हराने के बाद जापान की रिरिना हिरामोटो को रोमांचक मुकाबले में 21-19, 22-20 से पछाड़कर 475,000 डॉलर इनामी टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की की।
मेघना के सामने पहले दौर में थाईलैंड की तोनरुग साएहेंग की चुनौती होगी।

### महान अंपायर डिकी बर्ड का 92 साल की उम्र में निधन



**लंदन।** बेहद लोकप्रिय और महान अंपायर हेरोल्ड 'डिकी' बर्ड का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बर्ड ने 1973 और 1996 के बीच अपने लंबे करियर में 66 टेस्ट और 69 एकदिवसीय मैचों में अंपायरिंग की थी। अंपायर के तौर पर बर्ड का आखिरी टेस्ट 1996 में लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। इसी मैच में पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारूप में पदार्पण किया था। बर्ड अपने फैसलों की सटीकता और अपनी खास आदतों के कारण दर्शकों और खिलाड़ियों दोनों के बीच काफी लोकप्रिय थे। वह अकसर मैच स्थल पर सुबह छह बजे ही पहुंच जाते थे।

# महिला क्रिकेट वनडे में लैनिंग ने 15, स्मृति और बेट्स ने जड़े 13-13 शतक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट में महिला खिलाड़ियों ने वनडे मैचों में अपनी बल्लेबाजी क्षमता को पूरी दुनिया के सामने कई बार साबित किया है। इस प्रारूप में कई बल्लेबाजों ने यादगार शतकों से टीम को जीत दिलाई है। कुछ खिलाड़ी तो लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं और कई शतक जड़ दिए हैं। ऐसे में आइए वनडे क्रिकेट के इतिहास में उन महिला खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं, जिन्होंने सबसे ज्यादा शतक अपने नाम किए हैं।



### मेग लैनिंग (15 शतक)

इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज मेग लैनिंग हैं। उन्होंने 2011 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। आखिरी बार वह 2023 में ये प्रारूप खेलती हुईं नजर आईं थीं। उन्होंने 103 मुकाबलों की 102 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 15 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 53.51 की औसत से 4,602 रन निकले हैं। लैनिंग ने 21 अर्धशतक भी लगाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 152* रन रहा है।

### स्मृति मंधाना और सूजी बेट्स (13-13 शतक)

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 2 खिलाड़ी स्मृति मंधाना और न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की सूजी बेट्स हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने वनडे करियर में 13-13 शतक जड़े हैं। मंधाना 108 मुकाबलों की 108 पारियों में ये शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 47.92 की औसत से 4,888 रन निकले हैं। बेट्स ने 171 मैचों की 164 पारियों में 39.83 की औसत से 5,896 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 37 अर्धशतक भी निकले हैं।



### टैमी ब्यूमोंट (12 शतक)

इस सूची में तीसरे स्थान पर इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी टैमी ब्यूमोंट हैं। उन्होंने साल 2009 में अपना पहला वनडे मुकाबला खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 132 वनडे मुकाबले खेले हैं और इसकी 122 पारियों में 12 शतक लगाए हैं। उनके बल्ले से 41.16 की औसत से 4,528 रन निकले हैं। ब्यूमोंट ने अपने वनडे करियर में 23 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 168* रन रहा है।

### इन खिलाड़ियों ने जड़े हैं 9 शतक

महिला वनडे क्रिकेट में 5 खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से 9-9 शतक लगाए हैं। ये खिलाड़ी हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), लौरा वोलवर्ड्ट (दक्षिण अफ्रीका), नेट साइवर ब्रंट (इंग्लैंड), चमारी अट्टापट्टू (श्रीलंका) और चार्लोट एडवर्ड्स (इंग्लैंड) हैं। इन खिलाड़ी में सबसे ज्यादा रन एडवर्ड्स के बल्ले से निकले हैं। उन्होंने 191 मैचों की 180 पारियों में 38.16 की औसत से 5,992 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 46 अर्धशतक भी निकले हैं।

**एशिया कप 2025 : मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से**

# विजय रथ पर सवार टीम इंडिया का मुकाबला आज बांग्लादेश से

**शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी पर रहेगी नजर**

एजेंसी ▶▶| दुबई

एशिया कप 2025 में सुपर-4 के चौथे मैच में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना आज 24 सितंबर बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट टीम से होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तक अजेय है और वह विजयी क्रम को बरकरार रखना चाहेगी। बांग्लादेश ने सुपर-4 में अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को 4 विकेट से हराया है। ऐसे में वह भी जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। वहीं अगर बात की जाए दोनों टीमों की तो बांग्लादेश के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी है। भारत और बांग्लादेश के बीच यह महामुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 24 सितंबर को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से खेला जायेगा।

### बांग्लादेश के खिलाफ भारी रहा है भारत का पलड़ा

एशिया कप के वनडे और टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच 15 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 13 में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की है और 2 मैच बांग्लादेश ने जीते हैं। टी-20 प्रारूप में दोनों टीमें 2 बार आमने-सामने हुई हैं और दोनों में ही भारतीय टीम को जीत मिली है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में दोनों टीमें 17 बार भिड़ी हैं, जिसमें भारत ने 16 जीते हैं, जबकि बांग्लादेश की टीम ने सिर्फ एक मैच जीता है।



### विजयरथ पर सवार है भारत

एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रही है. टीम इंडिया ने खेले गए अब तक 4 मुकाबलों में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं, बांग्लादेश की बात करें, तो उसने पिछले मैच में श्रीलंका को हराकर उनके विजयरथ पर विराम लगाया था। इसलिए टीम इंडिया बांग्लादेशी टीम को हल्के में नहीं ले सकती।

### बुमराह से टीम को दमदार प्रदर्शन की रहेगी उम्मीद

भारतीय टीम को शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी से फिर से शानदार शुरुआत की उम्मीद रहेगी। विकेटकीपर के रूप में संजू सैमसन फिर मध्यक्रम को संभालते दिखाई दे सकते हैं। जसप्रीत बुमराह से टीम को इस बार दमदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

### चोटिल हुए बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास



बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशिया कप 2025 के सुपर-4 मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम से भिड़ना है। 24 सितंबर को होने वाले इस मैच से ठीक पहले बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास चोटिल हो गए हैं। दरअसल, 22 सितंबर को ट्रेनिंग के दौरान उनकी पीठ में खिंचाव आ गया। अब उनके भारत के खिलाफ अगले मैच में खेलने को लेकर स्पष्टता नहीं है। खबरों के मुताबिक, लिटन को नेट पर स्क्वायर कट का प्रयास करते समय कमर के बाईं ओर तकलीफ महसूस हुई और टीम के फिजियो बायजद उल इस्लाम द्वारा जांच के बाद उन्होंने सत्र से नाम वापस ले लिया। बीसीबी के एक अधिकारी ने बताया, हम आज उनकी (लिटन) जांच करेंगे क्योंकि बाहर से वह बिल्कुल ठीक लग रहे हैं, लेकिन अंतिम निर्णय लेने से पहले हमें उनका मेडिकल परीक्षण करना होगा।

**महिला वनडे विश्व कप 2025**

# ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस टूर्नामेंट से हुई बाहर

**भारत-श्रीलंका की मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होना है मैच**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप 2025 से पहले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम की प्रमुख ऑलराउंडर ग्रेस हैरिस शनिवार (20 सितंबर) को भारत के खिलाफ फील्डिंग करते हुए पिंडली में खिंचाव के कारण विश्व कप से बाहर हो गई है। वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ जानी वनडे सीरीज के शेष मैचों से भी बाहर हो गई हैं।

### हैरिस की जगह हीथर टीम में शामिल

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हैरिस के बाहर होने के बाद हीथर ग्राहम को टीम में शामिल किया है, जो बुधवार और गुरुवार को महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के पहले दो मैचों के बाद भारत पहुंचकर टीम से जुड़ेंगी। हैरिस वनडे विश्व कप 2022 में भी टीम का हिस्सा थी, लेकिन कोई मैच नहीं खेल पाई थी। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व कप टीम में जगह बनाई थी।

### ऐसा रहा है हैरिस का अंतरराष्ट्रीय करियर

हैरिस को निचले क्रम में बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाता है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 12 वनडे मैचों में केवल 16 रन बना पाई है और उन्होंने 12 विकेट भी अपने नाम किए हैं। उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार प्रदर्शन किया है। वह 54 टी-20 अंतराष्ट्रीय मैचों की 35 पारियों में एक अर्धशतक की मदद से 577 रन बनाने में सफल रही हैं। इसी तरह उन्होंने 13 पारियों में गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट भी चटकाए हैं।

**क्रिकेट**

# हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया के कप्तान बने दिनेश कार्तिक



एजेंसी ▶▶| हांगकांग

भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस टूर्नामेंट के लिये भारत की टीम का कप्तान बनाया गया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट सात नवंबर से खेला जायेगा।

कार्तिक ने कहा हांगकांग सिक्सेस में टीम इंडिया की कप्तानी संभालना गर्व की बात है। मुझे इतने बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का इंतजार है। हम बेखौफ और मनोरंजक क्रिकेट खेलेंगे। क्रिकेट हांगकांग चाइना के अध्यक्ष बुर्जी श्रॉफ ने कहा दिनेश कार्तिक को हांगकांग सिक्सेस 2025 के लिये टीम इंडिया का कप्तान बनाकर हम रोमांचित हैं। उनकी कप्तानी और अपार अनुभव टीम के काफी काम आयेगा और हमें यकीन है कि उनकी मौजूदगी दर्शको के आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## धीमी गति से ओवर फेंकने पर महिला टीम इंडिया पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईसीसी वुमेन्स वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत 30 सितंबर से होने वाली है, लेकिन उससे पहले भारतीय महिला टीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई वनडे सीरीज के आखिरी मैच में भारत को हार का सामना करना पड़ा, जिसके चलते सीरीज 2-1 से पिछड़ गई। इस मैच में भारत की महिला टीम वक्त पर मैच को खत्म नहीं कर पाई और स्लो ओवर रेट का शिकार हुई। इसी के चलते आईसीसी इंटरनेशनल पैनल की मैच रैफरी जीएस लक्ष्मी ने भारतीय टीम पर जुर्माना लगाया है, जो निर्धारित समय पर लक्ष्य से दो ओवर पीछे थी।




**मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना**

आईसीसी ने अपने बयान में कहा है कि स्लो ओवर रेट के अपराध के संबंध में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिये आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट की धारा 2.22 के तहत टीम के खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिये मैच फीस का 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा।

## श्रीजेश का लक्ष्य सीनियर टीम का मुख्य कोच बनना

**नई दिल्ली।** हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अगले पांच वर्ष में वह सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनने का अपना सपना साकार कर लेंगे और उस समय तक वह जूनियर खिलाड़ियों के साथ काम करते हुए आवश्यक परिपक्वता हासिल कर लेंगे। श्रीजेश जूनियर पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच हैं और सीनियर टीम की जिम्मेदारी लेने की इच्छा पहले ही व्यक्त कर चुके हैं। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश का मानना है कि भारतीय टीम में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले आगामी जूनियर विश्व कप में पोडियम पर जगह बनाने की क्षमता है। श्रीजेश ने कहा, ''मुझे सीनियर कोच बनने के लिए उस परिपक्वता की जरूरत है। मैं अचानक इसमें नहीं कूद सकता। श्रीजेश ने कहा मुझे लगता है कि पांच से छह साल बाद मेरे पास कोच के रूप में भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करने का अनुभव होगा।



# वनडे रैंकिंग में भारत का दबदबा, हार के बाद भी टॉप पर स्मृति, खेली थी शानदार पारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की महिला टीम और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही है। इसी सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इसी बीच आईसीसी ने महिलाओं की वनडे रैंकिंग जारी की है। जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने आईसीसी महिला ओडीआई बल्लेबाजी रैंकिंग में खुद को टॉप स्थान को बनाए रखा है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए पहले वनडे में 63 गेंदों पर 58 रन की शानदार पारी खेलकर यह मुकाम हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नेट साइवर-ब्रंट को आगे नहीं आने दिया। यह चौथी बार है जब मंधाना ने रैंकिंग में नंबर एक का स्थान पाया है।



इस मैच में ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद, उनकी खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। बेथ मूनी 77 रनों की नाबाद पारी खेलकर तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। प्लेयर ऑफ द मैच रहीं फोबे लिचफील्ड 88 रन बनाकर 13 पायदान की लंबी छलांग के साथ एनाबेल सदरलैंड के साथ 25वें स्थान पर आ गई हैं। वहीं यह मैच टीम इंडिया हार कई फिर भी मंधाना की रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा।

**नीलामी के लिए कराया पंजीकरण**

# अश्विन इंटरनेशनल लीग के साथ बीबीएल में भी खेलेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने के बाद अब दुनियाभर की लीग में खेलने के तैयार है। रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग और संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाने वाली इंटरनेशनल लीग टी-20 दोनों में खेल सकते हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने आईएलटी20 नीलामी के लिए पंजीकरण भी करा लिया है और बीबीएल की टीमों से भी बात चल रही है।



### 1 अक्टूबर को होगी आईएलटी-20 के लिए नीलामी

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन काफी समय से आईएलटी 20 आयोजकों से बातचीत कर रहे थे और पिछले दिनों उन्होंने इसकी नीलामी के लिए पंजीयन भी करा लिया है। इस लीग के आगामी संस्करण के लिए 1 अक्टूबर की नीलामी होगी। इसी तरह वह बीबीएल में खेलने के लिए कई टीमों से बातचीत कर रहे हैं। इनमें सिडनी सिक्सर्स, सिडनी थंडर, रिकी पोंटिंग की होबार्ट हरिकेंस और टिम पेन की एडिलेड स्ट्राइकर्स शामिल हैं। हालांकि, वह एक ही टीम से जुड़ेंगे।

### पंजीयन को लेकर अश्विन ने क्या कहा?

आईएलटी20 लीग में पहली बार हो रही नीलामी के लिए पंजीयन की पुष्टि करते हुए अश्विन ने कहा, मैंने नीलामी के लिए पंजीकरण करा लिया है। उम्मीद है 6 में से एक टीम मेरे लिए बोली लगाने में दिलचस्पी दिखाएगी। हालांकि उन्होंने बीबीएल को लेकर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन संकेत हैं कि कुछ दिनों में सब कुछ तय हो जाएगा। बता दें कि इस साल आईएलटी20 में सीधा प्रवेश न मिलने से अश्विन को नीलामी में जाना पड़ा है।

### ऐसा है दोनों टी-20 लीगों का कार्यक्रम?

रिपोर्ट के अनुसार, अश्विन के लिए दोनों लीगों में पूरा समय देना बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि दोनों लीगों के कार्यक्रम आपस में टकरा रहे हैं। आईएलटी 20 सीरीज 2 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक खेली जाएगी, जबकि बीबीएल का आयोजन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होगा। मौजूदा स्थिति के नुसार, अश्विन आईएलटी20 से शुरुआत करेंगे और फिर बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया रवाना होंगे। हालांकि, कार्यक्रम के आपस में टकराने के कारण बीबीएल में इस साल उनकी उपलब्धता सीमित रहेगी।




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Also available on Flipkart amazon.in

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at select dealerships. **Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. 'Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. 'Limited period offer, T&C apply. Actual mileage may vary based on road and riding conditions. 'Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *T&C apply. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## बस स्टैंड चौकी पुलिस की मुस्तैदी से टली बड़ी वारदात, कार समेत पिस्टल जब्त

# नाबालिग के बाद शातिर बदमाश निक्की गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के दौरान जब पूरा शहर टीवी स्क्रीन पर सस्पेंस और रोमांच में डूबा हुआ था। उस समय बस स्टैंड चौकी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शातिर बदमाशों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक नाबालिग को पिस्टल सहित गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसका साथी और कुख्यात अपराधी निक्की उर्फ नितिन ठाकुर निवासी मांडवा बस्ती, रामपुर मौके से फरार हो गया था। लेकिन पुलिस की लगातार घेराबंदी और प्रयासों के चलते फरार आरोपी निक्की को मंगलवार को बस स्टैंड चौकी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

### तेज रफ्तार कार ने खींचा ध्यान

रविवार देर रात बस स्टैंड चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव अपनी टीम के साथ तीन पत्ती चौक पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान बलेनो कार एमपी 20 सीजी 6119 तेज रफ्तार से आती नजर आई। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रफ्तार और तेज कर दी। पीछा करने पर कार को आरोपी तीन पत्ती क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गया।

### नाबालिग से पिस्टल बरामद

कार की अगली सीट पर बैठे काले शर्ट पहने एक नाबालिग को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से पिस्टल बरामद हुई। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि यह हथियार निक्की का है। पुलिस ने तुरंत कार और हथियार जब्त कर लिया।



### शातिर निक्की पर कई मामले दर्ज

निक्की उर्फ नितिन ठाकुर के खिलाफ गोराबाजार समेत कई थानों में बमबाजी, मारपीट और अड़ीबाजी जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। पुलिस को आशंका थी कि वह नाबालिग साथी के साथ किसी बड़ी वारदात की फिराक में था। फरारी के बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज की और आखिरकार मंगलवार को उसे दबोच लिया।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी जगन्नाथ यादव, एएसआई शिव विश्वकर्मा, आरक्षक दीपक, प्रियांश झारिया और शुभम दाहिया की भूमिका सराहनीय रही।




### पिंटू अन्ना गैंग का सदस्य निकला नाबालिग

चौकी प्रभारी यादव ने बताया कि पकड़ा गया नाबालिग पिंटू अन्ना गैंग का सक्रिय सदस्य है और उसके खिलाफ गोहलपुर थाने में भी अपराध दर्ज हैं।

# दस किलोमीटर में ही खत्म हो जाता है एक लीटर पेट्रोल!

## नई होंडा एक्टिवा में गंभीर खराबी! उपभोक्ता फोरम ने कंपनी व डीलर को भेजा नोटिस

हरिभूमि, जबलपुर।

एक कामकाजी महिला द्वारा खरीदी गई नई होंडा एक्टिवा स्कूटी में लगातार गंभीर खराबियां आने के मामले को जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके स्थानीय डीलर फ्रंटियर होंडा, पनागर (रिलायंस पेट्रोल पंप के पास, जबलपुर) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### यह है पूरा मामला

शिकायतकर्ता श्रीमती श्यामा रैकवार, जो अपने परिवार की एकमात्र कमाऊ सदस्य हैं, ने बताया कि उन्होंने 6 अगस्त 2024 को फ्रंटियर होंडा से 1,00,959 रुपये में एक्टिवा (डीएलएक्स) स्कूटी लोन पर खरीदी थी। लेकिन खरीद के सिर्फ 15 दिन बाद, यानी 16 अगस्त से ही वाहन में लगातार गंभीर खराबियां आने लगीं।

### शिकायत में लगाए गए आरोप

आयोग में दायर शिकायत के अनुसार स्कूटी चलते-चलते अचानक बंद हो जाती थी, जिससे सड़क पर हादसे का खतरा बना रहता था। बंद होने पर सेल्फ-स्टार्ट और किक-स्टार्ट दोनों ही काम नहीं करते थे। वाहन में अत्यधिक ईंधन खपत हो रही थी, लगभग 10 किमी में ही 1 लीटर पेट्रोल खत्म हो जाता था। वाहन बंद होते ही इंडिकेटर व हेडलाइट समेत इलेक्ट्रिकल पार्ट्स फेल हो जाते थे।

### डीलर पर लापरवाही का आरोप

रैकवार ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने पर भी डीलरशिप प्रबंधन ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। हर बार इसे 'सामान्य खराबी' बताकर सर्विसिंग की जाती रही। 15 अप्रैल 2025 को अंतिम बार सर्विसिंग के बाद भी वाहन पूरी तरह से बंद पड़ा है और अब चलने लायक नहीं है।

### यह मांगी गई राहत

शिकायतकर्ता ने आयोग से मांग की है कि विपक्षी पक्ष या तो उन्हें नई स्कूटी उपलब्ध कराए या पूरी खरीद राशि वापस लौटाए। इसके अलावा, मानसिक परेशानी, आय के नुकसान और लोन की किस्तों का बोझ झेलने के कारण 3 लाख रुपये हर्जाने की भी मांग की गई है। इस मामले में शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, पंकज तिवारी, अरविंद सिंह चौहान और शुभम पाटकर ने पैरवी की। उपभोक्ता फोरम ने नोटिस जारी कर कंपनी और डीलर से जवाब तलब किया है।



# कलेक्टर, कप्तान और कमिश्नर ने किया पैदल भ्रमण

**संवेदनशील जुलूस मार्गों का लिया जायजा, दिए सख्त निर्देश**

हरिभूमि, जबलपुर।

नवरात्रि पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से तैयारियों का जायजा लिया। मंगलवार शाम कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय एवं नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार ने संवेदनशील जुलूस मार्गों पर पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मंदिर परिसरों एवं विसर्जन मार्ग पर लगाई गई सुरक्षा व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश दिए गए।

यह रहे उपस्थित-इस दौरान एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई हनुमानताल धीरज राज और टीआई गोहलपुर रीतेश पाण्डे भी मौजूद रहे।

## हमला कर लूट करने वाले तीन गिरफ्तार

**जबलपुर।** माढोताल क्षेत्रांतर्गत चाकू से हमला कर लूट और अवैध वसूली के मामलों में पुलिस ने तीन फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बटनदार चाइना चाकू और एक्टिवा भी जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों में 25 वर्षीय मोह. फैसल अंसारी, 21 वर्षीय मोह. आजाद अंसारी और 19 वर्षीय रहीम उर्फ मुसाहिद अंसारी शामिल हैं। सभी आरोपी हनुमानताल क्षेत्र के निवासी हैं। आरोपियों ने पूछताछ में सुरेश कुमार चहल और रंजीत यादव के साथ पिछले एक माह में की गई चोरी और लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चाकू और एक्टिवा बरामद कर उनको न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उनको जेल भेज दिया।



**62 शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश**

# कप्तान ने जन सुनवाई में सुनी आम जनता की शिकायतें

**जबलपुर।** आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के द्वारा जन सुनवाई आयोजित की गई। इस अवसर पर शहर और ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों ने अपने मुद्दे और समस्याएं सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने रखीं। जन सुनवाई में कुल 62 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें पति-पत्नी/परिवारिक विवाद, जमीन-संपत्ति संबंधित मामलों, मारपीट और साइबर अपराध प्रमुख थीं। कपतान उपाध्याय ने सभी शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर शीघ्र वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सम्बंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को शिकायतों का तत्काल और समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए।

### यह रहे उपस्थित

इस दौरान एएसपी जितेन्द्र सिंह, डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय, डीएसपी मुख्यालय बीएस गोठरिया भी उपस्थित रहे।

# अब पीड़ित बेजुबानों की जुबान भी समझेगी पुलिस

## अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर जबलपुर पुलिस की अनोखी पहल

हरिभूमि, जबलपुर।

मूक-बधिर पीड़ित जब थाने पहुंचते हैं तो उनकी बातों को समझ पाना पुलिस के लिए कठिन होता है। इसी समस्या को दूर करने के लिए मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर जबलपुर पुलिस ने सराहनीय कदम उठाया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बेसिक सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण देकर हाथों की मुद्राओं और संकेतों से बातचीत करना सिखाया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा की उपस्थिति में आयोजित हुआ। सक्षम ऑर्गनाइजेशन संस्था द्वारा कराए गए इस प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को मूक-बधिरों से संवाद स्थापित करने के व्यावहारिक तरीके बताए गए।




### हर पीड़ित तक पहुंचे न्याय

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य समाज के हर पीड़ित तक न्याय पहुंचाना है। मूक-बधिरों से प्रभावी संवाद के लिए यह प्रशिक्षण उपयोगी साबित होगा। उनकी शिकायतों को समझने के बाद तुरंत कानूनी कार्यवाही संभव होगी।

प्रशिक्षण प्राप्त पुलिस कर्मियों को जिले के किसी भी थाने में मूक-बधिर व्यक्तियों से संबंधित शिकायत मिलने पर तैनात किया जाएगा। वे मौके पर पहुंचकर पीड़ितों की बात समझेंगे और कार्यवाही कराएंगे।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर शासकीय स्कूल के प्रिंसिपल शिव शंकर कपूर, महाकौशल बधिर संघ के प्रेसिडेंट संजय सोनी, जनरल सेक्रेटरी प्रमोद नायर, सक्षम ऑर्गनाइजेशन के अक्षय सोनी सहित पुलिस विभाग से डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय, सीएसपी अधारताल राजेश्वरी कौरव, सीएसपी रांझी सतीष साहू और करीब 25 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



# हार्टफुलनेस मेडिटेशन का प्रथम सत्र सम्पन्न

## 6वीं वाहिनी विसबल जबलपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार सेनानी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी जबलपुर में प्रशिक्षणार्थियों के मानसिक संतुलन, तनाव मुक्त जीवन एवं आंतरिक शुद्धि हेतु हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंगलवार को आयोजित प्रथम सत्र में आरक्षक सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने कान्हा शांतिवनम हैदराबाद से प्रमाणित प्रशिक्षक के रूप में ध्यान कराया। इस दौरान प्रशिक्षण शाला के 282 प्रशिक्षणार्थियों और 28 प्रशिक्षक दल सहित कुल 310 सदस्यों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को तनाव मुक्ति, ध्यान और आत्मिक शांति का अभ्यास कराया गया। यह ध्यान कार्यक्रम तीन दिवसीय श्रृंखला का हिस्सा है, जिसमें आगे के सत्रों में प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, मानसिक ऊर्जा और आत्मनियंत्रण पर विशेष अभ्यास कराया जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर सहायक सेनानी एमपी सिंह, निरीक्षक विक्रम सिंह, विजय मेहरा, स्वरूप सिंह उइके सहित पीटीएस के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 660 मेगावाट की स्थापना पर अभियंता संघ ने जताया आभार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा जॉइंट वेंचर को निरस्त कर अमरकंटक एवं सारणी ताप विद्युत गृहों में 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयों की स्थापना मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के स्वामित्व में कराने के कैबिनेट निर्णय पर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ ने आभार व्यक्त किया है। संघ ने अध्यक्ष हितेश तिवारी ने कहा कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आम जनता को दीर्घकाल तक सस्ती एवं विश्वसनीय बिजली उपलब्ध होगी। महासचिव विकास शुक्ला ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी तथा राज्य की उत्पादन कंपनी को अपनी क्षमता और तकनीकी दक्षता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

# कुलगुरु के वाहन में बांध दिए काले गुब्बारे

## कर्मचारियों की हड़ताल से छात्रों को परेशानी, एनएसयूआई का प्रदर्शन

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ की पिछले एक हफ्ते से चल रही हड़ताल से विद्यार्थियों को लगातार परेशानी हो रही है उनकी न तो डिग्री बन पा रही है और न ही माइग्रेशन का काम हो पा रहा हैं। अन्य प्रशासनिक कामकाज भी प्रभावित हैं। इधर रादुविवि प्रबंधन कोई निर्णय नहीं कर पा रहा। कर्मचारी संघ कुलगुरु से लेकर कुलाधिपति तक गुहार लगा चुके है लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। छात्रों की परेशानी देखते हुए एनएसयूआई ने बुधवार को कुलगुरु को काले गुब्बारे दिखाए। छात्रों ने कुलगुरु के वाहन में काले गुब्बारे लगा दिए।

इधर, हड़ताल के चलते छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के कार्यकर्ताओं ने कुलगुरु डॉ. राजेश वर्मा का विरोध किया। जैसे ही कुलगुरु विश्वविद्यालय से निकलने लगे, प्रदर्शनकारियों ने उनकी गाड़ी रोक दी और उस पर काले गुब्बारे बांध दिए। जब कुलगुरु ने प्रदर्शनकारी छात्रों से बात करने से इंकार कर दिया और गाड़ी से उतरकर पैदल चलने लगे, तो कार्यकर्ताओं ने रास्ते में ही उन्हें रोक लिया। इसके बाद कुलगुरु वापस अपने केबिन में लौट गए। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है और कुलगुरु इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले 15 दिनों से कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, लेकिन कुलगुरु उनकी समस्याएं सुनने या हल करने को तैयार नहीं हैं।



प्रदर्शन में सचिन रजक, नीलेश माहर, अपूर्व केशरवानी, राहुल रजक, अनुज यादव, अनिल मिश्रा, अभिषेक पटैल, पुष्पेंद्र गौतम, अर्जुन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कहा- दूसरे पक्ष को भी सुनेंगे, 9 अक्टूबर तक स्थगित की सुनवाई

# एमपीएससी की परीक्षाओं का शेड्यूल हाईकोर्ट ने फिलहाल नहीं किया मंजूर

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा 2025 के मामले पर सुनवाई हुई। मप्र लोक सेवा आयोग की ओर से मुख्य परीक्षा का शेड्यूल हाइकोर्ट में पेश कर इसे मंजूर करने का आग्रह किया गया। लेकिन, फिलहाल चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने मंजूरी नहीं दी। कोर्ट ने कहा कि दूसरे पक्ष को भी सुनना जरूरी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को नियत कर दी।

### यह है मामला

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों भोपाल निवासी सुनीत यादव, नरसिंहपुर निवासी पंकज जाटव एवं बैतूल निवासी रोहित कावड़े की ओर से याचिका दायर की गई है। कोर्ट को बताया गया कि मप्र लोक सेवा आयोग(एमपीपीएससी) द्वारा कुल 158 पदों की भर्ती हेतु प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम 05 मार्च को घोषित किए गए। लेकिन परिणाम में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी नहीं किए गए। जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किये जाते रहे हैं। तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट एवं हाईकोर्ट के विभिन्न फैसलों को बायपास करते हुए आयोग ने अनारक्षित पदों के विरुद्ध



आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा हेतु चयनित नहीं किया। समस्त अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित कर प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। आयोग ने अपनी इस असंवैधानिक त्रुटि को छुपाने के उद्देश्य से 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कट ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए हैं। जबकी नियमानुसार प्रत्येक चरण की परीक्षा में वर्गवार कट ऑफ अंक जारी किए जाने का प्रावधान है। इसके चलते याचिकाकर्ताओं को मुख्य परीक्षा में चयन से वंचित कर दिया गया है। विगत 21 जुलाई को सुनवाई के दौरान शासन की ओर से जवाब के लिए समय मांगा गया था। शासन और आयोग की ओर से मेन्स 2025 पर लगा स्थगन हटाने की भी मांग की गई थी। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि परीक्षा पर स्थगन नहीं है। कोर्ट ने मेन्स परीक्षा का शेड्यूल बनाकर पेश करने व मंजूरी के लिए एक आवेदन दाखिल करने को कहा था।

## राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया, इंदौर में नो एंट्री में कोहराम मचाने वाले ट्रक हादसे का मामला, अब इंदौर बेंच करेगी सुनवाई

# लापरवाही बरतने वाले 9 लोगों को किया निलंबित

हरिभूमि जबलपुर।

इंदौर में नो एंट्री में ट्रक के कोराम मचाने के मामले में हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान में लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट की मुख्यपीठ में सुनवाई हुई। शासन की ओर से स्टेटस रिपोर्ट पेश कर बताया गया कि लापरवाही बरतने वाले 9 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ चार्जशीट जल्द पेश कर दी जाएगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि चूंकि अभी जांच जारी है, इसलिए इस स्टेटस रिपोर्ट को सीलबंद कवर में रखा जाए। हाईकोर्ट ने इंदौर शहर के प्रत्येक एंट्री प्वाइंट्स के सीसीटीवी फुटेज पेश करने के निर्देश दिए।

मामले पर सुनवाई के दौरान इंदौर के पुलिस कमिश्नर वर्चुअली और ट्रैफिक डीसीपी व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए।



मामले पर अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को इंदौर बेंच में होगी।

गौरतलब है कि 15 सितम्बर की शाम एयरोड्रोम इलाके की सड़कों पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को कुचला, टक्कर मार दी। इस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से पूछा था कि यह गंभीर चुक कैसे हुई। कोर्ट ने यह बताने भी कहा था कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या योजना है। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली हाजिर हुए।

### नियम पालन से टाल जाती घटना

कोर्ट ने उक्त घटना को कानून-व्यवस्था और प्रशासन की बड़ी विफलता माना है। अदालत ने कहा कि अगर नियमों का कड़ाई से पालन हुआ होता, तो शायद यह दर्दनाक हादसा टाला जा सकता था। कोर्ट ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जब सड़क सुरक्षा के सख्त नियम मौजूद हैं, तो इस तरह के हादसे होना बेहद चिंताजनक है।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश

# नगर में रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

**पाटन।** आगामी शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी त्योहारों को लेकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह 11 बजे से रैपिड एक्शन फोर्स की टीम द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स की 107वीं बटालियन के अधिकारी, पाटन एसडीओपी लोकेश डाबर, टीआई गोपेंद्र सिंह एवं स्थानीय पुलिस बल के जवानों ने भाग लिया। मार्च के दौरान RAF की महिला टीम की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली, जो कानून व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में 22



सितंबर से 4 अक्टूबर तक की गई है। इस दौरान RAF टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल पेट्रोलिंग, पैदल गश्त एवं फ्लैग मार्च कर रही है। RAF की 107वीं बटालियन के कमांडर जगदीश प्रसाद बलाई के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च संपन्न हुआ। वहीं, पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय के आदेशानुसार सभी संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है, ताकि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जा सके।

## ट्रेक्टर नदी में पलटा, कोटवार की मौत

**जबलपुर।** मझगांव थाना अंतर्गत हिरन नदी में ट्रैक्टर पलटने से पलटने एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि सोमवार की देर रात मझगवां थाना क्षेत्र के भंडरा ग्राम में पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहे महगवां कोटवार गोलू उर्फ गोवर्धन का ट्रेक्टर अनियंत्रित हो गया और हिरन नदी में जा गिरा। गोलू उर्फ गोवर्धन कोटवार की ट्रेक्टर में दबने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि कोटवार गोलू खुद ट्रेक्टर चला रहा था। सतधारा घाट पुलिया के ऊपर पहुंचते ही ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर हिरन नदी में पलट गया। पुलिस मर्ग कायम कर मामलें की जांच कर रही है।

## विश्व प्रसिद्ध विष्णु वाराह मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

# शारदीय नवरात्र में भक्तिभाव से सराबोर हुआ नगर

**मझौली।** शारदीय नवरात्र प्रारंभ होते ही मझौली नगर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण छा गया है। नगर के प्रसिद्ध भगवान विष्णु वाराह मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यहां माता दुर्गा के नौ रूपों की स्थापना की गई है और श्रद्धालु जन मनोयोग से पूजन-अर्चन कर रहे हैं। नगर में इस वर्ष 20 से 25 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं और 15 से अधिक दिवाले एवं खेर माता घटों की स्थापना भी भक्ति भाव के साथ की गई है। नवरात्र के दौरान मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहता है। श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना कर मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं। विष्णु वाराह मंदिर, जो कि विश्व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, वहां पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से हर वर्ष नवरात्र में घट स्थापना की परंपरा निभाई जा रही है। दशमी के दिन नगरवासी बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से ज्वारों का विसर्जन करते हैं, जो नगर से सटे तालाब में किया जाता है।

### प्रशासनिक अनदेखी से भक्त हो रहे हैं परेशान

भीड़ बढ़ने के साथ ही यातायात और पार्किंग व्यवस्था की समस्या सामने आ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक थाना मझौली, नगर परिषद मझौली और अन्य प्रशासनिक विभागों द्वारा मंदिर परिसर और मुख्य मार्गों पर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि विष्णु वाराह मंदिर प्रांगण में व्याप्त अतिक्रमण को हटाया जाए, और वहां खड़े वाहनों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। साथ ही भक्तों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।





## नरसिंह दरबार में स्थापित की गईं काली जी की 10 महाविद्यायें

**बरेला।** नवरात्रि के पावन अवसर पर बरेला हाईवे पर स्थित नरसिंह दरबार में इस वर्ष मां काली की 10 महाविद्याओं की स्थापना की गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के सोनू यादव ने बताया कि नरसिंह दरबार हमेशा से ही आस्था का केंद्र रहा है नरसिंह दरबार में इस वर्ष काली जी की 10 महा विधाओं की स्थापना बैठकी में की गई है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालु भक्तों से मां काली की 10 महाविद्याओं का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## दुर्गा पंडालों का किया निरीक्षण, व्यवस्थायें करने दिए निर्देश

**बरेला।** नवरात्र पर्व पर नगर के विभिन्न स्थानों में विराजमान देवी प्रतिमाओं के पंडालों में साफ सफाई, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर, निकाय सीएमओ संजय पांडे, उपयंत्री संजय



कैथवास पार्षद दीपक सोनकर, पूर्व पार्षद मुनि विश्वकर्मा, महेश चक्रवर्ती, स्वच्छता प्रभारी अर्पित दुबे, विद्युत एवं जलप्रदाय प्रभारी विवेक रैकवार, राकेश पटेल, महेंद्र गोटिया, सुशील बर्मन, सतेंद्र बैरागी, मेसी विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से देवी पंडालों का भ्रमण किया एवं नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए निकाय के अधिकारी तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सभी समितियों के पदाधिकारियों से नवरात्रि एवं दशहरा को सामाजिक एवं धार्मिक सद्भाव के साथ धूमधाम से मनाने का आग्रह किया।

# सराफा एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी गठित

**बरेला।** नगर के सर्राफा व्यवसाईओ की आवश्यक बैठक का आयोजन संजय सोनी के निवास स्थान पर प्रदेश एवं जबलपुर सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारियो की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर राजा सराफ मध्य प्रदेश सर्राफा एसोसिएशन अध्यक्ष एवं अजय बख्तावर जबलपुर सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारा सर्राफा व्यवसाययों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि व्यवसाय में आने वाली कठिनाइयां को दूर करने के लिए संगठित होना आवश्यक है। इस अवसर पर बरेला नगर की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक सुरेश कुमार सोनी (पडवार) राजेश सोनी (गुड्डू भैया), अवध बिहारी सोनी, रामगोपाल सोनी (गौर), अध्यक्ष बृज बिहारी सोनी



,उपाध्यक्ष विशाल सोनी, राकेश सोनी, महासचिव दिनेश सोनी(पत्रकार), कोषाध्यक्ष अभिषेक सोनी एवं संगठन मंत्री हैप्पी खत्री, संजय सोनी ,विकास जैन (विक्की)अखिलेश सोनी ,प्रचार मंत्री प्रमोद सोनी, मनीष सोनी ,राजेश सोनी (पडवार), रवी मोहन सोनी (गौर) ,सचिन सोनी कार्यकारिणी सदस्य गोविंद सोनी ,प्रदीप सोनी, मोहित सोनी ,राम जी सोनी, अमन सोनी ,आशुतोष सोनी, प्रांजल सोनी ,अमित साहू ,श्रीकांत चौकसे ,मुकेश सोनी (गौर)समस्त कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्राफा एसोसिएशन जबलपुर एवं बरेला नगर के समस्त सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

## गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए एमपी ट्रांसको का बड़ा कदम


# प्रदेश के विद्युत सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक स्थापित

हरिभूमि जबलपुर।

उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की दिशा में मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कंपनी के जबलपुर मे छह सब स्टेशनों सहित प्रदेश के 417 सबस्टेशनों में से 412 पर विभिन्न क्षमताओं के कैपेसिटर बैंक सक्रिय है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि कैपेसिटर बैंकों की व्यवस्था से प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता और स्थिर वोल्टेज पर बिजली आपूर्ति संभव हो रही है।

### जबलपुर के छह सब स्टेशनों में कैपेसिटर बैंक

एमपी ट्रांसको के मुख्य अभियंता अमर कीर्ति सक्सेना ने बताया कि मुख्यालय जबलपुर में भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। शहर के छह एक्स्ट्रा हाई टेंशन सबस्टेशनों पर कुल 96 एम व्ही एआर, क्षमता के कैपेसिटर बैंक स्थापित हैं। इनमें 220 के व्ही सबस्टेशन नयागांव जबलपुर मे 24 एम व्ही एआर, 220 के व्ही सबस्टेशन गोराबाजार में 12 एम व्ही एआर,220 के व्ही सबस्टेशन पनागर मे 12 एम व्ही एआर,220 के व्ही सबस्टेशन सूखा मे 12 एम व्ही एआर, 132 के व्ही सबस्टेशन माढोताल मे 12 एम व्ही एआर, 132 के व्ही सबस्टेशन व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर मे 24 एम व्ही एआर, के कैपेसिटर बैंक सक्रिय हैं।



### प्रदेश मे कुल 751 कैपेसिटर बैंक

प्रदेश स्तर पर एमपी ट्रांसको के कुल 751 कैपेसिटर बैंक सक्रिय हैं। इनमें 220 केवी सबस्टेशनों पर 145 केवी स्तर के 32 कैपेसिटर बैंक तथा 132 केवी सबस्टेशनों पर 36 केवी स्तर के 719 कैपेसिटर बैंक शामिल हैं। इनकी संयुक्त स्थापित क्षमता 9278.5 एमवीएआर है, जिसके माध्यम से उपभोक्ताओं को स्थिर और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### 52 पुराने केपेसिटर बैंकों को बदला गया

कंपनी ने 52 पुराने कैपेसिटर बैंकों की पहचान भी की है, जिनकी समयावधि पूरी हो चुकी है और जो अपेक्षित कैपेसिटिव लोड देने में सक्षम नहीं रह गए हैं। मुख्य अभियंता श्री सक्सेना ने बताया कि इन स्थानों पर अधिक क्षमता वाले कैपेसिटर बैंकों की स्थापना कर उनकी प्रतिस्थापना और क्षमता वृद्धि का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।

### क्यों जरूरी है कैपेसिटर बैंक

सबस्टेशनों से विद्युत आपूर्ति के दौरान अक्सर पावर ट्रांसफार्मर्स पर इंडक्टिव लोड बढ़ जाता है, जिससे वोल्टेज में गिरावट आती है और बिजली की गुणवत्ता प्रभावित होती है। कैपेसिटर बैंक अपने कैपेसिटिव लोड के माध्यम से इस प्रभाव को संतुलित करते हैं। इससे पावर फैक्टर में सुधार होता है और उपभोक्ताओं को मानक वोल्टेज पर विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होती है।




**सुश्री डॉ. बसंती दहाड़े-** जेडीए कॉलोनी विजयनगर निवासी श्री जीआर दहाड़े की पुत्री सुश्री डॉ. बसंती दहाड़े (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरजू प्रसाद-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी ओएफके से सेवानिवृत्त श्री सरजू प्रसाद (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश सोनी-** अमखेरा आवास योजना गोहलपुर निवासी श्री राकेश सोनी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा दीवान-** राजुल फ्लेट पंचशील नगर नर्मदा रोड निवासी श्री तिलक राज दीवान की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा दीवान (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रुक्मणी बर्मन-** सर्वेंट क्वाटर्स मेडिकल गढ़ा पुरवा निवासी श्री नंदीलाल बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणी बर्मन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोपाल पासी-** गोरखपुर स्थित पुराने छोटी लाइन फाटक के पास निवासी श्री रमेश पासी के पुत्र श्री गोपाल पासी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री लल्लू विश्वकर्मा-** कृषि उपज मंडी के पास दमोहनाका निवासी श्री लल्लू विश्वकर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र पटेल-** पाटन कन्या शाला के पास निवासी श्री शैलेंद्र पटेल (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम लाल सेन-** सिविल लाइन पुराने पावर हाउस के पास निवासी श्री श्याम लाल सेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई-** पुरानी बस्ती माढ़ोताल निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अजय सिंह ठाकुर-** पोलीपाथर नर्मदा नगर निवासी श्री जीएस ठाकुर के पुत्र श्री अजय सिंह ठाकुर (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश त्रिवेदी-** गंजीपुरा हरदौल मंदिर के पीछे निवासी श्री राजेश त्रिवेदी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सचिन ठाकुर-** छिवला गौरीघाट निवासी श्री सुरेश ठाकुर के पुत्र श्री सचिन ठाकुर (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता पिल्लई-** उमा नगर अधारताल निवासी श्री कृष्णा स्वामी पिल्लई की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता पिल्लई (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती उषा रानी पटेरिया-** बंगला नं. 4 आसाम पथ साउथ सिविल लाइन निवासी श्री तुलसीदास पटेरिया की धर्मपत्नी श्रीमती उषा रानी पटेरिया (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुधा मातेले-** अशोक विहार रामपुर एफसीआई गोदाम के पास निवासी श्री विद्याधर मातेले की धर्मपत्नी श्रीमती सुधा मातेले (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राजकुमारी श्रीवास्तव-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री शंभूदयाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी श्रीवास्तव (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप यादव-** बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री महेंद्र यादव के पुत्र श्री संदीप यादव (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुरेश पचौरी-** पोलीपाथर बागड़ा दफाई निवासी श्री जिया लाल पचौरी के पुत्र श्री सुरेश पचौरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 90/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप




### बीसीसीएल व एक्वस को आईपीओ लाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) और अनुबंध पर उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं तथा एयरोस्पेस पुर्जे बनाने वाली कंपनी एक्वस को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह जानकारी दी गई। बीसीसीएल ने आईपीओ के लिए जून में अपने मसौदा पत्रों के साथ सेबी से संपर्क किया था।

### यूरो प्रतीक का निर्गम 11 फीसदी चढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** यूरो प्रतीक सेल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 247 से करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में यह शेयर 273.45 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 10.70 प्रतिशत अधिक है। बाद में यह 13.17 प्रतिशत चढ़कर 279.55 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 10.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 272.10 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,564.20 करोड़ रुपये रहा।




### एक्मे सोलर को एसबीआई से मिला 1100 करोड़ का पुनर्वित्त

**नई दिल्ली।** एक्मे सोलर होल्डिंग्स ने राजस्थान में अपनी 300 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिए भारतीय स्टेट बैंक से 1,100 करोड़ रुपये का घरेलू निवेश हासिल करने की मंगलवार को जानकारी दी। बयान के अनुसार, इस धनराशि का उपयोग मौजूदा ऋण को पुनर्वित्त करने तथा राजस्थान परियोजना के लिए वित्तपोषण लागत को करीब एक प्रतिशत तक कम करने के लिए किया जाएगा। यह पुनर्वित्तपोषण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से करीब 17 वर्ष की अवधि के लिए प्राप्त किया गया है।



### जीएसटी कटौतीः केंद्र की ई-कॉमर्स मंचों पर नजर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स मंचों पर उपलब्ध कराए जाने को लेकर सतर्क है और इस पर लगातार नजर बनाए है। सरकारी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कुछ ई-कॉमर्स मंच पर बेची जा रही रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं की कीमतों में उचित कटौती न होने की शिकायतों के बीच सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय अधिकारी कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, '' हम कीमतों में बदलाव पर नजर रख रहे हैं। क्षेत्रीय अधिकारी निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी।''




### हुंडई मोटर इंडिया के अधिकारी का इस्तीफा




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता हुंडई मोटर इंडिया ने कहा कि उसके वरिष्ठ अधिकारी तपन कुमार घोष ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि राष्ट्रीय बिक्री प्रमुख पद से घोष का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है। वह तीन अक्टूबर, 2025 को कारोबारी अवधि खत्म होने के साथ कार्यमुक्त हो जाएंगे। सोमवार को बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.14 प्रतिशत टूटकर 2,719.30 रुपये के भाव पर बंद हुआ।

# एच-1बी वीजा फीस बढ़ोतरी और एफआईआई सेलिंग से रुपए का निकला दम

## रुपया 47 पैसे टूटकर 88.75 प्रति अमेरिकी डॉलर पर आ गया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

एच1बी वीजा फीस में बढ़ोतरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली के बीच मंगलवार को भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में रुपया 47 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.75 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 88.41 पर खुला और फिसलकर 88.75 पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव (88.28) से 47 पैसे कमजोर है। एक दिन पहले सोमवार को भी रुपया 12 पैसे टूटा था।

### वीजा फीस ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया

विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ में बढ़ोतरी और एच1बी वीजा फीस में इजाफे जैसी प्रतिकूल नीतियों ने निवेशकों का सेंटिमेंट कमजोर किया है। इस बीच, छह प्रमुख करेंसी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.03 प्रतिशत गिरकर 97.30 पर आ गया।




### आम आदमी पर असर

रुपए की कमजोरी का सीधा असर रोजमर्रा की जिंदगी और जेब पर पड़ता है। इंपोर्टेड सामान जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन, मशीनरी और तेल महंगे होंगे। भारत कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक है। रुपया कमजोर होते ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें ऊपर जाती हैं। डॉलर महंगा होने से विदेश घूमने का खर्च बढ़ जाएगा। जो छात्र अमेरिका या अन्य देशों में पढ़ाई करने जा रहे हैं, उनकी फीस और रहन-सहन का खर्च काफी बढ़ जाएगा। सोने की कीमत डॉलर पर आधारित होती हैं, रुपया कमजोर होने से इसमें और तेजी आती है।

### धन प्रेषण में मंदी आ सकती है

विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि रुपया रिकॉर्ड निम्न स्तर की ओर जा रहा है। बाजार से जुड़े प्रतिभागी अमेरिका के नए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एच-1बी वीजा शुल्क के संभावित नतीजों का विश्लेषण कर रहे हैं। अमेरिकी प्रशासन के इस फैसले से अमेरिका से भारत को होने वाले धन प्रेषण में मंदी आ सकती है। इससे अमेरिका को भारत के सेवा निर्यात में भी कमी आ सकती है। जानकारों के मुताबिक वैश्विक जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और व्यापारिक नीति की अनिश्चितता ने भी रुपए की कमजोरी को बढ़ावा दिया है।

## पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बिक्री अधिक रहेगी

# दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री चालू वित्त वर्ष में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमानः इक्रा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश में दोपहिया वाहनों की बिक्री चालू वित्त वर्ष में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में छह से नौ प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वृद्धि का यह अनुमान हाल ही में जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को यह बात कही।

- वृद्धि का अनुमान जीएसटी दर में की गई कटौती पर आधारित

जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ पुराने वाहनों की जगह नये वाहन की मांग, शहरी क्षेत्र में पुनरूद्धार और सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। इक्रा ने बयान में कहा कि अगस्त, 2025 में घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 18 लाख इकाई हो गई।

**खास बातें**
- जीएसटी दर में कटौती से खरीद क्षमता और मांग को बढ़ावा मिलेगा
- सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि होने की उम्मीद



### सालाना आधार पर बिक्री बढ़ी

इसका कारण मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने त्योहारों से पहले अच्छी बिक्री जारी रखी। हालांकि, खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर मामूली 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अत्यधिक बारिश और जीएसटी दर में कटौती से जुड़ी कुछ खरीद टाले जाने के कारण वृद्धि बाधित रही। आगामी त्योहारों के दौरान इसमें तेजी आने की उम्मीद है।

### दोपहिया की घरेलू बिक्री छह से नौ फीसदी बढ़ेगी

इक्रा के अनुसार, उसका अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में दोपहिया वाहनों की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत बढ़ेगी। रिपोर्ट में कहा गया, ''यह अनुमान पुराने की जगह नये वाहनों की मांग, शहरी मांग में सुधार, सामान्य मानसून से बेहतर ग्रामीण आय और हाल ही में जीएसटी दर में कमी पर आधारित है।

### मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

जीएसटी दर में कटौती से खरीद को समर्थन और मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।'' रेटिंग एजेंसी ने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खंड के संदर्भ में कहा कि अगस्त, 2025 में खुदरा बिक्री 1,04,725 इकाई रही, जो 1.8 प्रतिशत की मामूली वृद्धि है और इसकी पैठ छह से सात प्रतिशत के दायरे में बनी हुई है।

### ट्रैक्टर पर जीएसटी दर घटाकर पांच फीसदी

इक्रा ने ट्रैक्टर खंड के बारे में कहा कि ट्रैक्टर पर हाल ही में जीएसटी दर घटाकर पांच प्रतिशत करने से खासकर आगामी त्योहारों के दौरान मांग को और बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इस खंड का प्रदर्शन मजबूत रहा है। इस खंड में अगस्त, 2025 में थोक बिक्री में सालाना आधार पर 28.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

### ट्रैक्टर बिक्री में सात फीसदी वृद्धि का अनुमान

वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों में सालाना आधार पर 11.7 प्रतिशत की संचयी वृद्धि हुई है। इक्रा ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रैक्टर बिक्री में चार से सात प्रतिशत की मध्यम गति से वृद्धि का अनुमान है। इस वृद्धि को सामान्य से बेहतर मानसून का समर्थन प्राप्त है, जिससे कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।''

# टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन बेचे 10 हजार यात्री वाहन

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने मंगलवार को कहा कि उसके डीलरों ने नवरात्रि पर्व के पहले दिन करीब 10 हजार यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री की। नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने के बाद वाहनों की कीमतों में आई कमी से ग्राहकों की मांग में यह तेजी देखने को मिली है।

- नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने से वाहनों की कीमतों में कमी आई

टाटा मोटर्स ने बयान में कहा कि उसके यात्री वाहनों के शोरूम पर देशभर में 25 हजार से अधिक ग्राहक पूछताछ दर्ज की गई। टाटा मोटर्स यात्री वाहन खंड के मुख्य वाणिज्य अधिकारी अमित कामत ने कहा, ''हम ग्राहकों की बेहद उत्साहजनक प्रतिक्रिया देख रहे हैं। नई जीएसटी दरों की घोषणा का हम अपने ग्राहकों को पूरा लाभ दे रहे हैं और आकर्षक त्योहारी पेशकश भी दे रहे हैं।'' कामत ने बताया कि इस पेशकश से पूछताछ और बुकिंग में तेज उछाल आया है। शोरूम पर आने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और ऑर्डर बुक भी लगातार मजबूत हो रही है। डीलरशिप ने त्योहारी भीड़ को देखते हुए कामकाज की अवधि भी बढ़ा दी है।



### हुंडई ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की

मारुति सुजुकी की बिक्री नवरात्रि के पहले दिन 30 हजार इकाई के स्तर पर रही जबकि हुंडई ने 11 हजार वाहनों की बिक्री की।

कामत ने कहा कि कंपनी के लोकप्रिय मॉडल- नेक्सन और पंच की मांग सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा, ''बुकिंग आंकड़ा और निर्धारित आपूर्ति के साथ हम त्योहारी मांग पूरी तरह तैयार हैं और नए रिकॉर्ड बनाने को लेकर आशान्वित हैं।''मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया ने भी नई जीएसटी व्यवस्था के बाद सोमवार को ग्राहकों की बढ़ी मांग से जोरदार बिक्री दर्ज की।

# सोने में 2,700 और चांदी में 3,220 रुपए की तेजी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सुरक्षित निवेश के लिए वैश्विक मांग बढ़ने के बीच राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमतें 2,700 रुपये बढ़कर 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। वहीं अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि के कारण रुपया नए निचले स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,650 रुपये बढ़कर 1,18,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। सोमवार को यह 1,15,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये में भारी गिरावट ने कीमती धातु की कीमतों में तेजी को और बढ़ा दिया। चांदी की कीमतें भी मंगलवार को 3,220 रुपये की तेजी के साथ 1,39,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

- सोना बढ़कर हुआ 1,18,900 रुपए प्रति दस ग्राम




# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन रही गिरावट

एजेंसी ▸▸| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 58 अंक नीचे आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क काफी बढ़ाये जाने के बीच आईटी तथा निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली तथा विदेशी पूंजी की निकासी से बाजार में गिरावट आई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसक्स 57.87 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 32.85 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,169.50 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, वाहन और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में लिवाली ने नुकसान को कम किया। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी प्रमुख रूप नुकसान में रहीं। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांक नीचे आए। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा और अंत में यह लगभग स्थिर बंद हुआ। यह दर्शाता है कि निवेशक बाजार से दूरी बनाकर रहे।

- सेंसेक्स 58 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में




### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख


एशियाई बाजारों में, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी सकारात्मक दायरे में रहा। जापान के शेयर बाजार अवकाश के कारण बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

# ओला की ईवी की कीमतें 49,999 रुपए से होंगी शुरू

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ओला इलेक्ट्रिक ने 'ओला मुहूर्त महोत्सव' की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत 23 सितंबर से नौ दिन के लिए उसके एस1 स्कूटर और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिल की कीमतें 49,999 रुपये से शुरू होंगी।

बेंगलुरु स्थित इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी ने बयान में कहा कि 'ओला मुहूर्त महोत्सव' के तहत ग्राहकों को अब पहले कभी न देखी गई कीमतों पर ओला के स्कूटर और मोटरसाइकिल खरीदने का मौका मिलेगा। इसमें कहा गया, इस महोत्सव के तहत एस1 एक्स 2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स 2.5 किलोवाट की कीमत 49,999 रुपये होगी। एस1 प्रो+ 5.2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स+ 9.1 किलोवाट घंटा की कीमत 99,999 रुपये होगी। एस1 प्रो+ 5.2 किलोवाट घंटा और रोडस्टर एक्स+ 9.1 किलोवाट घंटा दोनों ही 4680 भारत सेल बैटरी पैक के साथ आते हैं। कंपनी ने कहा कि वह इन कीमतों पर एस1 और रोडस्टर की सीमित इकाइयां ''पहले आओ, पहले पाओ'' के आधार पर उपलब्ध कराएगी।इसके संबंध में समय की घोषणा कंपनी के सोशल मीडिया खाते पर हर दिन की जाएगी। ओला के प्रवक्ता ने कहा, '' मुहूर्त महोत्सव सिर्फ पहले कभी न देखी गई कीमतों के बारे में नहीं बल्कि यह विश्वस्तरीय इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को हर भारतीय तक पहुंचाने के बारे में है...।''



## 90 रुपए के शेयर से 3 महीने में छाप दिए 8,623 करोड़ रुपए

# भारत को मिला एक नया अरबपति 'श्रीकांत बडवे'

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक और प्रबंध निदेशक श्रीकांत बडवे ने हाल ही में भारत के अरबपतियों के क्लब में अपनी जगह पक्की कर ली है। उनकी कंपनी के शेयर अब 164.60 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए हैं, जो मई में कंपनी के शुरूआती मूल्य 90 रुपए से करीब 82 प्रतिशत ज्यादा है। श्रीकांत बडवे की कंपनी में उनकी करीब 59.56% हिस्सेदारी है, यानी लगभग 53 करोड़ शेयर, जिनकी कुल कीमत अब 8,623 करोड़ रुपए हो गई है। इससे उनकी संपत्ति और भी बढ़ गई है, जो उन्हें देश के सबसे अमीर उद्यमियों की सूची

- बडवे बेलराइज इंडस्ट्रीज के संस्थापक व प्रबंध निदेशक है



### उद्योग जगत में बडवे का प्रभाव

*श्रीकांत बडवे सिर्फ एक सफल बिजनेसमैन ही नहीं हैं, बल्कि वे महाराष्ट्र सरकार की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य भी हैं। इसके अलावा, वे मैग्नेटिक महाराष्ट्र और मेक इन इंडिया जैसी पहलों के ब्रांड एंबेसडर भी हैं, जहां उन्होंने सचिन तेंदुलकर, माधुरी दीक्षित और शंकर महादेवन जैसे नामचीन हस्तियों के साथ मिलकर राज्य और देश की आर्थिक विकास योजनाओं का प्रचार किया है।*

### छोटी शुरुआत से बड़ा मुकाम

श्रीकांत बडवे ने 1988 में मात्र तीन कर्मचारियों के साथ बेलराइज ग्रुप की शुरुआत की थी। आज यह कंपनी भारत के सबसे बड़े ऑटोमोटिव कलपुर्जा निर्माता समूहों में से एक बन गई है। उनके पास देशभर में 17 से ज्यादा फैक्ट्री यूनिट्स हैं, जहां 8,000 से भी अधिक लोग काम करते हैं। कंपनी का सालाना कारोबार 7,000 करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच चुका है। बेलराइज दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया, कॉमर्शियल वाहन और घरेलू उपयोग के लिए ऑटोमोटिव पार्ट्स बनाती है। खास बात यह है कि दोपहिया वाहनों के धातु घटक बाजार में बेलराइज का 24 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे यह कंपनी देश में टॉप तीन में शामिल होती है।

### कैसे बनी ये कामयाबी?

श्रीकांत बडवे की सफलता की कहानी छोटी सी शुरुआत से लेकर बड़े उद्योग तक का सफर है। उन्होंने निरंतर मेहनत और तकनीक के साथ अपने उत्पादों की गुणवत्ता पर फोकस किया। इसके साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते ट्रेंड को समझते हुए अपने उत्पादों को उसमें भी फिट किया। यही वजह है कि कंपनी का शेयर मूल्य तेजी से बढ़ा है।

### ये प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी

बेलराइज इंडस्ट्री की देश भर में 17 से ज़्यादा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है, जिसका कारोबार 7,000 करोड़ रुपए से ज़्यादा है और यह दोपहिया, तिपहिया, चार पहिया, वाणिज्यिक वाहनों और अन्य वस्तुओं के लिए पुर्जे बनाती है।बेलराइज इंडस्ट्रीज ऑटोमोटिव कंपोनेंट निर्माण में महारत रखती है। इसके पोर्टफोलियो में मेटल चेसिस सिस्टम, पॉलीमर कंपोनेंट, सस्पेंशन सिस्टम, बॉडी-इन-व्हाइट कंपोनेंट और एग्जॉस्ट सिस्टम शामिल हैं। कंपनी के उत्पाद मुख्यतः इलेक्ट्रिक और आंतरिक दहन इंजन दोनों प्रकार के वाहनों के लिए उपयुक्त हैं, जिससे यह बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए है।

# रिन्यू एनर्जी ने सौर मॉड्यूल सौर सेल की कीमतें घटाई

**नई दिल्ली।** रिन्यू एनर्जी ग्लोबल पीएलसी ने नए जीएसटी स्लैब के अनुरूप अपने सौर मॉड्यूल और सौर सेल की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने का फैसला किया था। रिन्यू ब्रांड के तहत कार्यरत कंपनी ने कहा कि कीमतों में कटौती से यूटिलिटी स्तर के डेवलपर, रूफटॉप सौर उपभोक्ताओं और किसानों को पर्याप्त बचत होगी। कंपनी के संस्थापक, चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुमंत सिन्हा ने कहा, "भारत के सबसे बड़े एकीकृत सोलर विनिर्माता के रूप में हमें विश्वास है कि यह कदम बड़े डेवलपर से लेकर रूफटॉप उपभोक्ताओं और किसानों तक को सौर ऊर्जा का रुख करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।"


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**लोककर्म विभाग निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।के लिये ऑनलाइन निविदायें हैं।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-526 Date-23/09/2025 2025_UAD_453671_1 | वार्ड क्र. 74 में अमखेरा खजरी खिरिया बायपास मार्ग पर नई पानी की टंकी के बाजू से श्री परिसर मार्ग पर सड़क के क्रॉसिंग में ह्यूम पाइप डाले जाने हेतु। | 02 माह 06.55 लाख | 2000/- 6553/- | 24/10/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री(लोककर्म विभाग)
नगर पालिक निगम जबलपुर



**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।

**GMU Catering units:-**

कार्य का प्रकार :- खानपान, कैटलॉग क्र. :- JBP-C-Catg-25-3
ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय :- 03.10.2025, 10:00 hrs

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| पकरिया रोड | Catg-JBP-PKRD-GMU-103-23-2 | PKRD-CS-2 | 03.10.2025 10:30 hrs |
| सागमा | Catg-JBP-SGAM-GMU-107-23-2 | SGAM-CS-2 | 03.10.2025 10:40 hrs |
| पकरिया रोड | Catg-JBP-PKRD-GMU-102-23-2 | PKRD-CS-1 | 03.10.2025 10:50 hrs |
| बगाही रोड | Catg-JBP-BGHI-GMU-108-23-2 | BGHI-CS-2 | 03.10.2025 11:00 hrs |

**SMU Catering units:-**

कार्य का प्रकार :- खानपान, कैटलॉग क्र. :- JBP-C-Catg-25-3
ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय :- 03.10.2025, 10:00 hrs

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| देवरी | Catg-JBP-DOE-SMU-114-23-1 | DOE-CS-1 | 03.10.2025 11:10 hrs |
| देवरी | Catg-JBP-DOE-SMU-115-23-1 | DOE-CS-2 | 03.10.2025 11:20 hrs |
| निवार | Catg-JBP-NWR-SMU-120-23-1 | NWR-CS-2 | 03.10.2025 11:30 hrs |
| चितहरा | Catg-JBP-CTHR-SMU-124-23-1 | CTHR-CS-2 | 03.10.2025 11:40 hrs |
| बोहानी | Catg-JBP-BNE-SMU-111-23-1 | BNE-CS-2 | 03.10.2025 11:50 hrs |
| निवार | Catg-JBP-NWR-SMU-119-23-1 | NWR-CS-1 | 03.10.2025 12:00 hrs |
| खुटहा | Catg-JBP-KTHA-SMU-122-23-1 | KTHA-CS-1 | 03.10.2025 12:10 hrs |
| हिनौतरंबन | Catg-JBP-HNM-SMU-127-23-1 | HNM-CS-1 | 03.10.2025 12:20 hrs |
| घाटपिंडराई | Catg-JBP-GPC-SMU-112-23-1 | GPC-CS-1 | 03.10.2025 12:30 hrs |
| गोशालपुर | Catg-JBP-GSPR-SMU-116-23-1 | GSPR-CS-1 | 03.10.2025 12:40 hrs |
| टिकरिया | Catg-JBP-TKYR-SMU-125-23-1 | TKYR-CS-2 | 03.10.2025 12:50 hrs |
| बिक्रमपुर | Catg-JBP-BMR-SMU-113-23-1 | BMR-CS-2 | 03.10.2025 13:00 hrs |
| खुटहा | Catg-JBP-KTHA-SMU-123-23-1 | KTHA-CS-1 | 03.10.2025 13:10 hrs |
| स्लीमनाबाद रोड | Catg-JBP-SBD-SMU-118-23-1 | SBD-CS-2 | 03.10.2025 13:20 hrs |
| गोशालापुर | Catg-JBP-GSPR-SMU-117-23-1 | GSPR-CS-2 | 03.10.2025 13:30 hrs |
| अमदरा | Catg-JBP-UDR-SMU-63-23-1 | UDR-CS-2 | 03.10.2025 13:40 hrs |
| बोहानी | Catg-JBP-BNE-SMU-110-23-1 | BNE-CS-1 | 03.10.2025 13:50 hrs |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।


(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# जीएसटी बचत उत्सव पर खरीदारी के क्या मायने

जीएसटी बचत उत्सव के रूझान आने शुरू हो गए हैं। बिलकुल वैसा ही हो रहा है, जैसी सरकार ने उम्मीद की थी। लोग दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। पहले नवरात्र के दिन ही जमकर उत्सव मनाया। देश की टॉप तीन ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति, हुंडई और टाटा मोटर्स ने नवरात्रि के पहले दिन रिकॉर्ड 51000 से ज्यादा कारें बेचीं। जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू होने की वजह कार की कीमतें 4 साल पहले के बराबर पहुंच गई। इसके अलावा, कंपनियां 10 फीसदी से ज्यादा फेस्टिव डिस्काउंट भी दे रही हैं। ये डिस्काउंट तो कंपनियां हर साल नवरात्र के दिनों में देती रही हैं, लेकिन खरीदारी का ऐसा माहौल कई सालों बाद नजर आ रहा है। जीएसटी-2.0 लागू होने के बाद चार मीटर तक लंबी और 1200 सीसी पेट्रोल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी व 1 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। इसी तरह चार मीटर तक लंबी और 1500 सीसी डीजल इंजन वाली कार पर 28 फीसदी जीएसटी और 3 प्रतिशत सेस की जगह अब सिर्फ 18 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। बड़ी गाड़ियों जैसे चार मीटर से ज्यादा लंबी और 1200 सीसी से ज्यादा की पेट्रोल व 1500 सीसी से ज्यादा की डीजल गाड़ियों पर अब 40 फीसदी जीएसटी लग रहा है। यही कारण है कि लोगों ने नवरात्र के पहले ही दिन से जबरदस्त खरीदारी शुरू कर दी है। अगर नवरात्र के पहले ही दिन की केवल ऑटो मोबाइल सेक्टर की सेल को देखें तो सहज ही अंदाजा हो रहा है कि देशवासियों ने इसे हाथों हाथ लिया है। देश की सबसे बड़ी ऑटो मोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने 22 सितंबर को महज एक दिन में करीब 30,000 कारें बेचीं, जबकि 80,000 लोगों ने गाड़ियों की जानकारी ली। ये पिछले 30 सालों में सबसे जबरदस्त रिस्पॉन्स है। छोटी कारों के दाम 10-15 फीसदी तक कम हो गए है। ये उन लोगों ने लिए तोहफे की तरह है, जिनका कई साल से कार लेने का सपना तो था, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। अब कारें सस्ती होते ही ये मिडिल क्लास फैमिली वाले सीधे शोरूम पहुंच गए। केवल मारुति ही क्यों हुंडई ने भी नवरात्रि के पहले दिन करीब 11,000 गाड़ियां बेचीं, जो 5 साल में उसकी एक दिन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस है। कंपनी की ग्रैंड आई 10, नियोस और क्रेटा जैसे पॉपुलर मॉडल की सबसे ज्यादा डिमांड है। टाटा ने भी करीब 10,000 कारें डिलीवर कीं, जो अब तक का सबसे अच्छा रिकॉर्ड था। नेक्सॉन और पंच जैसे एसयूवी मॉडल्स सबसे ज्यादा डिमांड में रहे। कंपनी जीएसटी कम होने के अलावा और भी कई तरह के लाभ दे रही है। वैसे तो भारत में त्योहारों का मौसम हमेशा से खरीदारी का सीजन माना जाता है। इस बार जीएसटी रिफॉर्म ने इसे और खास बना दिया। रिटेल व ई-कॉमर्स कंपनियों के ऑफर्स और भी आकर्षक हो गए हैं। घरेलू सामान और किचन आइटम्स की कीमतें घटने से उपभोक्ताओं का उत्साह बढ़ा है। अभी केवल ऑटो मोबाइल कंपनियों की एक दिन की सेल का डाटा सामने आया है। लोगों इन दिनों में कपड़े, जूते, मोबाइल, टैब, सजावट व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। जैसे-जैसे नवरात्रों के दिन आगे बढ़ेंगे वैसे-वैसे सेल में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। अभी उन लोगों का आंकड़ा सामने आना शेष है जो ऑनलाइन खरीदारी कर रहे हैं। इशारा साफ है कि देशवासियों ने बचत उत्सव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'गर्व से लो, स्वदेशी लो' पर अमल करना शुरू कर दिया है। यह आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा एक और कदम है।



जीएसटी-2.0
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बचत से खुशियां और आर्थिक रफ्तार

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी आरएंडआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को सोशल मीडिया पर खुला पत्र लिखकर कहा कि जीएसटी सुधार और आयकर में कटौती से लोगों को लगभग 2.5 लाख करोड रुपये की बचत प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि देशवासी बचत से हुई खुशी के साथ 'बचत उत्सव' मनाते हुए दिखाई देंगे और ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों से स्वदेशी उत्पाद बेचने का आग्रह भी किया है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय टैरिफ की चुनौती के बीच 'बचत उत्सव' से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रही है। ऐसे में भारत की 'सॉवरेन रेटिंग' को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस कर दिया गया है। इससे पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है।

गौरतलब है कि हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए बड़ा उपहार हैं। इन दिनों हाल ही में जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है।

इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है।

उल्लेखनीय है की जीएसटी सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48,000 करोड रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद




बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी, लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। देश में जीएसटी घटने से खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

निश्चित रूप से जिस तरह केंद्र सरकार जीएसटी में आमूल बदलाव की डगर पर आगे बढ़ी है, उसी तरह सरकार इनकम टैक्स को आसान और राहतकारी बनाने के लिए भी तेजी से आगे बढ़ी है। इनकम टैक्स कानून 2025, मौजूदा इनकम टैक्स कानून 1961 की जगह लेते हुए एक अप्रैल 2026 से लागू किया जाएगा। वस्तुतः नया इनकम टैक्स कानून महज कुछ धाराओं का बदलाव नहीं, बल्कि पूरी टैक्स व्यवस्था का कायापलट होगा। इससे देश में टैक्स सिस्टम के डिजिटल और सरल युग का नया दौर शुरू होगा। इस नए कानून के तहत टैक्स कानूनों के मकड़जाल को खत्म कर एक ऐसी प्रणाली निर्मित होगी, जो सहज, आम टैक्सपेयर के लिए लाभकारी हो और इससे नए करदाता अपनी आमदनी के मुताबिक इनकम टैक्स देने के लिए तत्पर हों। खास बात यह है कि मौजूदा इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है।


खास बात यह भी है कि 1961 के इनकम टैक्स कानून में वर्ष 2024 तक 4,000 से ज्यादा संशोधन व सुधार हुए हैं और इसमें 5 लाख से ज्यादा शब्द हैं। ऐसे जटिल हो चुके इनकम टैक्स कानून को सरल और व्यावहारिक बनाने के लिए नया इनकम टैक्स कानून 2025 एक अत्यन्त सराहनीय कदम है। नया इनकम टैक्स कानून पुराने कानून को लगभग 50 प्रतिशत तक सरल बनाता है। यह कानून भाषा को आसान बनाने के साथ ही कटौतियों को स्पष्ट करता है और विभिन्न प्रावधानों के बीच क्रॉस रेफरेंसिंग को मजबूत करता है। नया कानून गृह संपत्ति से होने वाली आय, जिसमें मानक कटौती और गृह ऋण पर निर्माण-पूर्व ब्याज शामिल है, से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करता है। माध्यम से टैक्स कानून को सरल बनाते हुए उसके पेजों की संख्या को आधी कर दिया है और अप्रासंगिक हो चुके प्रविधानों को हटा दिया गया है।

उम्मीद करें कि देश में 22 सितंबर से लागू नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के साथ-साथ एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स कानून के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों, वे बिना किसी संकोच के काम कर सकें। उम्मीद करें कि जीएसटी और इनकम टैक्स के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने में उपयोगिता मिलेगी। जीएसटी और इनकम टैक्स कर कानूनों में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे। उम्मीद करें कि देश में बचत उत्सव आम आदमी की खुशियां और परिवारों की आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ स्वदेशी उत्पादों की बिक्री और युवाओं के लिए नौकरी के अधिक अवसर निर्मित करते हुए देश की आर्थिक रफ्तार तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई देगा।

( लेखक अर्थशास्त्र के ज्ञाता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## फैसला
मनोज कुमार अग्रवाल



# शीर्ष अदालत ने भी माना वनतारा देश की शान

अनन्त अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा पर लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस फाउंडेशन के जामनगर स्थित वनतारा प्रोजेक्ट को क्लीन चिट देते हुए सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। एसआईटी जांच में पशु तस्करी, दुर्व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप निराधार पाए गए। शीर्ष अदालत ने वनतारा को राष्ट्रीय गौरव बताया और कहा कि बार-बार ऐसे मुकदमे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं।

गुजरात के जामनगर में स्थित यह एनिमल रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन इनिशिएटिव अब कानूनी तौर पर पूरी तरह वैध और सही साबित हुआ है। यह फैसला एसआईटी की रिपोर्ट पर आया है, जिसमें महीनों से चल रही बहस और अटकलों का अंत हो गया।

वनतारा के खिलाफ दो रिट पिटीशन दाखिल हुई थीं। इनमें आरोप लगाया गया था कि जानवरों को अवैध तरीके से लाया गया है, कैप्टिविटी में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और वित्तीय अनियमितताएं भी हैं। अदालत ने पहले कहा था कि इन आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया। लेकिन आरोप बेहद गंभीर थे, इसलिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी बनाई गई, जिसका नेतृत्व रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया.

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है। विशेष जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया।


दरअसल, वनतारा के मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। वहीं, एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, इस अदालत द्वारा गठित एसआईटी ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास लाभ नहीं होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि वनतारा प्रोजेक्ट रिलायंस के अनंत अंबानी की सोच है। वनतारा का मतलब होता है स्टार ऑफ द फॉरेस्ट रिलायंस के जामनगर रिफाइनरी के 3000 एकड़ रिक्लेम्ड ग्रीनबेल्ट पर यह पहल विकसित हुई है। आज वनतारा दुनिया के सबसे बड़े एनिमल रेस्क्यू और रिहैब सेंटरों में से एक है। यहां 200 से ज़्यादा हाथी। 300 से अधिक बड़ी बिल्लियां (शेर, बाघ, तेंदुए, जगुआर), 300 से अधिक शाकाहारी (हिरण, काले हिरण आदि), 1200 से अधिक सरीसृप (घड़ियाल, सांप, कछुए) सहित 1.5 लाख जानवर, 2000 से ज़्यादा प्रजातियों के साथ, इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। बता दें कि वनतारा देश का अपने तरह का एक यूनीक संस्थान है जो जीवों पशुओं के लिए इतना बड़ा रिहैबीलेशन का काम कर रहा है। यह उध्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने लाडले कनिष्ठ पुत्र की खराब सेहत जीव प्रेम की जीजीविशा के चलते स्थापित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने माना है कि वनतारा देश की शान है यानि अब यह अदालत की भी 'आंखों का तारा' बन गया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## सटाका




## आज की पाती

### जीत दोहराने को जनमानस की नब्ज टटोलनी होगी

बड़े-बड़े उद्घाटन, नई-नई लुभावनी स्कीमें गौण हैं, जब तक जनमानस की नब्ज़ न टटोली जाए। यही एक मूल मंत्र है, जो हर जीत की चाहत रखने वाले को समझना होगा। दफ्तरों में धक्के खाना, नौकरशाही द्वारा तारीखें डाल बेकसूर की प्रताडऩा, जनहित कार्यों में कर्णधारों द्वारा उदासीनता भरा रवैया ही जनमानस की दुखती रग है।इसे समझना होगा, अन्यथा आज चुना हुआ प्रतिनिधि वहीं खड़ा है, जहां पिछले चुनाव से ठीक पहले उसका प्रतिद्वंदी खड़ा था। भाव सीधा व स्पष्ट है कि बारी-बारी का खेल खत्म कर बार-बार तभी संभव है, यदि माननीय उपरोक्त सच्चाई से मुंह न फेरें। जन प्रतिनिधियों को जनकल्याण के कामों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

*- मोहन साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### मेरे जूनियर



भोपाल के दैविक बाघेला की हर तरफ चर्चा है। हाल ही में प्रसिद्ध अभिनेता अभिषेक बच्चन जी के साथ उनकी फिल्म कालीधर लापता रिलीज़ हुई है और ध्यान खींच रही है। दैविक मॉडल स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। इसलिए दैविक मेरे जूनियर हुए।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री**


### आत्मनिर्भर भारत



भारत का पैसा भारत के कारीगरों के हाथों में जाए, युवाओं के हाथों में जाए, भारत के ही हस्तशिल्पियों के हाथों में जाए। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करेगा।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी**

### जीएसटी वसूली



जनता पूछ रही है भाजपा सरकार ने पिछले 8 सालों में जो वसूली जीएसटी के नाम पर की है। वो कुल राशि यूपी भाजपा सरकार के महाकुंभ मॉडल की तरह पुलिस द्वारा 'घर' पर 'कैश' पहुंचाई जाएगी या बीमे के प्रीमियम में एडजस्ट की जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

### साहस और प्रेरणा




तन्वी द ग्रेट सिनेमाघरों में वापस आ गई है। दूसरा मौका मायने रखता है, क्योंकि ये हमें साहस, आशा और प्रेरणा को फिर से जीने का मौका देता है। तन्वी द ग्रेट की वापसी का अनुभव करें।

**- अनुपम खेर, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# भारत ने यूएनजीए में किया ग्लोबल साउथ का समर्थन



भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें वर्षगांठ सत्र के तहत आयोजित एक उच्च-स्तरीय संवाद में अत्यधिक गर्मी से निपटने के लिए अपने राष्ट्रीय प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिसमें 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक डिजिटल उपकरणों का उपयोग और कम लागत वाले शीतलन समाधानों को बढ़ावा देना शामिल है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने सोमवार को प्रारंभिक चेतावनी और अत्यधिक गर्मी पर उच्च-स्तरीय समाधान संवाद में भाग लिया। विदेश मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जॉर्ज ने सत्र को संबोधित करते हुए बढ़ते वैश्विक तापमान से उत्पन्न पर्यावरणीय आपदाओं से निपटने में 'ग्लोबल साउथ' का समर्थन करने के लिए भागीदारों के साथ काम करने की भारत की तत्परता को रेखांकित किया। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने गर्मी से निपटने के लिए भारत के राष्ट्रीय प्रयासों 'हीट एक्शन प्लान', अंतिम छोर तक अलर्ट के लिए डिजिटल उपकरणों एवं अत्यधिक गर्मी से निपटने के वास्ते कम लागत वाले शीतलन समाधानों के उपयोग' पर प्रकाश डाला।

## ऑफ बीट

# ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा दर्द से परेशान



आमतौर पर चोट या बीमारी के बाद अधिकांश बच्चे दर्द से उबर जाते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में हर पांच में से एक बच्चा, लगभग 8,77,000 को तीन महीने से अधिक समय तक लगातार इस पीड़ा से गुजरना पड़ता है। चिकित्सक इस स्थिति को पुराना या लगातार रहने वाला दर्द कहते हैं। बच्चों में यह दर्द सिरदर्द, पेट दर्द या गठिया जैसी बीमारियों के कारण हो सकता है। हालांकि, कई मामलों में दर्द का कोई स्पष्ट कारण नहीं होता।'क्रॉनिक' दर्द पर ऑस्ट्रेलिया द्वारा कराये गए एक नये अध्ययन में, 229 बच्चों, युवाओं और उनके परिवारों से इस दर्द से जुड़े उनके अनुभवों के बारे में जानकारी जुटाई गई। परिवारों ने बताया कि यह दर्द खेलकूद, पढ़ाई, दोस्ती और माता-पिता के काम करने की क्षमता तक को प्रभावित करता है, लेकिन यह समस्या अक्सर दिखाई नहीं देती। वर्ष 2025 की 'नेशनल किड्स इन पेन रिपोर्ट' में एक कठोर तस्वीर पेश की गई है: दर्द स्कूली शिक्षा को बाधित करता है, मित्रता को खत्म करता है, पारिवारिक जीवन को बदल देता है, तथा राष्ट्रीय उत्पादकता पर भारी दबाव डालता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### 11 हजार 476 करोड़ की लागत से चचाई में बनेगा 660 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट

# देर आये-दुरूस्त आये....अंततः मांग हुई पूरी

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कैबिनेट मे अहम प्रस्ताव पास पूर्व मंत्री बिसाहूलाल ने 2018 मे की थी मांग, 7 साल बाद मिली मंजूरी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को वंदे मातरम गायन के साथ कैबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास हुए लेकिन सबसे अहम प्रस्ताव में अनूपपुर जिले के चचाई व बैतूल के सारणी में 24,000 करोड़ रुपये की लागत से 1320 मेगावाट (प्रत्येक 660 मेगावाट) की दो नई सुपर क्रिटिकल कोल आधरित थर्मल पावर प्लांट की मंजूरी दी गई। ये परियोजनाएं राज्य की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करते और भविष्य में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की जा रही हैं, जिन्हें मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत मीटिंग में मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की पूंजीगत योजना 500 मेगावाट अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की पुनरीक्षित लागत रुपए 11,476.31 करोड (ईपीसी सहित) का अनुमोदन किया गया।



#### चचाई की पुनरीक्षित लागत का अनुमोदन

मंत्रि-परिषद द्वारा म.प्र. पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की 660 मेगावाट की अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई की पुनरीक्षित लागत 11 हजार 476 करोड़ 31 लाख रूपये का अनुमोदन प्रदान किया गया है। परियोजना का वित्त पोषण 20:80 अंशपूँजी एवं ऋण के अनुपात में किया जायेगा। राज्य शासन द्वारा 20 प्रतिशत अंशपूँजी में से 699 करोड़ 90 लाख रुपये की राशि प्रदान की जायेगी और शेष राशि की व्यवस्था मप्र पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड दवारा स्वयं के स्त्रोत से की जायेगी। राज्य शासन दवारा वित्तीय वर्ष 2025-26 तक प्रदान/आवंटित की गई 365 करोड़ रुपये की राशि के अतिरिक्त शेष राज्यांश वित्तीय वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक की अवधि में 66 करोड़ 98 लाख रुपये विभागीय बजट के माध्यम से प्रत्येक वर्ष म.प्र. पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड को उपलब्ध कराई जायेगी।

#### विधायक बिसाहूलाल सिंह ने रखी थी नींव

कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व व उपेक्षा से क्षुब्ध होकर तत्कालीन अनूपपुर विधायक बिसाहूलाल सिंह भाजपा मे शामिल होने के दौरान कुछ शर्तें रखी थी जिसमे से एक अमरकंटक ताप विद्युत केंद्र चचाई में 660 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने की भी प्रमुख शर्त थी। सत्ता परिवर्तन के मचे खलबली के दौरान 2018 में हुये उपचुनाव मे चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अनूपपुर जिले के दौरे पर आए थे तब बिसाहू लाल सिंह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों की मांग थी। इस दौरान श्री चौहान ने अमरकंटक ताप विद्युत केंद्र चचाई में 660 मेगावाट का पावर प्लांट की बात कही थी। जिसके वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कैबिनेट ने राशि स्वीकृति प्रदान कर कार्य शुरू करने स्वीकृति प्रदान की है। तब श्री सिंह के अनूपपुर विधानसभा से चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने विशेष प्राथमिकता देते हुए मंत्रिमंडल में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री के पद से नवाजा था।

## आठ साल की लूट पर उत्सव नहीं जवाब मांग रही जनताः नकुलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन हुआ। विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर पहुंचे श्री नाथ का कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व आमजन ने पुष्प गुच्छ व पुष्पहार से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कमलनाथ व नकुलनाथ जिंदाबाद के नारों से हवाई पट्टी गूंज उठी। हवाई पट्टी पर उपस्थित मीडिया के साथियों ने जीएसटी कम कर भाजपा के द्वारा उत्सव मनाए जाने के प्रश्न के प्रत्युत्तर में नकुलनाथ जी ने कहा कि लगातार 8 वर्षों तक जीएसटी के नाम पर हिन्दुस्तान की जनता से प्रत्येक सामग्री की खरीदी पर अतिरिक्त राशि वसूलने वाली भाजपा ने जनता के बढ़ते आक्रोश और कांग्रेस के सतत विरोध के उपरांत जीएसटी में कटौती की है, यह भाजपा की भूल सुधार है जिस पर उन्हें जनता से खुले दिल से माफी मांगनी चाहिए। जनता पर 28 प्रतिशत जीएसटी थोपने वाली भाजपा इसमें कमी कर उत्सव का नाम दे रही है।

# मां शारदा के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

## यूपी से पैदल और दंडवत यात्रा कर रहे हैं श्रद्धालु

सतना।

प्रसिद्ध शक्तिपीठ मैहर,इन दिनों भक्तों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मां शारदा देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल भी मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। इनमें से कई भक्त उत्तर प्रदेश के चित्रकूट,कर्वी और आसपास के अन्य इलाकों से पैदल ही अपनी यात्रा पर निकले हैं।उनकी यह यात्रा केवल दूरी तय करना नहीं है,बल्कि यह उनकी अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। सैकड़ों की संख्या में लोग छोटे-छोटे समूहों में पैदल चलकर मैहर की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें से कुछ श्रद्धालु 5-5 या 10-10 के जत्थों में सतना से होते हुए मैहर पहुंच रहे हैं। लेकिन जो बात सबसे ज्यादा ध्यान खींच रही है,वह है दंडवत परिक्रमा करते हुए जा रहे भक्तों की संख्या। ये भक्त



लेटकर,उठकर और फिर लेटकर अपनी परिक्रमा पूरी कर रहे हैं,जो उनकी घोर तपस्या और समर्पण को दर्शाता है। यह दंडवत यात्रा केवल शारीरिक चुनौती नहीं है,बल्कि यह मां शारदा के प्रति उनके गहरे प्रेम और भक्ति का प्रमाण है। मैहर में केवल पैदल चलने वाले ही नहीं,बल्कि विभिन्न वाहनों से आने वाले भक्तों की भी भारी भीड़ देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है,जिससे मैहर का मुख्य प्रवेश द्वार और आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से भक्तिमय माहौल में डूब गए हैं। गाड़ियों,बसों और अन्य निजी वाहनों की लंबी कतारें बताती हैं कि मां शारदा के प्रति भक्तों की आस्था कितनी गहरी है। नवरात्रि के अलावा भी,मैहर में साल भर भक्तों का तांता लगा रहता है,लेकिन इन दिनों श्रद्धालुओं की संख्या में हुई वृद्धि ने एक विशेष उत्साह भर दिया है।स्थानीय प्रशासन ने भी भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं,ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मां शारदा के दर्शन कर सकें। यह दृश्य बताता है कि भले ही समय बदल गया हो,लेकिन लोगों की आस्था और विश्वास आज भी उतना ही मजबूत है। मां शारदा के प्रति उनकी भक्ति ही उन्हें इतनी लंबी और कठिन यात्रा करने के लिए प्रेरित करती है।

## धड़ल्ले से हो रही मवेशियों की तस्करी

**मैहर।** शहर में मवेशियों की अवैध तस्करी का मामला फिर से सुर्खियों में है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह मवेशियों,खासकर भैंसों को जबरन ठूंस-ठूंसकर वाहन में लादा जा रहा है। वीडियो देखने वालों का कहना है कि यह दृश्य इंसानियत को शर्मसार करता है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। सूत्रों के अनुसार, यह मवेशी स्थानीय स्तर से इकट्ठा कर अवैध तरीके से बाहर भेजे जाते हैं,जहां उनका अवैध वध होता है। कई वर्षों से चल रहे इस धंधे में स्थानीय प्रभावशाली लोग भी शामिल बताए जा रहे हैं। मामले में एक निवासी कटिया तिघरा का बताया जा रहा है यह लंबे समय से मवेशियों की अवैध तस्करी कर रहा है। ग्रामीणों और शहरवासियों का कहना है कि यदि पुलिस विभाग और प्रशासन चाह ले तो इस अवैध धंधे पर तुरंत रोक लगाई जा सकती है।

# जिला जेल की सुरक्षा में सेंध हत्या का आरोपी हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला जेल में मंगलवार को रायसेन का एक विचाराधीन कैदी जिस पर हत्या का आरोप है उसने जेल की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया है। जिला जेल में बंद आसिफ नाम का यह कैदी जेल की दीवार को फांदकर बाहर निकल आया। पास के मोहल ले में ही लोगों ने उसे चोर समझकर पकड़ लिया। भीड़ जमा होने पर चोर समझकर उसकी पिटाई भी की। घर की बाउंड्रीवॉल से जब वह मोहम्मद अफराज खान के घर में कूदा तो परिवार को लगा कि यह कोई चोर है परिवार वालों ने पकड़कर उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। तभी आसिफ ने खुलासा करते हुए बताया कि जिला जेल छिंदवाड़ा में भर्ती वह हत्या का आरोपी है और वह रायसेन जिले के बरेली का रहने वाला है। जेल व्यवस्था की सुरक्षा दिनदहाड़े एक हत्या के कैदी का भागना जेल की व्यवस्था में गंभीर



सवाल खड़े कर रही है। जेल की सुरक्षा व्यवस्था में कमी है आज की इस घटना से साबित हो रहा है कि यह तो अच्छा ही हुआ कि यह कैदी पकड़ में आ गया अन्यथा कोई बड़ी घटना हो सकती थी। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। जिला जेल इस समय काफी चर्चा में चल रहा है। अभी हाल ही में दो कैदियों की बीमारी से मौत हो गई थी। जिसकी जांच अभी तक जारी है। जेल अधीक्षक प्रतीक जैन का कहना है कि जेल की दीवारों को ऊंचा और सुरक्षित बनाने के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है। छिंदवाड़ा की जेल की दीवारे काफी पुरानी और अपेक्षाकृत नीची है जिसका फायदा उठाकर अपराधी भागने में सफल हो गया। अब यह तो जांच का विषय है कि जिम्मेदारों पर क्या कार्यवाही की जाती है परंतु हत्या के आरोपी का जेल से भागना और जनमानस के बीच में पहुंच जाना एक नए अपराध का जन्म हो सकता था। परंतु मोहल्ले वालों की सतर्कता पुनः पुलिस के हवाले किया गया।

## अब मानादेई में कुत्तों ने बच्ची को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कुत्तो के आतंक का सिलसिला अब नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैलता जा रहा है कल जिला मुख्यालय की समीपी ग्राम पंचायत मानादेई में एक 09 वर्षीय बालिका परी उर्फ माही सिंधिया को कुत्तों ने गंभीर से घायल कर दिया माही जब घर के सामने ही आंगन में खेल रही





थी तो कुत्ते ने आकर उसके पैर को अपने मुंह में जकड़ लिया डर के मारे माही चिल्लाती रही और कुत्ते से बचने का प्रयास करती रही आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह माही को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया तब तक माही के पैर एवं घुटनों में गंभीर जख्म हो चुके थे और तो और बचने के सिलसिले में माही गिर गई और कुत्ता उसे घसीटता रहा इस दौरान माही के पेट और पीठ में भी चोटे आई है। कुत्तों के द्वारा मासूम बच्चों को शिकार बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा आखिर कब जाकर जिला प्रशासन इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास करेगा।

## द्वारिका वेयर हाउस में चल रहा था नकली खाद बनाने का गोरखधंधा

### 57 बोरी नकली डीएपी एवं 57 बोरी कच्चा माल, एक हजार खाली बोरी जप्त

**छतरपुर।** रबी फसल का मौसम आते ही जिले में नकली खाद बनाने और काला बाजारी करने का सिलसिला तेजी से चल रहा है। लेकिन कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने नकली खाद बनाने और कालाबाजारी करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। लगातार तीन दिनों से हो रही कार्यवाही को देखते हुये यह स्पष्ट है कि छतरपुर जिला नकली खाद बनाने का गd बन चुका है। सोमवार की शाम को एसडीएम अखिल राठौर, कृषिउपसंचालक डॉ. रवीश कुमार सिंह और थाना ओरछा रोड पुलिस ने खौंप के द्वारिका वेयर हाउस में छापामार कार्यवाही की, तो वहां खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर वेयर हाउस के अंदर नकली खाद बनाने का कारोबार चल रहा था। एसडीएम ने मौके से 57 बोरी नकली डीएपी और 57 बोरी कच्चा माल तथा एक हजार खाली बोरियां जो विभिन्न कंपनियों के नाम की छपी हुईं थी, जप्त की गई और मौके से बोरी पैकिंग की मशीन भी पाई गई जिसे जप्त किया गया है। खाद व कच्चा माल मण्डी के डबल लॉक में रखवा दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि वेयर हाउस को सील कर दिया गया और वेयर हाउस संचालक आदित्य पिता रामनारायण पाठक के विरूद्ध थाना ओरछा रोड में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पूरे मामले की जांच कृषि विभाग के अधिकारी कर रहे हैं। थाना ओरछा रोड के अंतर्गत ही रात को ढिलापुर मार्ग पर एक पिकअप क्र. यूपी 95 एटी 3990 को पकडा गया, जिसमें नकली खाद भरी हुई थी। इस मामले में ड्राइवर से पूंछतांछ की गई लेकिन ड्राइवर ने पूंछतांछ के दौरान सही जानकारी नहीं बताई वह पुलिस को पूंछतांछ के दौरान गुमराह करता रहा। बाद में कृषि विस्तार अधिकारी शारदा प्रसाद कारपेंटर की रिपोर्ट पर थाना ओरछा रोड में सचिन सिंह सेंगर पिता राजेन्द्र सिंह सेंगर, विक्रम सिंह सेंगर पिता देवसिंह सेंगर निवासी गौर थाना गढीमलहरा के विरूद्ध मामला धारा- 3 एवं 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत दर्ज किया गया और पिकअप जप्त की गई पिकअप में 58 बोरी डीएपी भरी हुई थी।

## बीएसएफ जवान के परिवार पर हमला, गर्भपात कराने का आरोप

सतना।

जैतवारा थाना क्षेत्र के ग्राम संग्राम टोला में एक बीएसएफ हेड कॉन्स्टेबल के परिवार पर हमले का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पीड़ित ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। ज्ञानेन्द्र ने आरोप लगाया है कि 12 जून को संतोष सिंह,अरुण प्रताप सिंह,उपेन्द्र सिंह और अभिषेक सिंह सहित कुछ अन्य लोगों ने उनके परिवार पर हमला किया। पीड़ित के अनुसार,हमलावरों ने उनकी भाभी नीलम सिंह को जबरन जहर खिला दिया,जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। इसके अलावा,उन्होंने ज्ञानेन्द्र की दो माह की गर्भवती पत्नी सुधा सिंह की भी पिटाई की,जिसके कारण उनका गर्भपात हो गया। सतना जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी इस बात की पुष्टि की है।ज्ञानेन्द्र ने जैतवारा थाना पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस ने मामले को हल्की धाराओं में दर्ज किया और एमएलसी रिपोर्ट भी नहीं लगाई। पीड़ित ने एसपी से मामले की दोबारा जांच करने और आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास और गर्भपात जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# कुख्यात भूमाफिया पर कसा प्रशासन का शिकंजा

**कारण बताओ नोटिस जारी**

जिला प्रशासन ने आखिरकार उस कुख्यात भू-माफिया पर बड़ा वार किया है, जिसका नाम वर्षों से आदिवासी जमीन हड़पने और फर्जी रजिस्ट्री कराने में सामने आता रहा है।

शहडोल।

जिले के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 12 सितंबर 2025 को जारी कारण बताओ नोटिस में साफ शब्दों में लिखा है कि राजेश कुमार मिश्रा ने भू-राजस्व संहिता और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं का खुला उल्लंघन करते हुए आदिवासी वर्ग की जमीनें हड़पीं, फर्जी नामांतरण कराए और करोड़ों का अवैध कारोबार खड़ा कर लिया। अब उन पर सेवा प्रदाता पंजीयन और लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है।

#### नोटिस ने खोली राजस्व नेटवर्क की पोल

कलेक्टर कार्यालय से जारी नोटिस ने जिले में चल रहे भूमाफिया-राजस्व गठजोड़ की परतें उधेड़ दी हैं। यह नोटिस सीधे-सीधे मिश्रा को थमाते हुए बताता है कि उन्होंने अनुसूचित जनजाति की जमीनें खरीदकर और नामांतरण कराकर नियमों का खुला उल्लंघन किया। न सिर्फ सरकारी और आदिवासी जमीनें हड़पी गईं, बल्कि उन पर कॉलोनियां और भवन खड़े कर गैरकानूनी रियल एस्टेट कारोबार किया गया।

#### पुराने रिकार्ड बने सबूत

नोटिस में दर्ज तथ्यों के अनुसार 1968 और 1991 के नामांतरण रिकार्ड से यह साफ हुआ कि मिश्रा के नाम पर विवादित जमीनें दर्ज की गईं। जांच में पाया गया कि उन्होंने मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) का उल्लंघन कर अनुसूचित जनजाति की भूमि पर कब्जा किया। यही नहीं, वर्तमान अभिलेखों में भी विवादित जमीनें उनके नाम दर्ज हैं। प्रशासन ने चेताया है कि यह केवल नियमों का उल्लंघन नहीं बल्कि दंडनीय अपराध है।

#### पूरा परिवार बना 'जमीन कारोबारी'

सूत्र बताते हैं कि मिश्रा अकेले नहीं, बल्कि पूरा परिवार इस खेल में संलिप्त है। उनके भाई और रिश्तेदार भी जमीन कारोबार में लगे हुए हैं। वकीलों और ऑनलाइन रजिस्ट्री वेंडरों से लेकर तहसील, पटवारी और एसडीएम कार्यालय तक एक संगठित नेटवर्क खड़ा किया गया। इस नेटवर्क की मदद से शहडोल जिले में जमीनों का 'होलसेल कारोबार' चला—करोड़ों की जमीनें खरीदी-बेची गईं। यहां तक कि पुराने एयरप्लेन शेड्यूल की जमीनों पर भी



कब्जा कर लिया गया।

#### कानूनी धाराओं का शिकंजा

जारी नोटिस में कहा गया है कि मिश्रा का यह कृत्य न केवल भू-राजस्व संहिता 1959 का उल्लंघन है, बल्कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं के अंतर्गत भी गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। नोटिस में दो सीधे सवाल पूछे गए हैं, जिसमें उल्लेख है कि क्यों न आपके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए? क्यों न आपकी सेवा प्रदाता पंजीयन/लाइसेंस को तत्काल निरस्त किया जाए? यह सवाल सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रशासन की ओर से कठोरतम कार्रवाई का संकेत हैं। यदि इन धाराओं में प्रकरण दर्ज होता है तो श्री मिश्रा न केवल लाइसेंस से हाथ धो बैठेंगे, बल्कि जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है।

#### ...तो सबसे बड़ा भू-माफिया

स्थानीय लोगों का कहना है कि श्री मिश्रा वर्षों से जिले के सबसे बड़े भू-माफिया के रूप में जाने जाते हैं। उनके खिलाफ दर्जनों शिकायतें हुईं, लेकिन हर बार उनका नेटवर्क और दबदबा मामलों को दबा देता। लोग शिकायत करने से भी डरते थे, क्योंकि नामांतरण से लेकर रजिस्ट्री तक हर प्रक्रिया उनके पक्ष में सेटिंग से पूरी कराई जाती थी। आदिवासी वर्ग की जमीनें एक के बाद एक उनके नाम दर्ज होती गईं और गरीबों की पुश्तैनी संपत्ति कुछ ही सालों में कागजों से गायब हो गई।

#### भूमाफियाओं में खलबली

राजेश कुमार मिश्रा पर कार्रवाई ने जिलेभर के अन्य भू-माफियाओं में भी खलबली मचा दी है। लंबे समय से जमीनों को लूट-खसोट कर कागजों पर कब्जा करने का सिलसिला चला आ रहा था। अब प्रशासन की इस सख्ती ने संकेत दिया है कि नियमों से खिलवाड़ करने वाले किसी को नहीं बख्शा जाएगा। जनता चाहती है कि केवल नोटिस पर ही कार्रवाई खत्म न हो, बल्कि ठोस नजीर पेश की जाए। जिन अफसरों और कर्मचारियों की मिलीभगत से यह गोरखधंधा फला-फूला, उन्हें भी कठघरे में खड़ा किया जाए। करोड़ों की जमीनें हड़पकर अवैध प्लॉटिंग करने वालों को सजा मिले, तभी जनता का भरोसा प्रशासन पर कायम होगा।

#### सनसनी और उम्मीद

इस बार जब कलेक्टर ने सीधे मोर्चा खोला, तो जिले भर में सनसनी फैल गई है। श्री मिश्रा के खिलाफ जारी नोटिस ने उनके नेटवर्क की जड़ें हिला दी हैं। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार मामला दबाया नहीं जाएगा। जनता खुलकर इस कार्रवाई का समर्थन कर रही है और यह मांग जोर पकड़ रही है कि मिश्रा समेत पूरे नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई हो।

#### ज्यादा दिन नहीं चलेगा भू-माफिया का खेल

शहडोल में आदिवासी जमीनों की लूट केवल एक व्यक्ति की करतूत नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का आईना है। मगर इस बार जिला प्रशासन का कदम उम्मीद जगा रहा है। कारण बताओ नोटिस ने साबित कर दिया है कि भू-माफियाओं का खेल अब ज्यादा दिन नहीं चलेगा। यदि इस बार प्रशासन ने सख्ती बरकरार रखी तो शहडोल में न केवल श्री मिश्रा का साम्राज्य ढहेगा बल्कि अन्य भू-माफियाओं के हौसले भी पस्त होंगे। जनता यही चाहती है कि अवैध कब्जाधारियों को सख्त सजा मिले और आदिवासी जमीनें वापस अपने हकदारों तक पहुंचें।

## जंगली सुअर का शिकार करने वाले अपराधियों को वन विभाग ने गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द किया

**सिवनी।** म.प्र. राज्य वन विकास निगम बरघाट परियोजना मण्डल सिवनी, के परियोजना परिक्षेत्र पांडिया छपारा एच.एल. दाहिया, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी पांडिया छपारा को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधिनस्थ वन अमले जांच हेतु मौका स्थल पर पहुंचे पिपरिया बीट के ग्राम होलूटोला के राजस्व क्षेत्र में 04 आरोपियों द्वारा जी.आई. तार से करेंट लगाकर जंगली सुअर का शिकार किया गया था, मौके पर आरोपियों के निशानदेही जी.आई. तार, कुल्हाड़ी 1 नग. लकड़ी के 2 तुकड़े जिसमें मांस काटा गया, जप्त कर चारो आरोपी 1 झाडूसिंह वल्द संपत सिंह, जाति गौंड, ग्राम होलूटोला 2 जयसिंह वल्द दयाल सिंह गौंड, उम्र 35 वर्ष, 3 रामेश्वर वल्द वीरनलाल जाति मरार, साकिन खुरसुरा, 4 गोविन्द वल्द केशरी चंद जाति बागरी उम्र 50 वर्ष साकिन परासपानी, को गिरफ्तार कर वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 एवं संशोधित वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 2022 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों को दिनांक 22.09.2025 को न्यायालय के सुपुर्द किया गया।

# आस्था की लौ में भक्ति की ज्योत

# शारदेय नवरात्र पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़




**जबलपुर।** शारदेय नवरात्र की आज बुधवार को तृतीया तिथि है। शक्ति की भक्ति के महापर्व नवरात्र पर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। सुबह होते ही मां भगवती को जल ढारने भक्तजनों की मंदिरों में लंबी कतार देखी जा रही है। शहर के दुर्गा मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा के बीच भक्त जन मां की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। शहर के अनेक स्थानों पर बैठकी से ही जगत जननी की मनोहारी प्रतिमाओं की स्थापना कर ली गई है। जहां मनोहारी विद्युत छटा के बीच धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। शारदेय नवरात्र पर्व पर संस्कारधानी धर्मधानी के रुप में नजर आ रही है। नौ दिनों तक भगवती का व्रत रखने वाले साधक पूजन पाठ में तल्लीन है। पंचमी से अधिकांश क्षेत्रों में प्रतिमाओं की स्थापना के बाद माता के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जन सैलाब सड़कों पर दिखाई देने लगेगा।

## आज होगा मां चंद्रघंटा का पूजन

ज्योतिषाचार्य पं. पीएल गौतामाचार्य के अनुसार मां दुर्गा का तीसरा स्वरुप चंद्रघंटा है। इनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसलिए इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। नवरात्रि में तीसरे दिन इनका पूजन अर्चन किया जाता है। इनके पूजन से साधक में मणिपुर चक्र के जागृत होने वाली सिद्धियां प्राप्त हो जाती है तथा सांसरिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## जल ढ़ारने लगी लंबी कता

लगभग आठ सौ वर्ष पुरानी जबलपुर की ग्राम देवी के नाम से प्रसिद्ध तथा आदिवासी समुंदाय की कुलदेवी बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में सुबह 4 बजे से ही भक्तजनों की जल ढ़ारने के लिए लाइन लग जाती है। यहां मंदिर परिसर में 09 दिवसीय मेला भी लगा है। मां भगवती का नित्य मनोहारी श्रृंगार, महाआरती के अलावा विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं।


तिलवारा घाट में विराजमान मां दुर्गा

# राजा बनते-बनते वनवासी हो गए राम

## भगवान की वनवासी छवि से विहल हुए श्रद्धालु

जबलपुर।

राजकाज सकल संभारिहें भरत बंधु-असुर संहारिवे को मैं तो वन जाऊंगो, करिके सहाय दुखी-दीनन की फेरि आय-मातु तेरे पायन पे शीष को झुंकाउंगो.. ये कहते हुए श्रीराम ने जैसे ही माता कैकेई से वन जाने की आज्ञा मांगी, श्रोता द्रवित हो गए। वनगमन की करुणामयी मानव लीला का प्रसंग गोविंदगंज रामलीला के पात्रों ने सजीव कर दिया। वन गमन की लीला देखते-देखते श्रद्धालु दर्शकों की आंखे छलछला आइं।

### संवाद अदायगी ने मन मोहा

रामलीला में आज कैकेई-मंथरा, दशरथ-सुमंत, राम-लक्ष्मण-जानकी आदि के संवादों की असीमित उच्चता देखी गई। एक-एक भाव और एक-एक संवाद साहित्य-लालित्य से परिणूर्ण था। आज दशरथ के रूप में राकेश पाठक, कैकेई के रूप में दीपक पांडे, राम के रूप में ओम दुबे, लक्ष्मण के रूप में मानस पाठक, सीता के रूप में विहान जोशी गुरुवर के रूप में सीताराम शास्त्री आदि ने अपने संवाद से समां बांध दिया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि आज रामलीला में एक और मार्मिक प्रसंग केवट प्रसंग की लीला होगी। श्री तिवारी ने श्रोताओं से उपस्थिति की अपील की है।



# सेठ मन्नुलाल हॉस्पिटल ने मनेरी में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**जबलपुर।** सेठ मनुलाल जगन्नाथदास हॉस्पिटल ट्रस्ट के तत्वावधान में मंगलवार को स्टोन पाइप लिमिटेड, मनेरी परिसर में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और समाज के जरूरतमंद वर्ग को लाभ पहुँचाना था।

शिविर में प्रमुख चिकित्सकों डॉ. के. सी. दैवानी, डॉ. सुलेखा दैवानी, डॉ. प्रदीप शुक्ला, डॉ. आशीष पटेल तथा डॉ. डी. के. तिवारी ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। चिकित्सकों की टीम ने महिलाओं, पुरुषों एवं वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक रोग निदान कर दवाइयाँ वितरित कीं।



इस अवसर पर सामान्य रोग, महिला रोग एवं प्राथमिक उपचार संबंधी परामर्श दिए गए। ज़रूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क वितरित की गईं, जिससे शिविर का लाभ वास्तविक रूप से समाज के कमजोर वर्गों तक पहुँचा। शिविर के दौरान अस्पताल ट्रस्ट की ट्रस्टी श्रद्धा मालपानी भी उपस्थित रहीं और उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सहयोग प्रदान किया।

# आयुर्वेदिक औषधीय की महत्ता समझाने हुआ जागरूकता कार्यक्रम

जबलपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत भारत सरकार, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) जबलपुर के अपर निदेशक डॉ एके सुधांशु मुख्यअतिथि में डिस्पेंसरी न 3 प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ एस रंजन की अध्यक्षता में आयुर्वेदिक डॉ ज्योति सिंह के संयोजन में आयुर्वेदिक औषधियों के सम्बंध में एक सगोष्ठी का आयोजन किया। अतिथियों एवं उपस्थित सभी जनों को औषधीय पौधे भेंट कर स्वागत किया। डॉ ए के सुधांशु अपर निदेशक, डॉ स्नेहानसु रंजन व आयुर्वेदिक डॉ ज्योति सिंह ने विचार प्रकट करते हुए कहा कि

भारत सरकार भी आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न और स्वास्थ्य शिविर संचालित कर रही है। ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक, स्वस्थ जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद के महत्व से जोड़ा जा रहा है। आयुर्वेदिक औषधीय से जन मानस के स्वास्थ्य में अच्छे परिणाम के बारे में विस्तृत प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। वरिष्ठ नागरिक परिषद के संगठन सचिव अनिल शुक्ला ने बताया की अपर निदेशक डॉ ए के सुधांशु के कुशल मार्गदर्शन में इस जन हितैषी अभियान को नगर में संचलित सीजीएचएस की 6 डिस्पेंसरियों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव पखवाड़े में स्वास्थ्य सम्बंधी जागरूकता शिविर आयोजित कर सभी वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श देकर जागरूक किया जा रहा है।



# गहोई गरबा महोत्सव आज

**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के अंतर्गत नारी मंडल एवं नवयुवक मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार गहोई गरबा का भव्य आयोजन बुधवार 24 सितम्बर को शाम 6 बजे से एमजीजी मैरिज पैलेस ग्राउंड प्रांगण, मेट्रो हास्पिटल के सामने, दमोह नाका जबलपुर में आयोजित है। समाज की बहू बेटियों के द्वारा गरबा किया जा रहा है। समाज अध्यक्ष रामगोपाल ददरया, डॉ अरुण सरावगी, अरूण खर्द, सुभाष चंद्र रावत, अरूण रावत, वर्तमान पंच व पूर्व अध्यक्ष शंभुदयाल बड़ेरिया व विजय सुहाने सहित समस्त पंचगण तथा नारी मंडल अध्यक्ष श्रीमति मेघा बड़ोन्या, श्रीमति हर्षना तीतबिलासी तथा नवयुवक मंडल अध्यक्ष अभिषेक बिचपुरिया एवं अभिषेक गेड़ा आदि ने समस्त सामाजिक बंधुओं से सपरिवार गरबा कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

# एमबीबीएस किताबों के हिंदी अनुवाद पर 10 करोड़ खर्च!

**आईपीएपी का आरोप, नीतिगत विफलता और आर्थिक बरबादी**

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने मध्यप्रदेश सरकार की एमबीबीएस किताबों को हिंदी में अनुवादित करने की पहल को नीतिगत विफलता और आर्थिक बर्बादी करार दिया है। इस परियोजना पर 100 मिलियन रुपये (10 करोड़ रुपये) से अधिक खर्च होने के बावजूद, छात्रों और प्रोफेसरों ने इन किताबों को अपनाने में रुचि नहीं दिखाई, जिससे यह पहल पूरी तरह असफल साबित हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईईटी) 2020 के तहत मध्यप्रदेश सरकार ने हिंदी भाषी छात्रों को एमबीबीएस की पढ़ाई में सहायता देने के लिए पाठ्यपुस्तकों का हिंदी अनुवाद शुरू किया। इसके लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति, अनुवाद, प्रूफरीडिंग और प्रकाशन पर भारी निवेश किया गया।खर्च और वर्तमान स्थिति परियोजना पर 100 मिलियन रुपये से अधिक खर्च हुए। मेडिकल कॉलेजों में इन किताबों का उपयोग लगभग शून्य है। छात्र और प्रोफेसर अंग्रेजी माध्यम को प्राथमिकता दे रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा है कि हिन्दी अनुवाद में विफलता के कुछ कारण सामने आए है मेडिकल शब्दावली कुछ शब्दों का हिंदी अनुवाद अस्पष्ट और गलत पाया गया, जिससे किताबें अविश्वसनीय हो गईं। छात्र अंग्रेजी को वैश्विक मेडिकल साहित्य और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए जरूरी मानते हैं। प्रोफेसर अंग्रेजी में पढ़ाने के आदि हैं और हिंदी किताबों को अपनाने के लिए प्रशिक्षण या प्रोत्साहन की कमी है। परियोजना से पहले छात्रों और विशेषज्ञों से पर्याप्त परामर्श नहीं किया गया। किताबें मेडिकल कॉलेजों में धूल खा रही हैं।

# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ने चलाया स्वच्छता जागरूकता अभियान

## नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**जबलपुर।** डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन द्वारा विगत दिवस करमेता क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत बी.एड, एम.एड एवं डी.एल.एड के प्रशिक्षणार्थियों ने घर-घर जाकर समुदाय के लोगों को बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों जैसे चिकनगुनिया, डेंगू, टायफाइड और मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी।

अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को मनोरंजक तरीके से जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से बताया गया कि कैसे बारिश का जमा पानी मच्छरों की उत्पत्ति का कारण बनता है, जिससे इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। महाविद्यालय की संरक्षिका श्रीमती कृष्णा चौबे, डायरेक्टर डॉ. अभिषेक चौबे, प्राचार्य डॉ. भावना सोनेजी एवं शिक्षकगण डॉ. सुधा पासी, डॉ. समता तिवारी, सीमा तिवारी, मालती पण्ड्या, ज्योति चक्रवर्ती, आरती श्रीवास्तव एवं पल्लवी दुबे इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल रहे और प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया।



# श्री दुर्गा हनुमान मंदिर में संकीर्तन प्रभात फेरी के साथ हुआ शारदेय नवरात्रि का भव्य शुभारम्भ

जबलपुर।

श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति (सरस्वती कॉलोनी, चेरीताल) के संयोजकत्व में प्रतिपदा की शुभ तिथि पर आज प्रातःबेला में,श्री चैतन्य महाप्रभु,राधा नाम संकीर्तन मंडल, सनातनी ग्रुप, मानस मण्डल,मानस संकीर्तन मण्डल,नर्मदा सेवा मिशन,श्याम नगर रामायण मण्डल,श्री राम मानस मण्डल धनवंतरी नगर,नर्मदा जनजागरण चेतना मण्डल मण्डल,दुर्गा मंदिर महिला भजन मंडली आदि अनेक संकीर्तन मण्डलों की सहभागिता से श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण से विशाल संकीर्तन यात्रा,प्रभात फेरी निकाली गयी।जो सरस्वती उद्यान,शिवनगर,मेन रोड पंजाब बैंक कॉलोनी,श्री राम मंदिर,नरेश भवन,चेरीताल आदि मार्गों से होते हुये पुनःमंदिर प्रांगण पहुँची जहाँ मातारानी की मंगल महाआरती व महाप्रसाद वितरण उपरांत संकीर्तन यात्रा का समापन हुआ। जहां आध्यात्मिक परिधान में भक्तजन मातृशक्ति बाल वृद्ध उत्साह, उमंग उल्लास पूर्वक सभी जन सुमधुर संकीर्तन के साथ भक्ति रसगंगा थिरक उठे। लगभग 2 कि.मी. लम्बी संकीर्तन यात्रा पूर्ण सुव्यवस्थित और अनुशासित थी। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र नेमा, पं.वासुदेव शास्त्री, पं.मनमोहन दुबे, राजेश शर्मा, संतोष अग्रहरि, देवव्रत सोनी, अनुराग विश्वकर्मा, प्रशांत गुप्ता, नितिन दुबे, आशीष नेमा, श्याम कोष्टा, पवन साहू, सुरेन्द्र पांडे, नवीन नेमा, कीर्ति चौहान, प्रीति गुप्ता, अनिता शर्मा, प्रभा शर्मा, तनिष्क सोनी, सक्षम सोनी, अंशुल सोनी आदि बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं भक्तजन उपस्थित रहे।



# गढ़ा में धूमधाम से निकली श्री राम बारात



**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढा.में भगवान श्रीराम की बरात 21 कलशों, अश्वरोही दल, दुलदुल घोड़ी नृत्य, धमाल, शहनाई, ढोल नगाड़ों, विशाल बैंड की मनमोहक धुनों एवं आतिशबाजी के साथ निकाली गई। बारात आनंदकुंज, छोटी बजरिया, मेजर बीटी तिराहे के सामने से गुलौआ, गौतम गंज, संजीवनी नगर, शाही नाका, पंडा की मढ़यि, कोष्टा मोहल्ला, गढा. बाजार से होते हुए रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। बरात में ब्रह्मा ,विष्णु ,महेश ,गणेश तथा अनेक देवता गण बराती बनकर शामिल हुए। आकर्षक झांकियों के साथ तथा रथ पर विराजमान भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की शोभा देखते ही बन रही थी। जनता ने अपना उत्साह प्रकट करते हुए श्री राम बरात शोभा यात्रा का भव्य स्वागत संकट मोचन मंदिर समिति गुलौआ, भोलाराम खत्री जी,पचमठा मंदिर समिति से पुजारी श्री शर्मा एवं उनकी टीम ,श्रीमति पूजा श्रीराम पटेल पार्षद सजीवनीनगर, लोधी मोहल्ला दुर्गोत्सव समिति, वंदेमातरम दुर्गोत्सव समिति फूलसागर, नीरज दुबे ने जनकपुरी बनाकर बरात का स्वागत किया। इस अवसर पर बरात में समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, वरिष्ठ समाजसेवी राममूर्ति मिश्रा, अध्यक्ष राकेश पाठक, निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री लोकराम कोरी, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी,शरद दुबे कुररिया, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय आदि शामिल थे। आज बुधवार को श्री राम विवाह, राम कलेवा एवं मंथरा कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा।

# धनुष यज्ञ सदर बाजार रामलीला

## रामराज्य अभिषेक अयोध्या में स्वागत लीला का मंचन



**जबलपुर।** राजा दशरथ मंत्रियों के साथ बैठक कर राम को राजा घोषित नगर उत्साहित प्रजाजन खुशियां तभी केकेई,के कक्ष , मंथरा रानी तुम क्यों खुशियां, अपनी बातों में उलझा कर दशरथ राजा दिए दो बार याद यहीं से अयोध्या को नजर लग जाती है सब कुछ पलट जाता है राजा की जगह वनवास की तैयारी होती है प्रजाजान दुखी हो जाते हैं राजा दशरथ अपने कक्ष में रोते हैं 14 वर्ष का वनवास भारत का राजतिलक वहां लक्ष्मण सीता राम के साथ जाने की तैयारी करते हैं विराम आज कीआरती रवि महावर आकाश नायडू प्रवण अवस्थी शिव शंकर मिश्रा विजय ठाकुर प्रकाश सोनी जूनियर नरेश तिवारी संतोष तिवारी आशीष पाठक मोहित अग्निहोत्री कल राम वन गमन लीला का मंचन होगा। सीताराम कुरचानिया मधुर तिवारी अभिषेक चौकसे, संदीप चौकसे, प्रदीप चौकसे, राजकुमार गुप्ता, रामस्वरूप श्रीवास, डीपी कमल, डॉक्टर शंकर पांडे, संजय शुक्ला, दिनेश शुक्ला, राहुल राजक, देवकुरचानिया उपस्थित थे।



# गैलेक्सी हॉस्पिटल में स्क्रब टायफस से जूझती मरीज को मिला नया जीवन

**जबलपुर।** गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, उखरी रोड के चिकित्सकों ने एक बार फिर अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीक और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्क्रब टायफस से पीड़ित एक गंभीर मरीज को नया जीवनदान दिया है। कटनी से आईं उम्रदराज महिला को अत्यंत गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया गया था। उन्हें तेज़ बुखार, सांस लेने में कठिनाई और अनियमित हृदय गति की शिकायत थी। मरीज की हालत को देखते हुए तुरंत उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया। प्रारंभिक जांचों के बाद चिकित्सकों ने पुष्टि की कि मरीज स्क्रब टायफस से ग्रसित हैं यह एक जीवाणु जनित बीमारी है, जो यदि समय रहते इलाज न हो तो जानलेवा साबित हो सकती है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि मरीज को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखना पड़ा। इसके बावजूद, गैलेक्सी हॉस्पिटल की अनुभवी चिकित्सकीय टीम ने आधुनिक तकनीकों और बेहतर समन्वय के बल पर मरीज के इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिन-रात चले इलाज के बाद मरीज की हालत में धीरे-धीरे सुधार आया और अंततः वह पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर लौट सकीं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रांझी जिला जबलपुर**
पत्र क्रमांक/115/री./अ.वि.अ./रांझी/2025
जबलपुर दिनांक 23/09/20026
**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री किशन सिंह चौहान आत्मज स्व. हरवंश सिंह चौहान आयु लगभग 62 वर्ष निवासी म.नं. 1307 डॉ. चक्रवर्ती के पीछे चौहान निवास, चन्द्रशेखर वार्ड जिला जबलपुर के आवेदन पत्र में मौजा रांझी स्थित खसरा नं. 94/72/3 रकवा 0.006 हेक्ट भूमि अपीलार्थी की और से अधिवक्ता उपस्थित होकर यह अपील अनावेदक / उत्तरवादी श्रीमति रेवापाल पत्नि श्री तपन कुमार पाल निवासी म.नं. 2575, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, रांझी जबलपुर के विरूद्ध तहसीलदार रांझी जबलपुर रा.प्र.क्र. 0272/अ-6/2016-17 आदेश दिनांक 23/09/2017 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। अपील आवेदन पत्र म.प्र.भू.रा. सहिता. 1959 की धारा 44 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि अपीलार्थी का नाम समस्त राजस्व रिकार्ड व खसरा पाँचसाला में दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया जावे। अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रॉझी तहसील रॉझी जिला जबलपुर में कक्ष क्रमांक 6 में दिनांक 08/10/2025 को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 23/09/2025 को जारी।
जारी दिनांक - 23/09/2025
पेशी दिनांक-08/10/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**रांझी जबलपुर**